


आईटी मंत्री की चेतावनी : प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड-12



पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा, हर जिले में 2 पंपों पर रहेगी सुविधा-12



ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में-13



लोगों को बात करने दें, मैं अपना हुनर साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं : रहाणे-14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.08
सूर्यास्त 06.32

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 06:56 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 31 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 362, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# आंगनबाड़ी में होंगी 65 हजार भर्तियां स्मार्ट सैलरी से बढ़ेगा मानदेय: योगी

## मुख्यमंत्री ने किया एलान: 69,804 कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन और 18,440 को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आंगनबाड़ी व्यवस्था में बड़े बदलाव करते हुए पांच हजार कार्यकत्रियों और 60 हजार सहायिकाओं की भर्ती समेत मानदेय में बढ़ोतरी का एलान किया। उन्होंने 'स्मार्ट सैलरी' व्यवस्था लागू करने की बात कहते हुए विभाग को जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और 'न पर्ची-न खर्ची' के आधार पर चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी लोकभवन में सोमवार को 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और 18,440 कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने 450 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न बाल विकास एवं महिला कल्याण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाया जा रहा है, तो वहां कार्य करने वाली महिलाओं का मानदेय भी उसी अनुरूप होना चाहिए। न्यूनतम मानदेय की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उन्हें सम्मानजनक पारिश्रमिक मिल सके। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्मार्टफोन वितरण से रियल टाइम डेटा अपलोड होगा और योजनाओं की निगरानी बेहतर होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन से पांच वर्ष के बच्चों की प्री-प्राइमरी शिक्षा भी अब इन्हीं केंद्रों पर संचालित होगी।



लखनऊ :लोक भवन सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

- 450 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, योगी बोले- भर्ती प्रक्रिया में न पर्ची-न खर्ची

### चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों को चाहिए गुंडों की फौज

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए कहा कि जो लोग चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वे गरीब की पीड़ा नहीं समझ सकते। उन्हें समाज को बांटने के लिए पर्व-त्योहारों से पहले दंगा करवाने वाली गुंडों की फौज चाहिए। महिलाओं व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले चाहिए। उनसे काम की उम्मीद करना अपने आप में दिवास्वप्न जैसा है।

### मुख्यमंत्री बोले-पहले पोषाहार पर शराब माफिया का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में पोषाहार वितरण पर शराब माफिया का कब्जा था और वही पूरे सिस्टम को नियंत्रित करता था। राशन की गुणवत्ता खराब होती थी, जिससे कुपोषण बढ़ता था। अब इस तंत्र को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है और योजनाओं में बिचौलियों या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है।

### पहले माफिया संचालित करता था आउटसोर्सिंग

योगी ने कहा कि पहले आउटसोर्सिंग कंपनियां माफिया या नेताओं से जुड़ी होती थीं। वे सरकार से 10-12 हजार रुपये लेकर कर्मचारियों को पांच-छह हजार ही देती थीं और नियुक्ति में भी कमीशन लेती थीं। अब सरकार कॉर्पोरेशन के माध्यम से शोषण-मुक्त व्यवस्था लागू कर सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित करेगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री 'यशोदा मैया'

मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 'यशोदा मैया' बताते हुए कहा कि वे कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा रही हैं। पिछले वर्षों में 1.70 करोड़ से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है और बड़ी संख्या में बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया गया है। प्रदेश में बौनापन की दर भी 48 प्रतिशत से घटकर 37 प्रतिशत तक आ गई है।

# ट्रंप की फिर धमकी, होर्मुज खोलो नहीं तो पावर प्लांट कर देंगे तबाह

वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने शांति समझौते को लेकर रविवार को ईरान को नए सिरे से दी धमकी
- ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की पुष्टि की
- तेहरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी के निकट आग जलती दिखी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को नए सिरे से धमकी देते हुए कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों, तेल के कुओं और खार्ग द्वीप को नेस्तनाबूद कर देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि उनका प्रशासन सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ गंभीर बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि बहुत प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी कारण से जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है, जिसकी आशंका बहुत अधिक है, और अगर होर्मुज तुरंत व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम ईरान में अपनी कार्रवाई का समापन उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खार्ग द्वीप (और संभवतः सभी विलवणीकरण संयंत्रों!) को उड़ाकर और पूरी तरह से नष्ट करके करेंगे।

वहीं, ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की सोमवार को पुष्टि की। इजराइल ने गुरुवार को दावा किया था कि उसने ईरानी नौसेना के रियर एडमिरल तंगसिरी को मार गिराया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक बयान में कहा कि तंगसिरी गंभीर रूप से घायल होने के बाद अल्लाह के पास चले गए। ईरान के हमले में उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में एक तेल रिफाइनरी पर सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल की वीडियो फुटेज में यह आग दिख रही है। वीडियो में एक बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने जल्दी ही बुझा दिया। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आग मिसाइल हमले से लगी थी या किसी मलबे के गिरने से। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं और यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल ने ईरान के साउथ पार्स प्राकृतिक गैस क्षेत्र व पेट्रोकेमिकल स्थलों पर हमले किए हैं।

### ईरान ने अमेरिकी-इजराइली अधिकारियों के आवास को निशाना बनाने की दी चेतावनी

**दुबई।** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के प्रवक्ता ने रविवार को चेतावनी दी कि अब अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के निजी आवास को निशाना बनाया जाएगा। पश्चिम एशिया में एक माह से अधिक समय से जारी युद्ध भयावह होता जा रहा है। यह धमकी इजराइल तथा पश्चिम एशिया में रहने वाले अमेरिका और इजराइल के सैन्य तथा राजनीतिक अधिकारियों को लक्षित है।

### कुवैत में ईरानी हमलों में एक और भारतीय की मौत

**दुबई।** रविवार को कुवैत में एक बिजली और जल अलवणीकरण संयंत्र पर ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही इस युद्ध में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या आठ हो गई है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि की है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह कुवैत में एक जल अलवणीकरण संयंत्र पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नीतीश व नितिन नबीन का विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी और जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय कुमार ने कुमार का इस्तीफा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बांकीपुर सीट से उनका इस्तीफा भाजपा की बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को सौंपा।

### देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, किसान चिंतित न हों : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। नड्डा ने उर्वरक कंपनियों और हरित अमोनिया बनाने वालों के बीच हरित अमोनिया की आपूर्ति से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर कहा, यह ही नहीं, भारत ने कई संकट देखे हैं।

# घुसपैठ चुनावी मुद्दा नहीं, यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का लगाया आरोप
- असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से किया संबोधित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। पहली बार वोट देने वाले और युवा मतदाताओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है और उन्हें आगाह करना चाहिए कि सबसे छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में पार्टी की जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मोदी ने कहा, घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं है। यह असम की पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा का विषय है। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध तरीके से भूमि कब्जाने की अनुमति दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे छोटे व्यवसायों, स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं।

### मोदी बोले- हमने वह दौर देखा जब असम हिंसा में जल रहा था

प्रधानमंत्री ने बताया कि पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए गए हैं और कार्यकर्ताओं को यह याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस सिर्फ कागजों पर समझौते करती थी। कहा, हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा में जल रहा था। लेकिन पिछले दशक में स्थिति बदली है और आज राज्य में नया आत्मविश्वास दिख रहा है। कांग्रेस के शासन में शांति समझौतों को नजरअंदाज किया गया और युवाओं को अशांति की ओर धकेला गया।

# आईबीसी संशोधन विधेयक पारित, सुधरेगी बैंकों की हालत

नयी दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- एनपीए की वसूली में मदद मिली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के कारण देश की बैंकिंग प्रणाली में काफी सुधार हुआ है तथा वाणिज्यिक बैंकों की एनपीए की वसूली में भी मदद मिली है। उन्होंने सदन में 'दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक के माध्यम से आईबीसी में 12 संशोधन प्रस्तावित हैं। विधेयक पर चर्चा में 40 सदस्यों ने भाग लिया। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से इस विधेयक को मंजूरी दी।

वित्त मंत्री ने कहा कि संसद की प्रवर समिति ने विधेयक में कुल 17 बड़ी अनुशंसाएं कीं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया। सरकार ने एक और सिफारिश को इसमें जोड़ा है कि कर्जदाताओं की समिति को आवेदकों को चयन करने के कारणों को दर्ज करना होगा, इससे पारदर्शिता आएगी। आईबीसी संहिता से भारतीय बैंकिंग प्रणाली में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एनपीए की वसूली में इस संहिता की प्रभावी भूमिका रही है। सीतारमण के अनुसार वाणिज्यिक बैंक के एनपीए की कुल वसूली में दिवाला संहिता का 54 प्रतिशत से अधिक का योगदान रहा है।

### ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला ने कहा कि ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते और ना ही उसका रिकॉर्ड रख सकते हैं क्योंकि इससे बैंकिंग नियमों का उल्लंघन होगा। सीतारमण लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य किरसन नामदेव के पूरक प्रश्न उत्तर दे रही थीं। उन्होंने कहा, किसी ग्राहक के लॉकर में रखे कीमती सामान पर नजर रखना बैंकिंग नियमों का उल्लंघन है, और बैंक ऐसा नहीं करेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी नुकसान की स्थिति में लॉकर धारकों के लिए उनके सामान की क्षति या लॉकर टूटने जैसे मामलों में मानक कवरेज लॉकर के सालाना किराये का 100 गुना तय है।

## दो गुटों में फायरिंग के दौरान रिटायर्ड ब्रिगेडियर को लगी गोली, मौत



**देहरादून।** यहां के राजपुर में सोमवार सुबह कानून व्यवस्था को चुनौती देती सनसनीखेज और हृदयविदारक घटना में सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की गोली लगने से मौत हो गई। वे सुबह की सैर पर निकले थे। इस दौरान कार सवार युवकों के दो गुटों में हुई फायरिंग में उन्हें गोली जा लगी। पुलिस ने इस मामले में बार मालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी प्रमोद के अनुसार, सुबह 6:50 बजे जोहड़ी गांव में फायरिंग की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो जांच में सामने आया कि, मसूरी रोड पर मालसी के पास गाड़ी को पास न देने को लेकर दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर कार व उत्तराखंड की स्कॉर्पियो में सवार युवकों के बीच विवाद के बाद फायरिंग हो गई।

# आईजी समेत 27 आईपीएस के तबादले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के कई जिलों में नए कप्तान, लखनऊ कमिश्नरेट के तीन डीसीपी भी स्थानांतरित

**अमृत विचार**: शासन ने सोमवार देर शाम 27 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। चंद्र प्रकाश को प्रशिक्षण निदेशालय से हटाकर सुरक्षा में आईजी बनाया गया है। लखनऊ कमिश्नरेट के पूर्वी जोन के डीसीपी शशांक सिंह को एसपी महोबा, पश्चिम के विश्वजीत श्रीवास्तव को एसपी बहराइच तथा दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल को 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद का सेनानायक बनाया गया है। अमरोहा के एसपी अमित कुमार आनंद को लखनऊ में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी को 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ का सेनानायक, श्याम नारायण सिंह को एसएसपी एटा से एसडीआरएफ लखनऊ का सेनानायक, एसपी महोबा प्रबल प्रताप सिंह को अपराध मुख्यालय डीजीपी कार्यालय, रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, एसपी कौशाम्बी राजेश कुमार द्वितीय को 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ का सेनानायक, एसपी जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार को 6वीं वाहिनी एसएसएफ अयोध्या का सेनानायक, एसपी बहराइच रामनयन सिंह को 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर का सेनानायक बनाया गया है। इसके अलावा एसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित को एसपी शाहजहांपुर, एसपी महाराजगंज सोमेंद्र मीना को एसपी रामपुर, एसपी हमीरपुर डॉ. दीक्षा शर्मा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ नियुक्त किया गया है।

# वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में कोहराम, सेंसेक्स 1,636 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी




- 71,947.55 अंक पर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी 488 अंक टूटकर 22,331.40 पर बंद
- दो कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 18.60 लाख करोड़ रुपये डूबी

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी सत्र में तेज गिरावट आई और सेंसेक्स 1,636 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 488 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल के दाम में तेजी से निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। सेंसेक्स 1,635.67 अंक यानी 2.22% टूटकर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,809.09 अंक तक लुढ़क गया था।

निफ्टी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ। पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी जबर्दस्त गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 18.60 लाख करोड़ रुपये की भारी कमी आई है।

### रुपया 95 प्रति डॉलर के पार जाने के बाद संभला

**मुंबई।** रुपया सोमवार को दिन में कारोबार के दौरान अमेरिका मुद्रा के मुकाबले 95 के स्तर को पार कर गया और अंत में 94.78 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। कारोबार के दौरान रुपये में 165 पैसे का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर खुला और फिर मजबूत होकर एकबार तो 93.57 प्रति डॉलर तक पहुंच गया था।

**जानकारी** | जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार बोले- व्यक्तिगत डेटा किसी योजना का लाभ लेने के लिए नहीं होगा इस्तेमाल

# कई राज्यों में कल से जनगणना, गोपनीय रहेगा डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी




भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सोमवार को लोगों से जनगणना करने वालों को सही जानकारी देने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इसे किसी साक्ष्य या किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत सभी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहती है।

दिल्ली समेत देश के कुछ राज्यों में अप्रैल में 16वीं जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू होने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में जनगणना 16 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, जनगणना के दौरान एकत्र किया गया सभी व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है। इसे सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता, न ही अदालत में साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकता है और न ही किसी सरकारी या निजी संस्था के साथ साझा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय डेटा का उपयोग केवल संकलन के लिए किया जाएगा। जाति को जनगणना में शामिल करने और लोगों द्वारा सही जानकारी नहीं दिए जाने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर महापंजीयक ने कहा कि जाति से संबंधित डेटा दूसरे चरण में एकत्र किया जाएगा और इसके प्रश्न व्यापक चर्चा के बाद तय किए जाएंगे। नारायण ने बताया कि पहली बार स्व-गणना की व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें लोग जनगणना के पहले चरण (हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना) से पहले 15 दिनों की अवधि में डिजिटल रूप से अपनी जानकारी जमा कर सकते हैं। पहले डेटा कागज पर एकत्र किया जाता था, जिससे डिजिटलीकरण में काफी समय लगता था। अब शुरुआत से ही डिजिटल डेटा मिलेगा।

### लिव-इन में रहने वालों की गणना वैवाहिक दंपती के समान मानकर की जा सकती

**नई दिल्ली।** भारत में जनगणना के सिलसिले में स्व-गणना पोर्टल पर दिए गए में कहा गया है कि अगर लिव-इन संबंध में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपति के समान माना जाए। स्व-गणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एचएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा? यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं, तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए। सरकार ने शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं।

न्यूज ब्रीफ

## पूर्व विधायक के भतीजे विजेंद्र हुए सफल, बांटी गई मिठाई



**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के साथलपुर गांव निवासी विजेन्द्र सिंह ने यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार का पद प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विजेन्द्र सिंह पूर्व विधायक हरपाल सिंह के भतीजे हैं। वह भाजपा नेता विपिन सागर के छोटे भाई भी हैं। उनकी सफलता की सूचना जैसे ही गांव पहुंची तो परिवार वालों व समर्थकों में जश्न का माहौल बन गया। परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। परिवार के सदस्यों ने विजेंद्र सिंह की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की। इस दौरान पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि विजेन्द्र सिंह ने अपने दृढ़ संकल्प और परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया है। जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उधर गांव वासियों ने विजेंद्र सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

## आज करा लें लाइसेंस का नवीनीकरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्रीय अभिलेख अनुरक्षण अभिकरण स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन आफ इंडिया के द्वारा जिले में स्टांप विक्रय के ऐसे लाइसेंसधारी जिनके लाइसेंस की वैधता 31 मार्च को समाप्त हो रही है वह अविलंब नवीनीकरण करा लें। अन्यथा उनका कार्य प्रभावित होगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि वर्तमान में 2150 ऐसे स्टांप विक्रेता प्राधिकृत संग्रह केंद्र के रुप में सूचीबद्ध हैं। इनकी नियुक्ति के लिए वैध लाइसेंस होना जरूरी है। ऐसे में जिनके लाइसेंस की वैधता 31 मार्च को समाप्त हो रही है। उनकी वैधता सामान्य नवीनीकरण होने तक या 30 अप्रैल जो भी विस्तारित की जाती है। इस बीच वह अविलंब नवीनीकरण करा लें।

# मुरादाबाद की बेटी दीक्षा की प्रदेश में15 वीं रैंक

## यूपी पीसीएस में चमके मुरादाबाद के पांच सितारे, अफसर बनकर युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी पीसीएस 2024 के घोषित परिणामों में शहर के पांच युवाओं ने सफलता हासिल की है। कटघर स्थित छोटी मंडी निवासी दीक्षा अग्रवाल ने पीसीएस परीक्षा में प्रदेश में 15वीं रैंक हासिल की।

हनुमान नगर की सिमरन मथानिया, दीनदयालनगर के निकुंज गुप्ता और बुद्धि विहार के अक्षत मिश्रा व कांठ के राजन सिंह ने विभिन्न प्रशासनिक पदों पर चयनित होकर यह साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम, धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है।

पांचों की सफलता से उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। इन युवाओं की सफलता अन्य के लिए प्रेरणा है। अभ्यर्थियों का मानना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए निरंतरता, आत्मविश्वास और सही रणनीति बेहद जरूरी है।



परिवार संग खुशी मनाते निकुंज गुप्ता। ● अमृत विचार

### नौकरी के साथ पाई सफलता

दीनदयालनगर निवासी निकुंज गुप्ता का चयन सब रजिस्ट्रार पद पर हुआ है। यह उनका पांचवां प्रयास था, जिसमें उन्होंने सफलता पाई। इससे पहले वह दो बार मेंस और एक बार साक्षात्कार तक पहुंच चुके थे। वर्तमान में वह दिल्ली की एक निजी कंपनी में कंपनी सेक्रेटरी के रूप में कार्यरत हैं। निकुंज ने नौकरी के साथ तैयारी जारी रखी और बताया कि आर्थिक आत्मनिर्भरता से मानसिक दबाव कम होता है। उनके पिता महेश गुप्ता थोक दवा व्यापारी और मां रेनू गुप्ता योग शिक्षिका हैं।



माता- पिता के साथ दीक्षा।



माता-पिता के साथ अक्षत मिश्रा।

### दूसरे प्रयास में सिमरन ने मारा मैदान



हनुमान नगर निवासी सिमरन मथानिया ने अपने दूसरे प्रयास में नायब तहसीलदार पद हासिल कर सफलता प्राप्त की। उनके पिता अशोक कुमार रेलवे में मुख्य लोको इंस्पेक्टर हैं। सिमरन का पहला प्रयास प्रीलिम्स में ही रुक गया था, लेकिन परिवार के सहयोग और अपने मजबूत इरादों से उन्होंने हार नहीं मानी। वर्तमान में वह 2025 पीसीएस मेंस परीक्षा देने के लिए लखनऊ में हैं।

### स्कूल में प्रशासनिक अधिकारी को देखकर दीक्षा अग्रवाल को मिली प्रेरणा

दीक्षा के पिता अवनीश अग्रवाल का डिस्पोजल का व्यवसाय है, जबकि मां सोनल अग्रवाल बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं। दीक्षा को सिविल सेवा में जाने की प्रेरणा स्कूल के वार्षिकोत्सव में एक प्रशासनिक अधिकारी को देखकर मिली। बीटेक के बाद उन्होंने गुड़गांव में नौकरी की, लेकिन एक साल बाद नौकरी छोड़कर पूरी तरह तैयारी में जुट गईं। उन्होंने बिना कोचिंग के स्वयं अध्ययन के बल पर यह सफलता हासिल की।

### पहले प्रयास में सफल, अब आईएएस लक्ष्य

बुद्धि विहार निवासी अक्षत मिश्रा ने पहले ही प्रयास में सेल टैक्स में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयनित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इससे पहले वह यूपीएससी में दो बार मेंस तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा स्प्रिंग फील्ड कॉलेज से और स्नातक दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट कॉलेज से किया। परास्नातक हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद से किया। अक्षत ने पूरी तैयारी सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन माध्यम से की। वह प्रतिदिन छह से आठ घंटे पढ़ाई करते थे। उनका लक्ष्य भविष्य में आईएएस बनना है।

## रामपुर की सहायक अध्यापक नेहा की 183 वीं रैंक



**रामपुर, अमृत विचार :** सिंह कॉलोनी बिलासपुर निवासी नेहा सागर को यूपीपीसीएस परीक्षा में 183वीं रैंक मिली है वह नायब तहसीलदार बनी हैं। फिलहाल वह प्राथमिक विद्यालय प्रथम बिलासपुर में सहायक अध्यापक हैं। उनके पिता का निधन 24 मई 20215 को हो गया था। उनकी पढ़ाई ससुरालियों ने पूरी कराई। उन्होंने राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय से बीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर डायट से बीटीसी की थी। चार बहन भाइयों में नेहा सबसे छोटी हैं। ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर बिलासपुर से 8वीं, 12वीं श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज बिलासपुर, रजा डिग्री कॉलेज से बीएससी कर प्राथमिक विद्यालय प्रथम बिलासपुर में तैनात हो गई। नेहा ने बताया कि वह बचपन से ही प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना देखती थीं। जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे कम आयु में पिता की मौत के बात आघात लगा। लेकिन, मां और बड़े भाई ने हिम्मत बंधाई। शादी के बाद ब्याह कर रोशनबाग रामपुर आ गईं। ससुराल के लोग पढ़ाई में उत्साहवर्धन करते रहे। बताती हैं कि पति आयुष गौतम एनसीआरटीसी में डीजीएम हैं। ससुर ओमप्रकाश हीरा इंटर कॉलेज मिलक से सेवानिवृत्त हैं। सास एक इंटर कॉलेज में प्रवक्ता हैं। जेठ पीएनबी मुरादाबाद में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं। भाई त्रिवेंद्र मोहन ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। भाभी गीता रानी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हैं।

## अंशिका के सफल होने पर जश्न



**सैफनी, अमृत विचार :** लेखपाल की बेटी अंशिका शर्मा ने सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार के पद पर तैनाती पा ली है। 25 वर्षीय अंशिका ने पहले ही प्रयास में सफलता पा ली है। नगर में जश्न का माहौल है। लेखपाल विष्णु शर्मा करीब दो दशक पहले सैफनी से रामपुर शिफ्ट हो गए थे। उनकी बेटी अंशिका जन्म रामपुर में हुआ और वहीं शिक्षा हासिल की। लेकिन उनका जुड़ाव सैफनी से कभी खत्म नहीं हुआ उनका मकान नगर में ही है। अंशिका ने बताया कि वह प्रतिदिन 5 घंटे पढ़ाई करती थीं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया है।

## राहुल का था पहला प्रयास



**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार के ग्राम दलेलनगर निवासी राहुल सैनी ने सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार का पद पा लिया है। राहुल के नायब तहसीलदार बनने की खबर जैसे ही लोगों को पता लगी उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। राहुल ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन 8 घंटे पढ़ाई की और उन्हें प्रथम प्रयास में ही सफलता मिल गई। इसका श्रेय वह अपने गुरुजनों को देते हैं। पीसीएस की तैयारी में जुटे युवाओं को उनका संदेश है कि वह 4 घंटे सुबह और 4 घंटे शाम को नियमित पढ़ाएं उन्हें निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

## वाणिज्य कर अधिकारी बने राजन सिंह



**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के छजलैट ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जेबड़ा निवासी वेद प्रकाश के पुत्र राजन सिंह का पीसीएस में चयन होने पर खुशी रही। उनका चयन वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर हुआ है। उनकी सफलता पर परिजनों एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई दी। उनके मामा एवं श्रीसिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी ने बताया कि राजन बचपन से ही महनती, लगनशील और अनुशासित रहे हैं। वह नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। कहा कि सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से किया गया। परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता और ईश्वर का आशीर्वाद अवश्य मिलता है।

## नवनीत के चयन से महाविद्यालय गौरवान्वित



**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग के शोधछात्र नवनीत तिवारी का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) प्रयागराज द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा 2024 में चयन हो गया है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,फैजाबाद से भूगोल में परास्नातक तथा यूजीसी नेट जेआरएफ उत्तीर्ण नवनीत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ. योगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद में परिवर्तनीय कृषि भू-उपयोग प्रतिरूप विषय पर पीएचडी कर रहे हैं। मूल रूप से अयोध्या जनपद के निवासी नवनीत का चयन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पद पर हुआ है। प्राचार्य ने बताया कि एमजीएम पीजी कॉलेज के इतिहास में नवनीत पहले ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय गौरवान्वित है।

## किसान की बेटी दीपशिखा ने किया गांव और परिजनों का नाम रोशन



**संभल, अमृत विचार :** गांव मोहम्मदपुर भंडा निवासी किसान साहब सिंह खारी की पुत्री दीपशिखा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज की परीक्षा उत्तीर्ण कर वर्क ऑफिसर पद पर चयनित होकर परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। दीपशिखा का चयन सबसे पहले जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ था, जिसके बाद उन्होंने लगातार अपनी पढ़ाई जारी रखी। दीपशिखा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार, चाचा और गुरुजनों को दिया है।

## संस्कृति मंत्रालय में तैनात रोहित कुमार का चयन



**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर निवासी रोहित कुमार ने यूपी पीएससी परीक्षा पास कर ली है। वह खंड विकास अधिकारी बन गए हैं। पिताजी के स्वर्गवास के बाद यह दूसरा अवसर है जब वो किसी बड़े पद पर चयनित हुए हैं। अभी वर्तमान में में संस्कृति मंत्रालय में ग्रुप बी अधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लिय प्रत्यक्ष काम करने का मौका मिलेगा।

# रामगंगा में नहाते समय डूबा युवक

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** रामगंगा में नहाते वक्त युवक की डूब गया। मौके पर गोताखोरों के साथ पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की, लेकिन शाम तक उसका कोई पता नहीं लगा। देर शाम तक रेस्क्यू आपरेशन में गोताखोर जुटे रहे।



मोइस।

कस्बे के मोहल्ला खटपुर निवासी आले हसन का बेटा मोइस उर्फ मोनू (20) अपने तीन दोस्त फिरोज, कमाल और सलमान के साथ सोमवार दोपहर रामगंगा नदी पर नहाने गया था। नहाने के दौरान उसके तीन दोस्त बाहर आ गए, लेकिन मोइस गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। घटना के बाद साथियों ने शोर मचाया और परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर युवक की तलाश शुरू कराई। कई घंटे तक चले सर्च अभियान के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। खबर लिखे जाने तक गोताखोर नदी में युवक की तलाश में जुटे हुए थे। मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार, एसआई रमेश चंद्र सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## तालाब में मिला लापता अनुज का शव

**बिलासपुर, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए बालक अनुज का शव रविवार देर रात घर के पास स्थित एक तालाब से बरामद किया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब मासूम का शव घर पहुंचा, तो परिजनों की चीख-पुकार से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने बालक का अंतिम संस्कार किया गया। नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी कलावती का पुत्र अनुज शुक्रवार शाम खेलने निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो शनिवार रात पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह के नेतृत्व में गठित टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली थी, जिसमें बालक तालाब की ओर जाता दिखाई दिया था। इसी आधार पर रविवार रात तालाब में सर्च ऑपरेशन चलाया गया था, जहां से अनुज का शव बरामद कर लिया गया था। पुलिस प्राथमिक जांच में इसे एक हादसा मान रही है, जबकि परिजनों का सीधा आरोप है कि बालक की हत्या कर शव को तालाब में फेंका गया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है।

## बाइकों की टक्कर में नातिन का रिश्ता तय कर लौट रहे वृद्ध की मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** नातिन का रिश्ता तय कर घर लौट रहे एक वृद्ध की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बदायूं जनपद के बिसौली थाना क्षेत्र के गुलड़िया गांव निवासी बनवारी सिंह (60) अपनी नातिन का रिश्ता तय करने के लिए शाहबाद क्षेत्र के जाहिदपुर गांव आए थे। रिश्ता पक्का करने के बाद वह अपने दामाद भीकम के साथ बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक शाहबाद-आंवला रोड स्थित रुस्तमपुर मोड़ के पास पहुंची, तभी टांडा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बनवारी सिंह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले बाइक सवार युवक को पकड़ लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कटिहार-अमृतसर-कटिहार स्पेशल गाड़ी के बढ़े फेरे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंडल में संचालित कटिहार-अमृतसर-कटिहार विशेष गाड़ी के फेरे तिथिवार बढ़ा दिए गए हैं। यह गाड़ी शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर, रुड़की होते हुए सहारनपुर से होकर अमृतसर तक जाएगी। वापसी में इसी रूट से कटिहार को जाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 05736 संचालन दिवस बुधवार को कटिहार से अमृतसर जाएगी जिसके फेरे में विस्तार किया गया है। इस गाड़ी का एक अप्रैल से 27 मई तक नौ फेरा बढ़ा दिया गया है। वहीं गाड़ी संख्या 05735 अमृतसर-कटिहार अपने संचालन दिवस शुक्रवार में अब 3 अप्रैल से 29 मई तक अतिरिक्त 9 फेरा लगाएगी। जिससे यात्रियों को सहूलियत होगी। गाड़ी संख्या 05736 कटिहार से चलकर मुरादाबाद रेल मंडल के शाहजहांपुर, बरेली होकर रात में 0.25 मिनट पर मुरादाबाद स्टेशन पर रुकेगी। आठ मिनट के स्टापेज के बाद यह अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना हो जाएगी।

# वाहन में पीछे से घुसी बाइक, दंपती की मौत

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पति-पत्नी व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से तीनों को दिल्ली रोड स्थित टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने पति को मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल बेटे का इलाज चल रहा है। शवों का पंचायत नामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अमरोहा के थाना डिडौली के गांव ककराली निवासी मसरूर पुत्र महबूब (40), पत्नी रौनक परवीन (38) बेटे अरहम (6) के साथ बाइक से कुंदरकी के गांव सीलपुर से साढ़ू के बेटे की शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। रविवार की देर रात पाकबड़ा में सीएनजी पंप से पहले हाईवे पर डिजाइनको फर्म के पास उनके आगे चल रही टाटा 407 गाड़ी को किसी अज्ञात वाहन ने साइड में टक्कर मार दी। जिससे टाटा 407 के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया, गाड़ी रुकते ही उनकी बाइक खड़ी गाड़ी में पीछे से घुस गई। जिससे बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से उन्हें टीएमयू के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मसरूर को मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद रौनक ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल बेटा अरहम का इलाज चल रहा है। पुलिस से सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। बताया कि मसरूर खेती किसानी करते थे। सोमवार सुबह पुलिस ने दोनों शवों का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।



हादसे के दौरान टाटा 407 में घुसी बाइक। ● अमृत विचार

- **अमरोहा के निवासी थे दंपती घायल बेटा भर्ती**



मृतक मसरूर।



मृतका रौनक परवीन।



हादसे में घायल अरहम।

### मसरूर-रौनक ने 24 मार्च को की थी बड़ी बेटी की शादी

सप्ताह भर पहले 24 मार्च को मसरूर-रौनक ने बड़ी बेटी महक की शादी बड़ी धूमधाम से की थी। उसी के बाद साढ़ू के बेटे की शादी में शामिल होने पति-पत्नी व बेटा गए थे। लौटते समय हादसा हो गया। परिजनों और गांव वालों का कहना है कि ऐसा क्या पता था की शादी करने के बाद दूसरे घर जाने पर सिर से जिंदगी भर के लिए माता-पिता का साया हमेशा के लिए उठ जाएगा। मसरूर के चार बच्चे हैं। जिसमें सबसे बड़ी बेटी महक, दूसरा बेटा अरशद तीसरी बेटी अरीना एवं चौथा चौथा बेटा अरहम है। हादसे ने चारों के सिर से माता-पिता का साया छीन लिया। बच्चों का रोकर बुरा हाल रहा

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### सूचना

पहले मेरा नाम भुवनेश पुत्र जगदीश सिंह (Bhuvnesh S/o Jagdeesh Singh) था जिसे बदलकर अब मैंने भुवनेश सिंह पुत्र जगदीश सिंह (Bhuvnesh Singh S/o Jagdeesh Singh) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। भुवनेश सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी नानई लिसडा ऐ. तहसील हसनपुर जनपद अमरोहा।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# धीमरी प्रकरण: विधायक ने मंडलायुक्त को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **कुछ लोगों पर सरकारी भूमि को खुर्द बुर्द करने का लगाया आरोप, कहा- जल्द पूरी हो जांच**

**अमृत विचार:** धीमरी में सीएम कंपोजिट विद्यालय के लिए चिह्नित सरकारी भूमि का मामला अभी चर्चा में है। मंडलायुक्त के निर्देश पर अमरोहा की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व इसकी जांच व पैमाइश करा रही हैं। इस बीच सोमवार को नगर विधायक रितेश गुप्ता ने मंडलायुक्त को पत्र लिखकर सरकारी भूमि पर कुछ लोगों की नजर होने की बात कहकर जांच जल्द पूरी कराने की मांग की है।

नगर विधायक रितेश गुप्ता ने मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को लिखे पत्र में बताया है कि उनके विधानसभा स्थित धीमरी गांव में जिला प्रशासन द्वारा कंपोजिट विद्यालय के लिए जमीन चिह्नित की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि शौकीन, चांद बाबू, मोहम्मद शाह आदि द्वारा सरकारी भूमि को खुर्द बुर्द किया जा रहा है। इस प्रकरण में गठित मंडलीय जांच कमेटी से जांच जल्द पूरा कराकर रिपोर्ट मंगाने का अनुरोध किया है। विधायक की मानें तो कुछ लोग न्यायालय का सहारा लेकर इस प्रकरण को लंबित कराकर सीएम कंपोजिट विद्यालय को किसी अन्य विधानसभा में ले जाना चाहते हैं। विधायक ने जनहित में विद्यालय का जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

खेती किसानी

मुरादाबाद में अब तक 2409 किसानों ने कराया पंजीकरण

# 69 केंद्रों पर गेहूं खरीद का इंतजाम, किसानों के इंतजार में रहे प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत 69 गेहूं क्रय केंद्र सोमवार से सक्रिय कर दिए गए। क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं व औपचारिकताएं केंद्र प्रभारियों ने पूरे कराए। हालांकि गेहूं अभी केंद्रों पर नहीं पहुंचा है। वहीं काफी मात्रा में गेहूं की फसल खेतों में तैयार है।

सोमवार से 69 केंद्रों पर प्रभारी किसानों का इंतजार करते दिखे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि सभी केंद्रों पर किसानों से सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर गेहूं क्रय के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। आवश्यक उपकरण और अभिलेख सुनिश्चित करा दिए गए है, जिससे किसानों को असुविधा न हो। मुरादाबाद में 2409 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। जिसका सत्यापन तहसील स्तर पर प्रगति पर है। किसानों से अनुरोध है कि वह खाद्य विभाग की वेबसाइट fcs.up.gov.in अथवा किसान मित्र ऐप के माध्यम से पंजीकरण करा नजदीकी सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं का विक्रय करें।

### रामपुर में सर्वाधिक खरीद केंद्र

गेहूं खरीद के लिए मुरादाबाद संभाग में रामपुर में सर्वाधिक 114, मुरादाबाद में 69, संभल में 62, अमरोहा में सबसे कम 36, बिजनौर में 50 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि बिक्री के समय केन्द्रों पर स्वयं मौजूद न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य (माता/पिता, पति/पत्नी पुत्र/पुत्री, दामाद/पुत्रवधू, सगा भाई / सगी बहन) का विवरण व मोबाइल नंबर फीड कराना जरूरी है। बताया कि सरकारी केंद्रों पर बटाइदारों से भी गेहूं की खरीद की जाएगी। बशर्ते ऐसे पंजीकृत मूल किसान और बटाईदार के मध्य लिखित सहमति हो।

### गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर तहसीलदार ने दिए दिशा निर्देश



**कांठ, अमृत विचार :** तहसीलदार ने क्षेत्र में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। नगर की मंडी समिति में पांच क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं जिसमें वर्ष 2026- 27 के लिए सरकार द्वारा 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जिसमें 20 लेबर चार्ज अतिरिक्त मिलेगा। जानकारी देते हुए केंद्र प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि मंडी समिति में चार गेहूं क्रय केंद्र खाद्य विभाग द्वारा और एक केंद्र एफसीआई द्वारा लगाया जाएगा जिसके इंचार्ज मनीष कुमार होंगे एक और दो केंद्र के इंचार्ज राघवेंद्र सिंह तीन और चार के इंचार्ज दीपक कुमार रहेंगे। इसके अलावा एक केंद्र फतेहपुर बिश्नोई में बनाया गया है। सोमवार को तहसीलदार राजकुमार सिंह ने मंडी समिति स्थित गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया।

### समस्या आए तो सीधे करें संपर्क

तहसीलदार ने केंद्र प्रभारियों को पारदर्शिता बरतने व किसानों के बैठने और जलपान की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। जिन किसानों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं उन्हें प्राथमिकता दी जाए। कोई समस्या आती है तो सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# विदेश नीति की चुनौतियां और अवसर पर रखे विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अल्फीजा प्रथम

**अमृत विचार :** हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में सोमवार को भारत की विदेश नीति की चुनौतियां और अवसर विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए विदेश नीति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि छत्रपाल सिंह ने कहा कि भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हित, गुटनिरपेक्षता और वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांतों पर आधारित है। भारत स्वतंत्र निर्णय, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और पड़ोसी देशों के साथ सहयोग की नीति पर चलते हुए वैश्विक मंच पर मजबूत पहचान बना रहा है। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य नन्हें सिंह ने कहा कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक विरासत, भौगोलिक स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से प्रभावित होती है। वहीं, एनसीसी प्रभारी जगदीश चंद्र ने अंतरराष्ट्रीय शांति, निरस्त्रीकरण और तीसरी दुनिया की एकता को विदेश नीति का उद्देश्य बताया।

प्रतियोगिता में अल्फीजा ने पहला, कनक प्रधान ने दूसरा और जयदीप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं मेडल देकर सम्मानित किया। जबकि सभी प्रतिभागियों को भी मेडल प्रदान किए गए।

### शापिंग कॉम्पलेक्सों समेत बड़ी दुकानों में पार्किंग नहीं, सड़क किनारे खड़े हो रहे वाहन

# कैमरे की नजर फिर भी वाहन चालकों की मनमानी से आए दिन शहर जाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शहर के अधिकांश शापिंग कॉम्पलेक्सों व बड़ी दुकानों में पार्किंग स्थल न होने से ग्राहकों के वाहन सड़क किनारे खड़े होते हैं। जिससे आए दिन जाम लगता है। दूसरी ओर जाम का प्रमुख कारण शहर में 5000 से अधिक ई रिक्शा भी हैं। इनकी मनमानी से शहर का हर चौक चौराहा जाम से जूझता है। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तो और बुरी स्थिति रहती है। जाम में स्कूली वाहनों के अलावा एंबुलेंस भी फंसते हैं जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ती हैं।

कहने को तो शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की निगरानी स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से पीलीकोठी परिसर में 2 अरब 32 करोड़ से अधिक की लागत से बने एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जुड़े 256 सेंसरयुक्त कैमरों से होती है। जिसकी मॉनीटरिंग पुलिस विभाग करता है। सेंसरयुक्त कैमरे की नजर में शहर की हर प्रमुख सड़कें व चौक चौराहे हैं फिर भी वाहन चालकों की मनमानी व बेतरतीबी से आए दिन शहर जाम की गिरफ्त में रहता है। इसके लिए शापिंग कॉम्लेक्सों, होटलों, बैंक्वेट हालों में पार्किंग के पर्याप्त प्रबंध न होने के साथ ही सड़क पर मनमाने तरीके से दौड़ रहे 5000 से अधिक ई-रिक्शा हैं।

### निगम की बैठकों में कई बार उठा मुद्दा

नगर निगम की बैठकों में भी शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था पर महापौर व पार्षद नाराजगी जताकर अनाधिकृत ई-रिक्शा का संचालन रोकने की मांग उठ चुकी है। लेकिन यातायात पुलिस प्रभावी मॉनीटरिंग नहीं कर पा रही है।

### एमडीए की स्वीकृति बिना हुआ निर्माण

बिना पार्किंग स्थल के बने शापिंग कांम्पलेक्स, रेस्टोरेंट, होटलों का नक्शा एमडीए द्वारा पास कर दिए जाने से भी इसे बढ़ावा मिल रहा है। जबकि नियमानुसार बिना पार्किंग स्थल के इसकी अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। कहने को तो नगर निगम ने टाउनहाल में मल्टीस्टोरी पार्किंग बना दिया है फिर भी इस क्षेत्र में दोपहिया व चार पहिया वाहन सड़क पर ही जहां तहां खड़े मिलते हैं।

> शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित व सुचारू रखने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इसका प्रभावी पालन सुनिश्चित कराएंगे।
> – **अनुज सिंह**, डीएम



ई-रिक्शा के कारण डबल फाटक पुल पर लगा जाम। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### टैंक की सफाई आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र में जलकल विभाग की ओर से अवर जलाशयों/भूमिगत जलाशयों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्य के चलते संबंधित क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित रहेगी। जिसे देखते हुए निगम के महाप्रबंधक (जल) ने समय से पानी का भंडारण करने की अपील की है। जारी शेड्यूल के अनुसार करूला और बुद्धि विहार प्रथम के ओवर हेड टैंक (अवर जलाशय) की सफाई 31 मार्च को कराई जाएगी। इसी दिन कार्य पूरा भी करना है। बुद्धि विहार द्वितीय और लाइनपार प्रथम क्षेत्र के अवर जलाशय का सफाई कार्य एक अप्रैल को होगा।

### ठंडी हवा से राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार सुबह से ही धूप और गर्मी रही, शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और ठंडी हवा से मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग के अनुमान के अनुरुप मौसम अचानक बदला। शाम करीब चार बजे बादल छा गए और ठंडी हवा चलने लगी। लोग घरों से बाहर निकलकर मौसम का आनंद लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# चांदी के रथ पर विराजे महावीर, युवाओं ने खींचा रथ

### श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया भगवान महावीर जन्म कल्याणक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रथयात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिनभर उत्सव जैसा माहौल
- श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, बच्चों ने किया मंगलाचरण

**अमृत विचार :** भगवान महावीर जन्म कल्याणक उत्सव सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महावीर जयंती महोत्सव समिति की ओर से पारंपरिक रथ यात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा मोहल्ला जीलाल स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, टाउन हॉल, बाजार गंज, गुरहट्टी, सिविल लाइंस चौराहा होते हुए पंचायत भवन सभागार पहुंची।

चांदी के रथ के सिंहासन पर भगवान महावीर की अष्टधातु प्रतिमा विराजमान थी, जिसे पंकज जैन के पुत्र यश जैन धारण किए हुए थे। रथ पर कुबेर के रूप में सजल जैन व सारथी के रूप में प्रवीण जैन थे। चारों कोनों पर इंद्र विराजमान थे, जबकि अरिहंत, वासु, नमन, पर्व सहित अन्य युवा नंगे पैर रथ खींच रहे थे।

रथ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। आलोक जैन व मुकेश जैन द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत, अभिनंदन जैन व अनंत जैन परिवार ने स्वागत किया। कोतवाली के बाहर स्वर्गीय विनय जैन की स्मृति में जैन मिलन के परिवार द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। शिखा जैन, नरेश जैन सहित अन्य लोगों ने भी प्रतिष्ठानों पर अभिनंदन किया। बाजार गंज में नगर विधायक रितेश गुप्ता ने रथ की आरती कर नंगे पैर रथ खींचा। पंचायत भवन में बच्चों मान्यू जैन व स्वस्ति जैन द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इसके बाद राहुल जैन, मुकुल जैन व आशीष जैन ने अभिषेक किया। जयमाल सौरभ जैन, सौम्य जैन व प्रदीप जैन, मंजू जैन के परिवार ने किया। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, सुरेश जैन, अनिल जैन, संदीप जैन, राजेंद्र जैन व पंकज जैन रहे। संचालन राजीव जैन ने किया।



भगवान महावीर शोभायात्रा में शामिल जैन समाज के लोग। ● अमृत विचार



भगवान महावीर की आरती करता श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### लोहागढ़ जैन मंदिर में महाआरती और पालना कार्यक्रम का किया गया आयोजन

रात को महिला जैन समाज द्वारा लोहागढ़ जैन मंदिर में महाआरती, पालना व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रथ यात्रा में वीना जैन, ऋचा जैन, नीलम जैन, ऊषा जैन, शशि जैन, शिखा जैन, अर्चना जैन, विभा जैन, विधि जैन, अरविंद जैन, समीर जैन, दीपक जैन, शुभम जैन, नमन जैन, नीरज जैन, विकास जैन आदि रहे।

## भाव से हनुमान चालीसा का पाठ करने पर मिलती हैं सिद्धि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोविंद नगर स्थित स्फटिकेश्वर महादेव मंदिर में चतुर्थ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत चल रही तीन दिवसीय हनुमंत कथा के दूसरे दिन सोमवार को व्यास पीठ से दीपक उपाध्याय व्यास ने होहि सिद्धि साखी गौरीसा के भाव के साथ हनुमान चालीसा का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि श्रद्धा और नियमपूर्वक पाठ करने से साधक को हर प्रकार की सिद्धि प्राप्त होती है। साथ ही दुर्गम काज जगत के जेते की व्याख्या करते हुए बताया कि हनुमान जी की कृपा से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं।

प्रस्तुत भजनों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। लोग भाव में नृत्य करते रहे। इस अवसर पर रनेश चंद्र शर्मा, ऋषभ वशिष्ठ, डॉ. शशि अरोड़ा, बैकुंठनाथ मिश्रा, हिमांशु ठाकुर, डॉ. भूपेंद्र श्रोत्रिय, विवेक चौहान, परशुराम, उमा शर्मा, मीनू शर्मा, अथर्व आदि रहे।

## जनपदीय क्रीड़ा व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मूंढापांडे चैंपियन



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवादाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की पीएम श्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को हुई। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य स्तरीय कुश्ती विजेता सुमायला ने किया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और देशभक्ति की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उन्होंने खेल ध्वज फहराकर खिलाड़ियों को खेल भावना व अनुशासन की शपथ दिलाई।

प्रतियोगिता में दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, जूडो, योग सहित विभिन्न खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाएं आयोजित हुईं। प्राथमिक स्तर पर वसीम (बालक) और सुहाना (बालिका) व जूनियर वर्ग में बिलाल नगर क्षेत्र (बालक) और गौसिया (बालिका) चैंपियन रहे। ओवरऑल चैंपियनशिप मूंढापांडे विकासखंड ने जीती। जिला समन्वयक प्रशिक्षण अखिलेश सागर ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. हरनंदन प्रसाद ने किया। इस मौके पर बीएसए विमलेश कुमार, क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक गंगासरन, डॉ. ऋतु त्यागी आदि मौजूद रहे।

## मध्याह्न भोजन के लिए उपलब्ध हो राशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा के महानगर क्षेत्र व नगर पंचायतों व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के निर्बाध संचालन के लिए बीएसए विमलेश कुमार ने जिलापूर्ति अधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें मध्याह्न भोजन बनाने के लिए समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

पत्र में बताया कि नगर के स्कूलों में अब एक अप्रैल से विद्यालय में ही भोजन पकाकर छात्र छात्राओं को वितरित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित राशन डीलर से गेहूं व चावल प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। वहीं खंड शिक्षाधिकारी नगर ने विद्यालयों में गैस कनेक्शन व सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आग्रह जिलापूर्ति अधिकारी को पत्र लिखकर किया है। वहीं जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राशन डीलरों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया गया है। गैस कनेक्शन और गैस सिलेंडर की आपूर्ति के लिए संबंधित पेट्रोलियम कंपनियों को पत्र लिखा है।

## 24 प्रतिष्ठान- भवन सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीन करोड़, दो लाख, 27 हजार 438 रुपये का बकाया टैक्स वसूला

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीमों ने सोमवार को भी गृहकर व जलकर वसूली का अभियान चलाया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में टीमों ने 24 भवनों व प्रतिष्ठानों को बकाया जमा न करने के चलते सील कर दिया। इस दौरान व्यक्तिगत संपर्क व सीलिंग की कार्रवाई के बीच तीन करोड़, दो लाख, 27 हजार 438 रुपये का बकाया टैक्स भी वसूला गया।

धीमरी निवासी मोहम्मद रफी पर टैक्स का 810745.30 रुपये, रहमत नगर के हाजी इश्तियाक हुसैन पर 3,04,855.20, सीतापुरी निवासी नूर भाई पर 1,64,289.51 का टैक्स बकाया था, जिसके चलते प्रतिष्ठान सील किया गया। वहीं रहमतनगर के ही मुसाददीन पर 3,81,759.82, मुख्तार पर 5,45,899.65 और सर सय्यद नगर के हैदर कमाल पर 1,05,926.87 की बकायेदारी में प्रतिष्ठान सील किया गया। सराय शेख महमूद के अफजल हुसैन पर टैक्स का 1,01,971.96 और फीलखाना के अब्दुल हादी पर 1,78,934.69 और यहीं के मोहम्मद इशाक पर 2,16,903.38 और यहीं के अल्ताफ हुसैन पर 1,23,141.84 का टैक्स बकाया होने के चलते प्रतिष्ठानों को सील किया। इसी क्रम में लाजपतनगर की शहाना बेगम के प्रतिष्ठान पर 2,66,590, प्रेमनगर के मलखान सिंह और हरथला के जगत सिंह पर के प्रतिष्ठान सील हुए। इसके अलावा मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली रोड, कांठ रोड एवं रामपुर रोड आदि क्षेत्रों को कुल मिलाकर 24 प्रतिष्ठानों व भवनों की सीलिंग की कार्रवाई की गई। तीन करोड़, दो लाख, 27 हजार 438 रुपये का बकाया टैक्स वसूल किया।

टीम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### प्रदर्शन कर गो-संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पीलीकोठी चौराहा पर प्रदर्शन कर गोवंश के संरक्षण में लापरवाही पर नाराजगी जताई। नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन देकर निराश्रित व घायल गोवंश को गोशाला में संरक्षित कराने की मांग की। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि गोवंश की सुरक्षा, उपचार एवं संरक्षण से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन की मांग है कि निराश्रित व गंभीर रूप से घायल गोवंश को गोशाला में संरक्षित किया जाए। गोशाला के केयरटेकर व कर्मी कई बार घायल गोवंश को रखने से इंकार कर देते हैं। इसका प्रभावी व स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। कान्हा गोशाला के केयर टेकर गो-रक्षक कार्यकर्ताओं से दुर्व्यवहार करते हैं। गोवंश को गोशाला में लाने के लिए मांगने पर वाहन उपलब्ध नहीं कराते हैं, यह निंदनीय है। इसके दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। गोशाला में उपचार की समुचित व्यवस्था कराई जाए। प्रदर्शन में सुरेश गुप्ता, अमित अग्रवाल, गौरव सैनी, विजय शर्मा, जतिन प्रजापति, दिशांत सैनी, अभिषेक श्रीवास्तव, सुशांत गुप्ता, अमन सैनी, रोहित भटनागर, सुधांशु मौर्य आदि मौजूद रहे।



### अनियमितता व सफाई पर सवाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने हिंदू कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने छात्रों की मूलभूत सुविधाओं और शैक्षणिक व्यवस्था में खामियों की ओर कॉलेज प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। एबीवीपी पदाधिकारियों के अनुसार कॉलेज में कक्षाएं नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा परिसर में स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और शौचालयों के साथ ही पूरे परिसर की सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने बताया कि कॉलेज में जीसीआर और जिम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद छात्रों को उनका उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने इसे छात्रों के हितों के विपरीत बताया। विभाग संगठन मंत्री गौरव यादव ने कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। उन्होंने छात्र हित में बेहतर शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान तहसील संयोजक अनमोल शर्मा, इकाई अध्यक्ष शिवम ठाकुर, मंत्री नवनीत कटारिया, दीपांशु ठाकुर, यश प्रजापति, लवि चौहान, गौरव पासी, अंजलि पाल, तन्वी अग्रवाल, लक्ष्मी और अंश शर्मा सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।



### नव नियुक्त आंगनबाड़ी कर्मियों को मिला नियुक्ति पत्र, खिले चेहरे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंचायत भवन सभागार में सोमवार को नव नियुक्त 10 आंगनबाड़ी कर्मियों को स्थानीय जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों के हाथों नियुक्ति पत्र मिला। इसे पाकर उनके चेहरे खिल गए। वहीं 10 सुपरवाइजरों को टैबलेट और बेहतर कार्य करने वाली कार्यकत्री व मुख्य सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। लखनऊ में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम का डिजिटल स्क्रीन पर पंचायत भवन परिसर में सीधा प्रसारण किया गया। जिसे जन प्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों व आंगनबाड़ी कर्मियों, सुपरवाइजरों आदि ने देखा व सुना। मुख्यमंत्री द्वारा बेहतर कार्य करने की प्रतिबद्धता को सभी ने संकल्पित किया। लखनऊ के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, सतपाल सैनी, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, अल्पना गुप्ता के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र राय आदि ने 10 नव नियुक्त कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। जिसे पाकर उनके साथ ही सभागार में उपस्थित उनके परिवार के सदस्यों के चेहरे खिल गए। बाल विकास परियोजना देहात के शिलापट्ट का अनावरण भी किया गया।

### शिक्षक पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश एवं मंडल पदाधिकारियों की सोमवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इस दौरान शिक्षकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा, विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने और ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख किए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। पदाधिकारियों ने इसे संगठन के निरंतर संघर्ष का परिणाम बताया। हालांकि, एनपीएस से जुड़ी समस्याओं पर चिंता जताई। इस अवसर पर मुरादाबाद के विमलेंद्र शर्मा को प्रांतीय उपाध्यक्ष व जितेंद्र प्रताप सिंह को प्रदेश मंत्री मनोनीत किया गया। संगठन ने दोनों पदाधिकारियों से सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। पदाधिकारियों ने बताया कि राज्यांश व ब्याज की राशि समय से शिक्षकों के खातों में नहीं पहुंच रही है। एनपीएस से पुरानी पेंशन में शामिल शिक्षकों की कटौती जीपीएफ में जमा न होने का मुद्दा भी उठाया गया। इन समस्याओं के समाधान के लिए 10 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक प्रदेश भर के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह (पूर्व विधायक) ने की, जबकि संरक्षक के रूप में राज बहादुर सिंह चंदेल रहे।

**परेशानी** — एनसीईआरटी के निर्देशों के बावजूद निजी प्रकाशकों की किताबें थोपने से अभिभावक परेशान

# निजी स्कूलों में 'कमीशन' का खेल, बिक रहीं महंगी किताबें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- फीस के साथ महंगी पुस्तकें पड़ रही घर के बजट पर भारी

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी स्कूलों की किताबों को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। फीस के साथ-साथ महंगी पुस्तकें भी बजट पर भारी पड़ रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने के निर्देश होने के बावजूद कई स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य कर रहे हैं। इससे अभिभावकों को हजारों रुपये अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

शहर के एक निजी स्कूल की कक्षा पांच की बुक लिस्ट में 16 किताबें शामिल हैं। इनकी कुल कीमत करीब 5938 रुपये है। इसके अलावा नोटबुक और स्टेशनरी जोड़ने पर खर्च 7581 रुपये तक पहुंच जाता है। सूची में वर्कबुक, प्रैक्टिस बुक और अलग-अलग विषयों की अतिरिक्त किताबें भी शामिल हैं। अभिभावकों ने मांग की है कि शिक्षा विभाग इस मामले में सख्ती करे और निजी प्रकाशकों के कमीशन पर रोक लगाए।

वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय का कहना है कि अभिभावकों की ओर से शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी। इसके अलावा स्कूलवार किताबों की लिस्ट मंगाई गई है। स्कूल संचालक नियम विरुद्ध किताबें न लगाएं इसकी निगरानी की जाएगी।



बुध बाजार की एक दुकान पर किताब खरीदते अभिभावक। ● अमृत विचार

### एनसीईआरटी बनाम निजी किताबें

कक्षा पांच की सभी एनसीईआरटी किताबें लगभग 800 से 900 रुपये में उपलब्ध हो जाती हैं। इसके मुकाबले निजी प्रकाशकों की किताबों पर सात हजार रुपये से अधिक खर्च कराया जा रहा है। यानी अभिभावकों पर छह-सात हजार रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### नियमों की अनदेखी

सरकारी निर्देशों के अनुसार स्कूलों को एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से पढ़ाई करानी चाहिए और अतिरिक्त किताबें अनिवार्य नहीं की जा सकतीं। इसके बावजूद कई स्कूल 10 में से सिर्फ दो-तीन किताबें एनसीईआरटी की लगाकर बाकी सभी निजी प्रकाशकों की रख रहे हैं।

### अभिभावकों की मजबूरी

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल द्वारा दी गई सूची के अनुसार ही किताबें खरीदनी पड़ती हैं। खास बात यह है कि अधिकांश निजी स्कूलों की किताबें चुनिंदा दुकानों पर ही उपलब्ध हैं। ऐसे उन्हें महंगे दामों पर ही किताब खरीदनी पड़ रही हैं। बाजार में एनसीईआरटी किताबों की कमी भी परेशानी बढ़ा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बने अनुज गुप्ता

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज में वरिष्ठ प्रवक्ता अनुज कुमार गुप्ता को प्रधानाचार्य बनाया गया है। 31 मार्च 2026 को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विक्रम सिंह अपनी 62 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। महावीर जयंती के अवकाश के चलते विद्यालय का कार्य एक दिन पूर्व 30 मार्च 2026 को ही संपन्न कर लिया गया। विद्यालय प्रशासन ने डॉ. विक्रम सिंह के लंबे कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया गया।



### बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**कांठ, अमृत विचार :** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर मंगलवार को रात्रि 9 बजे से श्री रामचरित मानस अखण्ड पाठ शुरू किया जाएगा, जिसका गुरुवार को प्रात 9 बजे समापन, सामूहिक सुन्दरकाण्ड, श्री रामस्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंगबाण, शनिचलीसा, भजन, आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शनिसेवक सुरेंद्रनाथ बाबा शनिदेव जी का चोला अर्पित करेंगे, बाबा बजरंगबली का गुणगान किया जाएगा।

### पिता- पुत्री के साथ घर में घुसकर मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** भोजपुर के ग्राम नरोरा निवासी वाजिद अली ने पुत्री रुबीना की शादी छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर निवासी उस्मान के साथ डेढ़ वर्ष पूर्व की थी। उस्मान केरल में रहकर मजदूरी का कार्य करता है। घर पर उसकी पत्नी रुबीना अकेली रहती है। 16 मार्च को दोपहर 2:30 बजे राशिद, सना, रुखसार, अलफिजा निवासी बैरमपुर उसके घर पहुंचे और आरोपियों ने लाठी डंडों व सरिया से उसके साथ मारपीट की। राशिद ने रुबीना के सिर में सरिया से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। बचाने आए उसके पिता वाजिद अली ग्राम नरोरा थाना भोजपुर के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेज कर आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया।

# गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे के लिए 51 गांवों की भूमि होगी अधिग्रहित

## सदर, ठाकुरद्वारा और कांठ से होकर गुजरेगा पश्चिम से पूर्व को जोड़ने वाला राजमार्ग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद के 51 गांवों की 445.95 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण को प्रस्तावित
- अभी एक्सप्रेस वे छह लेन का है प्रस्तावित, आठ लेन तक हो सकेगा विस्तार

**अमृत विचार :** गोरखपुर से शामली तक बनने वाले एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए लगभग 700 किमी लंबा एक्सप्रेस-वे बनेगा। यह एक्सप्रेस-वे मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद और कांठ तहसील से गुजरेगा। भूमि अधिग्रहण के लिए तीनों तहसीलों के 51 गांवों से अभी तक 445.95 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से बनाए जाने वाला एक्सप्रेस-वे गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर से पीलीभीत में बीसलपुर, शाहजहांपुर में पुवायां होते हुए बरेली के नवाबगंज और बहेड़ी तहसील क्षेत्र के गांवों से होते हुए रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, सहारनपुर, मेरठ होकर शामली तक जाएगा। अभी यह एक्सप्रेस-वे छह लेन का प्रस्तावित है, लेकिन इसका विस्तार आठ लेन तक किया जा सकेगा। मुरादाबाद में यह एक्सप्रेस-वे ठाकुरद्वारा तहसील से प्रवेश करेगा और मुरादाबाद तहसील से होते हुए कांठ होकर आगे जनपद को पार करेगा। इसके लिए तीनों तहसीलों के 51 गांवों की 445.95 हेक्टेयर भूमि को चिह्नित कर लिया गया है।

**ठाकुरद्वारा तहसील :** ललापुर पीपलसाना, शेरपुर पट्टी मुस्तकम, गामड़ी, मधुपुरी, बहादुर नगर, पांडला, शेरपुर वहलीन, आलमगीरपुर, ख्वाजापुर धनताला, खईखेड़ा, सरकड़ा परमपुर माफी, बहादरपुर गज्जू, शिवनगर, किशनपुर, गामरी, पसियापुर पदार्थ, बोवदवाला, निर्मलपुर, असलेमपुर, रघुनाथपुर, फौलादपुर, लांगीकला, इनायत नगर, गझेड़ा आलम, गझेड़ा सैद।

**मुरादाबाद तहसील:** करिया नगर एहतमाली, बुढानपुरी एहतमाली, बुढ़ानपुर मुस्तकम, भवानीपुर, बद्धपुरा मझरा कुरी, कुकरझुंडी, लालपुर पुरोहित।

**कांठ तहसील:** गदापुर, शेरपुर पट्टी अहतमाली, पहाड़ माऊ, डूडैला, मोहम्मदपुर भगवानदास, हकदादपुर उर्फ तेलीपुर, खातापुर, सदकपुर मलूकपुर उर्फ खिचड़ी, कीरतपुर, गोविंदपुर ज्ञानपुर, मथाना, छजूपुरा अव्वल, बगिया सागर, ढाकी, अलीपुरा खालसा, तेलीपुरा खालसा, सीमला, अदलपुर जोगी।

### एक्सेस-कंट्रोल्ड होगा एक्सप्रेस-वे

गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे एक्सेस-कंट्रोल्ड होगा, जिससे माल ढुलाई आसान होगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे हो सकता है, जो उत्तराखंड (रुड़की, देहरादून) जाने वाले यात्रियों के सफर को सुविधाजनक बनाएगा। यह एक्सप्रेस-वे वाहनों के 120 किमी प्रति घंटा की गति चालन के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इसके बनने से गोरखपुर से शामली के बीच की यात्रा लगभग सात से आठ घंटे में पूरी हो सकेगी।

> राष्ट्रीय राजमार्ग शामली गोरखपुर तृतीय चरण के लिए जनपद की तीन तहसीलों की 51 गांवों की भूमि प्रस्तावित की गई है। हालांकि अभी इसका गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। इस सभी गांवों से 445 .95 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है।
> **-विनय पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट,** विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी

### गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का आरोप

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र में घरेलू गैस की किल्लत के बीच गैस एजेंसी पर घटतौली और कालाबाजारी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि गैस एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं को मिलने वाले गैस सिलेंडरों से गैस निकालकर कालाबाजारी कर रहे हैं, जिससे आम लोगों के घरों में चूल्हे तक नहीं जल पा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, इराक और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के चलते गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे घरेलू गैस की कमी बनी हुई है। इसी का फायदा उठाकर कुछ गैस एजेंसी संचालकों द्वारा उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले सिलेंडरों में घटतौली की जा रही है। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस एजेंसी पर पहुंच गए और विरोध जताते हुए हंगामा किया।

उपभोक्ताओं मानसिंह, रामकली, मुकेश, अमजद, हनीफ, रामपाल, किशन सिंह, नौबत, मगन सिंह, नरेश, हिदायत अली, महफूज आदि ने आरोप लगाया कि एजेंसी के कर्मचारी गैस सिलेंडरों को पास के आम के बाग में ले जाकर दूसरे सिलेंडरों में गैस भरते हैं और वहां से गैस के चलने वाली गाड़ियों को सप्लाई करते हैं।

### शिक्षा व बाल विकास पर जोर, मेधावी सम्मानित



शिक्षकों के साथ विद्यालय में प्रतिभागी छात्र छात्राएं। • अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विकासखंड ठाकुरद्वारा में सोमवार को "हमारा आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम का आयोजन वीएस गार्डन रामूवाला गणेश में किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा देने, नए सत्र के लिए नामांकन बढ़ाने, शिक्षा स्तर में सुधार और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राथमिक विद्यालय कालाझांडा की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कंपोजिट विद्यालय रामपुर बलभद्र के बच्चों ने लोकनृत्य से मन मोहा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अवधेश, अरुण कुमार, राकेश कुमार, वीर सिंह, सोनिया चौहान, त्रिवेंद्र सिंह, नरेंद्र, नितिन कुमार, निकेश कुमार, राजपाल सिंह, एआरपी हरवीर सिंह, मोनिका गहलोत सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मिथलेश, ममता, कृष्णा आदि मौजूद रहे। टीएलएम प्रदर्शनी में कंचन, यास्मीन जहां और शिवांगी वशिष्ठ ने मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल संचालन में एआरपी रूपा आर्य, पीयूष कुमार, रजनी मिश्रा और सपना चौहान का योगदान रहा।

## 'एकत्वम' के रूप में मनाया वार्षिकोत्सव

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर में स्थित सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह एकत्वम का आयोजन किया गया। छात्र - छात्राओं ने रंगारंग, सांस्कृतिक एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में 8 फरवरी को हुए द इंटेलीजेंस चैंपियनशिप (आई क्यू टेस्ट) के परीक्षा - परिणाम की घोषणा की गई।

चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने कहा कि शिक्षा के बिना कुछ भी नहीं है। स्कूल उत्तम शिक्षा प्रदान करता है एवं समय- समय पर छात्र - छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य एवं उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। समारोह में मुख्य अतिथि आकाशपाल, नवीन चौधरी, राजन विश्नोई, जीआईसी स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. अनुज अग्रवाल, एडवोकेट दीपक विश्नोई, डॉ. यूसुफ, एडवोकेट सुहैल खान, डॉ. अशोक राजपूत आदि ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।





कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व अतिथि। • अमृत विचार

- द इंटेलीजेंस चैंपियनशिप के परिणामों की घोषणा

### इन्हें मिला नकद पुरस्कार

टॉप फाइव रैंक में प्रथम पुरस्कार 21000 रुपये, 10 से अबूबक्र द्वितीय 11000 रुपये, 6 से शौर्य त्यागी तृतीय 5100 रुपये, 3 से आस्था सिंह चतुर्थ 2100 रुपये, पंचम पुरस्कार 1100 रुपये 5 की अनन्या राजपूत ने प्राप्त की।

### गोदाम से सिलेंडर गायब, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मनिहारान निवासी मोबिन पुत्र यामीन 30 मार्च 2026 को भारत गैस एजेंसी से घरेलू गैस सिलेंडर लेने पहुंचे थे। एजेंसी से रसीद कटवाने के बाद उन्हें गोदाम भेजा गया, जहां उन्होंने सुबह करीब 11:30 बजे खाली सिलेंडर जमा कर दिया। आरोप है कि कुछ देर इंतजार कराने के बाद जब उन्होंने सिलेंडर के बारे में पूछा तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि उनका सिलेंडर चोरी हो गया है। इस पर जब मोबिन ने आपत्ति जताई तो कर्मचारियों ने अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि उसका सिलेंडर गोदाम कर्मचारियों की मिलीभगत से गायब किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए सिलेंडर वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बुनियाद भर निकाल लिया अस्थायी रास्ता

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जाहरवीर दीवान मठ गोगा जी महाराज नवमी मेले की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के 18 दिन के बाद प्रशासन की नींद खुली। 18 दिन पूर्व कमेटी द्वारा शिकायत करने के बाद एसडीएम प्रीति सिंह ने राजस्व विभाग को भूमि की पैमाइश के आदेश दिए, इसके बावजूद कुछ नहीं हुआ। दोबारा शिकायत करने पर सोमवार को टीम ने पैमाइश शुरू की। सिर्फ एक साइड की पैमाइश से ही भूमि पर कब्जे की स्थिति साफ हो गई।

पैमाइश के दौरान सामने आया कि मेले की जमीन पर कब्जा कर बुनियाद तक भर दी गई थी। इतना ही नहीं, मेला स्थल के बीच से अस्थायी रास्ता भी निकाल लिया गया और पुरानी चकरोड पर भी कब्जा कर लिया गया। यह सब ऐसे किया गया मानो कोई रोकने-टोकने वाला ही न हो।

मौके पर पहुंची राजस्व टीम में शामिल हल्का लेखपाल हिमांशु, जितेंद्र सिंह, नीतीश कुमार, मनोज कुमार को कब्जाधारी ने बताया कि उसने यह जमीन मोहम्मद आबिद हुसैन से खरीदी है। विक्रेता को मौके पर बुलाया गया, लेकिन वह नहीं पहुंचा। राजस्व टीम ने नपाई के बाद कब्जाधारियों को तुरंत जमीन खाली करने के निर्देश दिए और कार्रवाई की चेतावनी दी। इस पर कब्जाधारियों ने जमीन छोड़ने का आश्वासन दिया। राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, शिवेंद्र बंधु गुप्ता, संजीव सिंघल, राजेंद्र पांडे, पवन पुष्पद, सुधीर नायक, संजीव चौहान, धर्मेंद्र कुमार, नागेंद्र लंबा और संजीव रुहेला सहित कई लोग मौजूद रहे। लोगों ने कब्जा हटाने की मांग की है।



ईदगाह रोड पर भूमि की पैमाइश करती राजस्व विभाग टीम। • अमृत विचार

- एक साइड की नपाई से ही अवैध कब्जे की कहानी सामने आई
- समिति की शिकायत के 18 दिन बाद जागा प्रशासन

## हुनर को मिला रास्ता, महिला निर्यातकों ने दिखाई ताकत



लोकसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देते निर्यातक नीरज खन्ना अवधेश अग्रवाल व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नई दिल्ली में इंटरैक्टिव सत्र में लोकसभा अध्यक्ष से हुई मुलाकात

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए ईपीसीएच ने इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में डायलॉग विद एक्सपोर्टर वुमेन फ्रॉम इंडस्ट्री फ्रॉम क्राफ्ट टू कॉमर्स विषय पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। मुरादाबाद की महिला निर्यातक उद्यमियों ने सहभागिता कर संवाद किया।

सत्र में डॉ. राकेश कुमार, डॉ. नीरज खन्ना, अवधेश अग्रवाल और राजेश रावत सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही मुरादाबाद से प्रिया अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, तान्या भाटिया, रीना मेहरोत्रा, रुपाली अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, भारती सोनी, सुगंधा, श्वेता, पूजा, ऋचा समेत कई महिला उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। एक संसदीय भ्रमण कराया गया, जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की।

### मिशन शक्ति: वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय में एनएसएस के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई।

सोमवार प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के सभागार में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना गीत एवं राष्ट्र निर्माण गीत कर राष्ट्र निर्माण, बनाए मिट्टी को सोना के सामूहिक गायन से की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वयंसेवकों को घर-घर जाकर जागरूक करना होगा। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंशिका ने प्रथम, मुकेश कुमार ने द्वितीय तथा माही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## परीक्षाफल वितरण के बाद छात्राओं को दी गई विदाई



परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के बाद शिक्षकों के साथ छात्राएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आशियाना कॉलोनी स्थित विहान बालिका आवासीय विद्यालय में सोमवार को परीक्षाफल वितरित कर कक्षा 8 की छात्राओं की समारोहपूर्वक विदाई भी की गई। शिक्षकों व वार्डन ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विहान बालिका आवासीय विद्यालय में आवासीय की संचालित कक्षाओं का वर्ष 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इसमें पलक प्रथम, द्वितीय भक्ति, सोनी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 8 में प्रथम भक्ति, द्वितीय खुशी, तृतीय शीतल, 7 में प्रथम सोनी, द्वितीय चंचल, तृतीय खुशी 6 में प्रथम राधिका, द्वितीय छवि, तृतीय पल्लवी व ब्रिजकोर्स में प्रथम पलक, द्वितीय आशी, तृतीय राधिका रहीं। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को कला क्राफ्ट द्वारा तैयार मेडल पहनाए गए। विदाई समारोह में 8 की छात्राओं को बैच लगाकर फेयरवेल केक काटा गया। भक्ति मिस फेयरवेल चुनी गईं।

## न्यूज डायरी



### मेधावियों को शील्ड देकर सम्मानित किया

**कुंदरकी, अमृत विचार :** सोमवार को काजीपुरा स्थित हाजी झंडा खान मेमोरियल इंटर कॉलेज में कक्षा एक से नौ और 11वीं तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संचालक तमशील अहमद ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अमृता, सोफिया, मनीष, दफिया, प्रिंस, हलीमा व द्वितीय स्थान पर हमजा, विदिशा, नोमन, बसु, माही और आंचल को शील्ड दी। तृतीय स्थान पाने वाले लवी, हलीमा, उम्मेहानी, प्राची, रिंकी, खुशबू, आर्यन, लायबा, राधिका आदि को वरिष्ठ अध्यापकों ने पुरस्कृत किया। प्रबंधक डॉ. तुफैल अहमद ने बच्चों से कहा कि यह मेहनत का फल है, जो आपके उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। प्रधानाचार्य सलीम अहमद ने कहा कि कठोर परिश्रम से ही परिवार व राष्ट्र की दशा-दिशा सुधार सकते हैं।



### निर्धन छात्र-छात्राओं को दी आर्थिक सहायता, चेक वितरित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजननगर स्थित गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज में सोमवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी भी प्रतिभाशाली छात्र की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर भावना, कर्णिका विश्नोई, वंशिका रानी, शुभम कुमार, नितिन कुमार और अमन कुमार सहित कई छात्रों को चेक दिए गए। विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र प्रकाश एवं राजीव चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### वार्षिक उत्सव व विदाई समारोह

**कांठ, अमृत विचार :** जूनियर हाई स्कूल गढ़ी में सोमवार को वार्षिक उत्सव एवं कक्षा 8 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड नंबर 10 के जिला पंचायत सदस्य रईसुद्दीन मलिक ने व संचालन जुबैर अहमद अंसारी ने किया। कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 8 में कुमारी आंचल प्रथम, सुम्बुल फातिमा द्वितीय व गुलफिजा को तृतीय स्थान मिला। 7 में अल्फिशा प्रथम, अल अनम द्वितीय एवं अरजुमन तृतीय स्थान पर रहीं। 6 के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों में वार्ड नंबर 10 के जिला पंचायत सदस्य रईसुद्दीन मलिक एवं डॉ. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। जिला पंचायत सदस्य रईस द्दीन मलिक ने कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इंचार्ज अध्यापिका अज़मा नाज ने आभार व्यक्त किया।



### छात्रों में राष्ट्र प्रथम का भाव जगाना ही जीवन का उद्देश्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जूनियर हाई स्कूल छजलैट में सोमवार को शिक्षिका अनीता गुप्ता को सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक विदाई दी गई। उन्होंने कहा कि छात्रों के भीतर राष्ट्र प्रथम का भाव जगाना ही उनके जीवन का उद्देश्य रहा है। करीब 27 वर्षों के शिक्षकीय जीवन में उन्होंने संस्कृत व हिंदी विषय को योग, संगीत और नवाचारी शिक्षण विधियों के माध्यम से रोचक बनाया। छात्र-छात्राओं ने उन्हें विदाई दी। प्रधानाध्यापिका बीना भंडारी ने कहा कि वह कुशल, अनुशासित और समर्पित शिक्षिका रही जिनसे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। शिक्षिका अलका श्रीवास्तव, रितु बाला और शिक्षक दीपक कुमार ने भी सराहना की। अनीता गुप्ता ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। संचालन वर्तिका चौधरी ने किया।

## राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में धरने पर पदाधिकारी



बिलारी कोतवाली में धरने पर बैठे भाकियू टिकैत के मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी व अन्य।



कोतवाली में गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन करते किसान। • अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** उड़ीसा में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कोतवाली में धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि जब तक रिहाई नहीं हो जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में किसान यूनियन के पदाधिकारी कोतवाली पहुंच गए। जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैट को उड़ीसा में गिरफ्तार किया गया है। जिसे किसी भी हाल में नहीं सहा जाएगा, उन्होंने मांग उठाई कि जल से जल्द उन्हें रिहा किया जाए। कार्यकर्ताओं व किसानों ने कहा कि अनावश्यक रूप से हमारे नेता को कारागार में डाला गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता चौधरी जयवीर सिंह, चौधरी भयराज सिंह, विक्की चौधरी, तहसील अध्यक्ष रनबीर सिंह, डॉक्टर अनीस अहमद, अभिनव चौधरी, माजिद हुसैन सहित भारी तादात में पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भाकियू का प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** राकेश टिकैत की उड़ीसा में गिरफ्तारी के विरोध में भाकियू के कार्यकर्ताओं ने सोमवार शाम कोतवाली परिसर में धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को जिलाध्यक्ष घनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों किसान कोतवाली पहुंच गए। किसानों ने धरना देकर गिरफ्तारी का विरोध जताया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यदि जल्द ही टिकैत को रिहा नहीं किया गया तो भाकियू बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी। धरना-प्रदर्शन में राजेंद्र शर्मा, हरीराज सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

### विचारधारा आत्मसात कर निभाएं भूमिका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाजपा महानगर द्वारा बुद्धि विहार स्थित जिला भाजपा कार्यालय में बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक रामपुर मोहन लाल सैनी रहे। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने की।

बैठक में बूथ स्तर तक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि मोहन लाल सैनी ने कहा कि पार्टी की शक्ति कार्यकर्ताओं में निहित है। स्थापना दिवस पर हर कार्यकर्ता को संगठन की विचारधारा को आत्मसात कर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। संयोजक विशाल त्यागी, महामंत्री शम्मी भटनागर, महामंत्री अमित शर्मा, उपाध्यक्ष व कार्यक्रम सहसंयोजक अशोक सैनी, मंत्री व कार्यक्रम सह संयोजक मनीष गुर्जर, महानगर उपाध्यक्ष हेमराज सैनी आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## डॉ. चंद्रप्रकाश दिल्ली में सम्मानित

**मिलक, अमृत विचार :** दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रामपुर जिले के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.चंद्र प्रकाश शर्मा को दादा साहब फालके इंटरनेशनल मोटिवेशनल अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। मुंबई की संस्था अमोल भगत मीडिया द्वारा यह सम्मान दिया गया। मुख्यातिथि भारतीय मॉडल व एक्ट्रेस मुस्कान सैनी के साथ फिल्म निदेशक, कलाकारों द्वारा यह सम्मान दिया गया। अमोल भगत 79वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की जूरी के सदस्य हैं जो 27 देश में कलाकारों की उपलब्धियां का मूल्यांकन करेंगे। डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा को साहित्य सृजन के क्षेत्र में मिलने वाला यह आठवां पुरस्कार है।

## युवती को ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खजुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पीड़ित ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी रविवार दोपहर करीब 3 बजे गांव का ही निवासी एहसान अली उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी ध्वज यात्रा

**मिलक, अमृत विचार :** नगर में 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य ध्वज यात्रा एवं भजन संध्या होगी। जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि 2 अप्रैल को दोपहर 3 बजे प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर, साप्ताहिक बाजार से भव्य ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर प्रांगण में भजन संध्या होगी। संस्थापक एवं अध्यक्ष, राष्ट्र सेवा संस्थान मिलक और आयोजक आदेश कुमार शंखधार ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगरवासियों में उत्साह है।

## सेंट पॉल्स स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरित

**रामपुर, अमृत विचार :** सेंट पॉल्स स्कूल के छात्र-छात्राओं का सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण हुआ। कक्षा-1 से लेकर 11वीं तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक अरुण दयाल ने कहा कि परीक्षा जीवन के उन्नत रूप में संवारने का एक मार्ग है। प्रधानाचार्य मनोज पाठक ने विचार रखे। उप प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। संचालन अंबिका सिंघल ने किया।

# भगवान महावीर की जयंती पर निकाली गई भव्य रथयात्रा

### जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा, जयकारों के बीच आदिनाथ मंदिर पहुंची रथयात्रा, बिलासपुर में जैन समाज ने निकाली पालकी, सैकड़ों लोग रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला फूटा महल स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर से सोमवार को भगवान महावीर की जयंती पर भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत द्वार बनाकर पुष्प वर्षा की और श्रीजी की आरती उतारी। भक्ति संगीत, बैंड-बाजे और जय जिनेंद्र के जयकारों के बीच रथ यात्रा सिविल लाइंस स्थित आदिनाथ मंदिर पहुंची।

धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह के माहौल में श्रीजी की भव्य रथयात्रा श्री दिगंबर जैन मंदिर से शुरू होकर कोतवाली, हाथीखाना, शाहबाद गेट, शौकत अली रोड होते हुए श्री आदिनाथ जैन मंदिर पहुंची। रथयात्रा के दौरान पूरा वातावरण जय जिनेंद्र के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर श्रीजी का भव्य स्वागत किया। रथयात्रा में खवासी बनने का सौभाग्य पुलकित जैन को प्राप्त हुआ, जबकि कुबेर बनने का सौभाग्य सुभाष चंद्र जैन को मिला। श्रीजी के रथ के सारथी बनने का सम्मान सुनील कुमार जैन को प्राप्त हुआ, जिन्होंने पूरे मार्ग में श्रद्धा भाव से रथ का संचालन किया। शोभायात्रा में शिल्पी जैन मंगल कलश लेकर चलीं। जिनके साथ श्रद्धालु महिलाओं की लंबी कतार शामिल रही। श्रीजी के रथ पर प्रथम इंद्र अंकित जैन, द्वितीय इंद्र अविश जैन पुत्र अविरल जैन, तृतीय इंद्र सुरभित जैन तथा चतुर्थ इंद्र कृतांत जैन बने। इस अवसर पर जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवक-युवतियां और बच्चे शामिल रहे। रथयात्रा के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।



श्रीजी की रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार



श्रीजी की पालकी लेकर चलते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



रथयात्रा में मंगल कलश लेकर चलतीं शिल्पी जैन एवं अन्य महिलाएं। ● अमृत विचार

## भगवान महावीर जयंती पर निकाली पालकी यात्रा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन समाज द्वारा नगर में भगवान महावीर जी की पालकी यात्रा निकाली गई। जिसका श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम मंदिर में श्री जी का अभिषेक एवं पूजन किया गया। श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। पालकी को अमित जैन, प्रियांश जैन, सचिन जैन, पुनीत जैन, आशीष जैन, नियम जैन, विपुल जैन, अग्रिम जैन, अरहम जैज, संजीव जैन, आरव जैन लेकर चल रहे थे। समाज के शेष सदस्य सफेद वस्त्रों में एवं महिला वर्ग लाल साड़ियों में नृत्य करते हुए इस यात्रा की शोभा को बढ़ा रहे थे। बैंड की मधुर ध्वनियों पर संगीत लहरिया बिखर रही थीं। अनेक जगहों पर श्रद्धालुओं द्वारा पालकी यात्रा की आरती के साथ स्वागत कर एवं श्री जी को नमोस्तु किया गया। बाद में यात्रा मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंधक पारुल अग्रवाल, सौरभ सक्सेना आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में आदेश जैन, डॉ. पीके जैन, नवीन जैन, सुनील जैन, संजीव जैन, हरीश जैन, नीतू जैन, ईशा जैन, पूनम जैन, शलिनी जैन, शालू जैन, शंकुल जैन, प्रत्यक्ष जैन, सुदीप जैन, संदेश जैन आदि मौजूद रहे। सायं कालीन सभा में आरती के पश्चात श्री जी का पालना हर्षोल्लास से झुलाया गया।



बिलासपुर में भगवान महावीर जी की पालकी यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## नामित सभासदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



कार्यक्रम में शामिल राज्यमंत्री औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल और सभासद।

संवाददाता, बिलासपुर

● शपथ ग्रहण के दौरान लोगों ने सभासदों को दी बधाई

**अमृत विचार:** सोमवार को नगर पालिका सभागार में उपजिलाधिकारी अरुण कुमार ने पांच नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व पालिकाध्यक्ष समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद सभागार में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नामित सभासदों में मधुबाला गुगलानी, अनिल मदान, रमेश चंद्र गंगवार, दिनेश चंद्र शर्मा और परविंदर सिंह शामिल हैं। शपथ लेने के बाद सभी सदस्यों ने शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने नामित सभासदों को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार, धन्नूमल बंसल, हरजीत सिंह, सुनील गुप्ता, दुष्यंत अग्रवाल, बलविंदर सिंह, परमजीत कौर पोला, कुमारी प्रिया, विश्वनाथ शर्मा, रीतु कुमारी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**सैदनगर, अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। युवती का आरोप था आरोपी ने जबर्दस्ती गर्भपात भी कराया था। कुछ दिन बाद युवक शादी से मुकरा तो युवती के होश उड़ गए। युवती ने युवक और उसके परिजनों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। इस दौरान दोनों पक्षों की गांव में पंचायत दी हुई, लेकिन समझौता नहीं हो सका। युवती की तहरीर पर पुलिस ने युवक सोनू और उसके माता-पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को विवेचक उपनिरीक्षक रजनीश कुमार ने पूसे की मंडिया निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# सफाई के बाद दोपहर में खोला गया अंडरपास



पुल पर हो रहे मरम्मत कार्य को देखते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार



अंडरपास की कीचड़ साफ होने के बाद गुजरते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● शहर विधायक ने देर रात मरम्मत कार्य का लिया जायजा

**अमृत विचार:** राम-रहीम पुल बंद होने के बाद अंडरपास की सुचारू रूप से सफाई करने के लिए सोमवार की सुबह अंडरपास को भी बंद कर दिया गया। जिससे लोगों को शहर में आने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं शहर विधायक आकाश सक्सेना ने देर रात राम-रहीम पुल के मरम्मत कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों से कहा कि पुल का मरम्मत कार्य तेजी से पूरा कराया जाए।

राम-रहीम पुल बंद होने के बाद लोगों को सिविल लाइंस तक आवाजाही में काफी परेशानी हो रही थी। इसके बाद लोगों ने हाईवे के निकट स्थित कीचड़ से भरे अंडरपास से आवाजाही शुरू की। सोमवार सुबह अंडरपास को लकड़ी के डंडों से बंद कर दिया। इस दौरान ज्वालानगर निवासी मनोज अपनी बुजुर्ग मां को दिखाने के लिए जिला अस्पताल के लिए लेकर निकले लेकिन, अंडरपास बंद होने से उन्हें काफी परेशानी हुई। दोपहर तक सफाई होने और अंडरपास में सूखी मिट्टी बिछाने के बाद अंडरपास को लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। रविवार की देर रात ज्वालानगर स्थित राम-रहीम पुल पर हो रहे मरम्मत कार्य का भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने जायजा लिया।

उन्होंने पुल पर हो रहे मरम्मत कार्य की गुणवत्ता को परखा और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से कहा कि यह पुल क्षेत्र के लोगों के आवागमन व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# क्षय रोग उन्मूलन के लिए निकाली जागरूकता रैली



किले में जागरूकता रैली निकालतीं स्वयं सेवक एवं साथ में प्राध्यापक।

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के चतुर्थ एक दिवसीय शिविर में क्षय रोग उन्मूलन और मिशन शक्ति अभियान के तहत स्वयं सेवकों ने किले में जागरूकता रैली निकाली। कालेज प्राचार्य डॉ. सुनीता ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना राठौर, डॉ. प्रतिभा यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर प्रो. सबीहा परवीन, प्रो. अनीता देवी, प्रो. निशात बानो, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. सोनू पूरी, डॉ. जया कुमारी, डॉ. कासिम आदि रहे।

# आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को स्मार्टफोन व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लखनऊ के लोक भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जिले की 406 चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

वहीं जिलाधाकारी ने 350 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कार्यों के निष्पादन में तकनीकी सुविधा के लिए स्मार्टफोन भी सौंपे। जिलाधिकारी ने चयनित सहायिकाओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार जायसवाल, सभी सीडीपीओ और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण से मिली प्रेरणा मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण में पोषण, ऑनलाइन सिस्टम और आगे चलकर टेक्नोलॉजी के बढ़ने जैसी योजनाएं सुनकर कार्यकत्रियां काफी प्रेरित हुईं।



आंगनबाड़ी सहायिका को नियुक्ति पत्र देते डीएम और सीडीओ। ● अमृत विचार

● 350 कार्यकत्रियों को बांटे गए स्मार्टफोन

● लखनऊ से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

## आज निपट सकता है मूल्यांकन कार्य

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की कुल 1.23 लाख जबकि, इंटरमीडिएट की 78200 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो गया है। सोमवार को राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज में हाईस्कूल की 5767 जबकि राजकीय रजा इंटर कालेज में इंटरमीडिएट की 5193 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। मूल्यांकन कार्य राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में हो रहा है। मूल्यांकन नियंत्रक संजय कुमार ने बताया कि हाईस्कूल की कुछ विषयों की कॉपियों का मूल्यांकन मंगलवार को होना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंगलवार तक मूल्यांकन कार्य निपट सकता है। राजकीय रजा इंटर कॉलेज में कुल 78200 कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। सोमवार को 5193 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ।

# श्मशान घाट की भूमि पर रास्ते को लेकर हंगामा

संवाददाता, बिलासपुर

● पालिका प्रशासन ने रुकवाया कार्य, लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला कायस्थान में स्थित वर्षों पुराने श्मशान घाट की भूमि से रास्ता निकालने के मुद्दे पर विवाद खड़ा हो गया। निर्माण कार्य शुरू होते ही दो सभासद लोगों के साथ मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। बाद में पालिका प्रशासन ने हस्तक्षेप कर कार्य को रुकवा दिया।

मोहल्ला में स्थित श्मशान घाट की भूमि के एक हिस्से से नया रास्ता निकालने की योजना थी। जैसे ही निर्माण कार्य शुरू हुआ, तभी दो सभासदों समेत स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। विरोध कर रहे सभासद डॉ. बलविंदर सिंह और सभासद पति राजू सैनी ने कहा कि श्मशान की भूमि पर अतिक्रमण या रास्ता निकालने से इसकी पवित्रता और सीमा प्रभावित होगी। आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय के कुछ व्यक्ति अवैध प्लाटिंग करने के चक्कर में इस रास्ते का निर्माण करना चाहते हैं। हंगामे की सूचना मिलते ही नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और स्थिति का जायजा लेने के बाद रास्ते का कार्य रुकवा दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों को कार्यालय में बैठकर शांतिपूर्ण ढंग से बात करने के निर्देश दिए हैं।

माइग्रेशन

4200 किमी . का सफर तय करके नवंबर से फरवरी तक आते हैं पक्षी

# मौसम बदलते ही वतन वापसी करने लगे विदेशी परिंदे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मौसम का मिजाज बदलते ही परदेसी परिंदे अपने वतन वापसी करने लगे हैं। लगभग चार हजार किमी का सफर तय करके प्रवासी पक्षी वतन पहुंचेंगे। रामपुर में कोसी नदी के किनारे, शाहबाद में रामगंगा और मिलक के जलकुंडों पर सर्वाधिक साइबेरियन पक्षी आते हैं, जो कि, जार्जिया, यूक्रेन, ईरान, कजाकिस्तान, मंगोलिया, रूस, साइबेरिया और तिब्बत समेत 30 देशों होते हुए यह पक्षी उड़ान भरते हैं।

रामपुर में प्रवासी पक्षियों का आना नवंबर से फरवरी तक होता है और सर्दियों को मौसम यहां बिताकर मार्च में अपने वतन के लिए उड़ान भरते हैं। डोमिसाइल क्रेन, बार-हेडेड गूज, ग्रेटर फ्लेमिंगो, रोजी पेलिकन, नार्दन शोवलर, इंडियन स्कीमर, पाइड एवोसेट, ब्लैक-टेल्ड गोडविट, सिनेरियस वल्चर, हिमालयन ग्रिफन, रोज फिंच और साइबेरियन स्टोनचैट जैसी प्रजातियां अपने वतन लौट गई हैं या फिर लौटने की तैयारी में हैं। यह पक्षी सर्दियों के दौरान अपने प्रजनन और भोजन तलाश में मध्य एशिया से उड़कर आते हैं। प्रवासी पक्षियों की उड़ान बेहद रोचक होती है यह पक्षी वी और जे आकार की चार प्रकार की संरचनाओं में उड़ते हैं। रात में लंबी दूरी की उड़ानों के दौरान पक्षी फ्लाइट काल्स का उपयोग करते हैं। प्रवासी पक्षी सूर्य, चंद्रमा, तारों की स्थिति और पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र जैसे प्राकृतिक चिह्नों का उपयोग कर अपनी यात्रा की दिशा तय करते हैं। नदियां और पर्वत श्रृंखलाएं जैसे भू-चिह्न भी उनकी यात्रा में सहायक होते हैं। कुछ प्रजातियां तो गंध के आधार पर भी दिशा निर्धारित करती हैं, जो उनकी असाधारण क्षमता है।



जलकुंड में तैरते प्रवासी पक्षी। ● अमृत विचार



उड़ान भरते प्रवासी पक्षी। ● अमृत विचार

● जार्जिया, यूक्रेन, ईरान, कजाकिस्तान, मंगोलिया, रूस, साइबेरिया और तिब्बत होते हुए पहुंचते हैं भारत



हर वर्ष मार्च के महीने में प्रवासी पक्षी अपने वतन लौटने लगते हैं। उनकी आमद नवंबर से फरवरी के बीच साइबेरिया और मध्य एशिया के ठंडे क्षेत्रों से कई पक्षी हजारों किलोमीटर की यात्रा कर रामपुर पहुंचते हैं। इनमें मुख्य रूप से बत्तख प्रजातियां, बार-हेडेड गूज, पेंटेड स्टॉर्क तथा विभिन्न प्रकार के बगुले शामिल हैं। - **डॉ. बेबी तबस्सुम**, जूलॉजिस्ट

प्रवासी पक्षियों के रामपुर पहुंचने पर वाटर बॉडी पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी जाती है। लोगों को जागरूक किया जाता है कि कोई पक्षियों का शिकार नहीं करे। यदि कोई पक्षियों का शिकार करता है तो उसकी तत्काल सूचना वन विभाग को दें। - **प्रणव कुमार जैन**, डीएफओ

# जिले में 36 हजार श्रमिकों की बनेगी फेमिली आईडी

संवाददाता, रामपुर

● फैमिली आईडी न होने पर स्वतः निरस्त हो जाएगा पंजीकरण

● सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में बनाई जा रही है आईडी

**अमृत विचार:** श्रम विभाग 35900 भवन निर्माण श्रमिकों की फैमिली आईडी तैयार कराएगा। फैमिली आईडी बनवाने के लिए विभाग द्वारा श्रमिकों को उनके दूरभाष पर श्रमिकों से संपर्क साधा जा रहा है। सहायक श्रमायुक्त राजकुमार ने बताया कि श्रमिक फैमिली आईडी जनसेवा केंद्र से बनवा सकते हैं।

सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में भी श्रमिकों की फैमिली आईडी बनवाई जा रही है। बताया कि श्रमिक अपने निकटतम खंड विकास कार्यालय के खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, विकास अधिकारी से सम्पर्क कर बनवा सकते है।

शहरी क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कार्यालय सहायक श्रमायुक्त रामपुर की व्यवस्था के साथ-साथ अपने सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत कार्यालय से सम्पर्क करके भी बनवा सकते हैं। भवन निर्माण बोर्ड के अन्तर्गत किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक है। जिन श्रमिकों की फैमिली आईडी नहीं बनेगी उनके पंजीयन स्वतः ही निरस्त होने के साथ वे किसी भी योजना का लाभ भविष्य में नहीं उठा पाएंगे। उन्होंने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है।

## लड़का पक्ष ने तोड़ा रिश्ता, सदमे में परिवार

**शाहबाद, अमृत विचार:** निकाह तय होने के बाद रिश्ता टूटने और दहेज में दिए गए लाखों रुपये के सामान वापस न करने का मामला सामने आया है।

सैफनी थाना क्षेत्र के गांव मियागंज निवासी हमीद ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपनी बेटी मेहराज जहां का रिश्ता शाहबाद के मोहल्ला अफगानान निवासी वसीम के साथ करीब दो वर्ष पूर्व तय किया था। वसीम के पिता अजीज की करीब पांच माह पहले मृत्यु हो गई थी, लेकिन इसके बाद भी दोनों परिवारों के बीच रिश्ता कायम रहा। पीड़ित के मुताबिक गोद-भराई व अन्य रस्मों में सोने की अंगूठी, चेन, घड़ी समेत करीब 3.30 लाख रुपये का सामान दिया था। साथ ही 20, अप्रैल 2026 को निकाह की तारीख भी तय हो चुकी थी। जिसकी तैयारियां भी पूरी कर ली गई थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### नवनीत बने भीम आर्मी के संगठन सचिव

**शाहबाद, अमृत विचार :** भीम आर्मी संगठन का लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष सुनील सागर ने संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नवनीत कुमार को जिला संगठन सचिव और आजम सिद्दीकी को शाहबाद नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनीत कुमार और आजम सिद्दीकी ने संगठन का आभार जताया। इस मौके पर जिला महासचिव ब्रह्म सिंह, मीडिया प्रभारी अतुल कुमार, पप्पू फौजी, नारायण सिंह, हरज्ञान सिंह, लवीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटकर गाय की मौत, कराया दफन

**मिलक, अमृत विचार :** मेंहदीपुर फाटक के पास सोमवार को रेलवे ट्रैक पार करते समय एक गाय की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सोमवार को यह दुखद घटना घटित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल गौ रक्षा दल दुगनपुर के प्रमुख भूमि राजपूत को अवगत कराया। सूचना पर भूमि राजपूत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गोरक्षकों ने गाय का अंतिम संस्कार कराया। इस मौके पर जीतू, नरेश, रिंकू, सौरभ, अरुण, पवन समेत आदि मौजूद रहे।

### रामपुर के नए एसपी होंगे सोमेंद्र मीणा

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी हुई। इसमें रामपुर के पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र का स्थानांतरण सीतापुर सेनानायक 11वीं वाहिनी हो गया है। जबकि महाराजगंज के एसपी सोमेंद्र मीणा को रामपुर भेजा गया है। वो 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। एसपी विद्या सागर मिश्र का करीब तीन महीने बाद सेवानिवृत्त होंगे। ऐसे में उनको सीतापुर भेजा गया है। वो रामपुर में डेढ़ साल से ज्यादा रहे, जून 2024 में विद्या सागर मिश्र को रामपुर का एसपी बनाया गया था। वो सौम्य व्यवहार से लोगों के बीच समन्वय बनाने में कामयाब रहे।


सोमेंद्र मीणा।

# गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को सौंपा ज्ञापन


तहसीलदार को ज्ञापन सौपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**स्वार, अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तहसील अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने ने तहसीलदार आकाश संत को सिलेंडरों की होम डिलीवरी को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि नगर में गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। लोग पूरे दिन अपना काम धंधा छोड़कर लाइनों में लगे हुए हैं। इसके साथ साथ गैस सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है। ज्ञापन सौंपने वालो में नगर अध्यक्ष अनवर अली, उपाध्यक्ष अजेंद्र राठौड़, मुशर्रफ अली, इरफान अली, रईस, फुरकान अली, गुड्डू अली आदि मौजूद रहे।

### रामपुर क्रिकेट कप टी-25 के उद्घाटन पर बोले बीसीसीआई उपाध्यक्ष

# खेलों से टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का होता है विकासः राजीव शुक्ला

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचारः** बमनपुरी स्थित शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को रामपुर क्रिकेट कप टी-25 का भव्य उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीसीसीआई के उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक व पूर्व डीजीपी उप्र डॉ. डीएस चौहान ने फीता काटकर किया।

राजीव शुक्ला ने कहा कि खेलों से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का होता है विकास होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इसके बाद आयोजकों द्वारा सभी मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। रामपुर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति, लोक संस्कृति एवं आधुनिकता के समन्वय से सजे इन कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया तथा पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। मुख्यातिथि राजीव शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। डॉ. डीएस चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और ऐसे टूर्नामेंट उन्हें आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। उद्घाटन समारोह के अंतर्गत एक रोमांचक उद्घाटन मैच का आयोजन किया गया, जो रामपुर चैलेंजर्स एवं रामपुर किंग्स के मध्य खेला गया। मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उनका उत्साहवर्धन किया। पहले दिन दो मैच खेले गए। रामपुर नगर पालिका के अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में मामून शाह, नगर विधायक आकाश सक्सेना, रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन, उपाध्यक्ष अथर अली सहित सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी और दर्शक मौजूद रहे। संचालन अम्बर वशिष्ठ एवं अदनान ने किया।



स्टेडियम में मौजूद बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला व डॉ. डीएस चौहान व अन्य।

# टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता

### आंदोलन के दौरान उड़ीसा में हुई गिरफ्तारी, जिले भर के किसानों ने की रिहाई की मांग

- रामपुर समेत अन्य स्थानों पर किसानों में आक्रोश

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचारः** राकेश टिकैत की उड़ीसा में आंदोलन के दौरान गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही शाहबाद क्षेत्र में किसानों में आक्रोश फैल गया। इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने शाहबाद थाने पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सोमवार देर शाम बड़ी संख्या में किसान थाने पर एकत्र होने लगे और टिकैत की गिरफ्तारी के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने इसे किसान हितों की आवाज दबाने की कार्रवाई बताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की। वहीं, किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द रिहाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर यादव, नरेंद्र यादव, जगतपाल, डीलर किशन लाल सिंह, गुफरान खान, लालाराम, सहाब, नन्नू यादव, नेम सिंह यादव, कमल सिंह, संजीव, अंकित, बन्नू यादव, गोपी यादव, अकरम, गोविंद, तुलाराम, हरेंद्र, अर्पित सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


नैनीताल हाईवे पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

### टिकैत की गिरफ्तारी पर किसानों में उबाल

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को भुवनेश्वर में गिरफ्तार करने पर किसानों में उबाल आ गया और वे सड़कों पर उतर आए। किसान जगह-जगह धरने पर बैठ गए। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय प्रवक्ता किसानों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने उड़ीसा जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें भुवनेश्वर में गिरफ्तार कर लिया। खबर मिलते ही देशभर के किसानों में गुस्सा है। किसी कार्य से दिल्ली गए प्रदेश महासचिव को मैसेज मिलने पर उन्होंने दिल्ली से ही कार्यकर्ताओं को धरना प्रदर्शन करने के लिए कहा। प्रदेश महासचिव की कॉल पर जिलेभर के किसान पुलिस थानों के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदेश महासचिव ने कहा कि किसान अपने नेता की रिहाई और गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारियों पर करवाई नहीं होने तक धरने पर ही बैठे रहेंगे।

### बरेली में होने वाली पंचायत के लिए किसान रवाना

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अंबाबता के सैकड़ों पदाधिकारी और किसान कार्यकर्ता सोमवार को शाहबाद से बरेली में आयोजित महापंचायत में शामिल होने के लिए रवाना हुए। किसानों का जत्था वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खां के नेतृत्व में निकला। जत्थे में शामिल पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर महापंचायत में जोरदार तरीके से आवाज उठाई जाएगी। महापंचायत में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में झंडू सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामचरण सिंह, महावीर सिंह, विद्या, रामपाल, चंद्रपाल, तस्लीम खान, फुर्सत अली, जावेद खान, आदिल खान, इरशाद खान, शकील अहमद, असलम सैफी, गोरखपाल, चेतन पासी, शिवम पासी, शिवम ठाकुर, अनुभव शर्मा, प्रीतम सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पट्टीकला घोसीपूरा के जंगल में दिखा तेंदुआ, दहशत

**मसवासी, अमृत विचार:** घोसीपुरा-पट्टीकलां में ग्रामीणों ने रविवार की देर शाम गन्ने के खेत में तेंदुआ देखा। रात के समय तेंदुए की चहलकदमी की वीडियो वायरल होने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी है। वन दरोगा ने टीम को मौके पर भेजने की पुष्टि की है।

क्षेत्र के गांव घोसीपुरा-पट्टीकलां में गैस बाटलिंग प्लांट के पीछे गन्ने के खेत में ग्रामीणों ने चहलकदमी करते हुए तेंदुए को देखा है। तेंदुए की चहलकदमी की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मामला रविवार की देर शाम का बताया गया है। बताते हैं कि इसी गांव के कई लोग अपने खेतों से लौट रहे थे। अचानक उनकी नजर गन्ने के खेत में टहल रहे तेंदुए पर पड़ी। जिसे देख ग्रामीण घबरा गए। किसी तरह एक ग्रामीण ने हिम्मत जुटाकर तेंदुए की चहलकदमी अपने मोबाइल में कैद कर ली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इससे लोगों दहशत फैल गई। वन दरोगा कुलवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिली है, टीम को मौके पर भेजा गया है।

# गेहूं खरीद के पहले दिन क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंचे किसान


मिलक में गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** गेहूं खरीद के पहले दिन 30 मार्च को क्रय केंद्रों पर किसान गेहूं लेकिन नहीं पहुंचे। गेहूं खरीद के लिए जिले में 114 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। रामपुर और मिलक के क्रय केंद्रों का खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने निरीक्षण किया। 15 जून तक गेहूं खरीद होगी इसके अलावा 78 हजार मीट्रिक टन जिले को लक्ष्य मिला है।

जिले में करीब 2500 किसान पंजीकरण करा चुके हैं। जिले में 1 लाख 25 हजार हेक्टेयर गेहूं का रकबा है। जिले में गेहूं खरीद के लिए पीसीएफ को सबसे अधिक 32 क्रय केंद्र दिए गए हैं। गेहूं क्रय केंद्र रविवार के अलावा राजपत्रित अवकाश के दिन बंद रहेंगे। उन्हीं किसानों से गेहूं की खरीद की जाएगी। जिन्होंने अपना पंजीकरण करा लिया है। इस वर्ष सरकार ने 160 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का मूल्य बढ़ा दिया है। जिले भर में गेहूं खरीद के लिए खाद्य विभाग के 15, पीसीएफ के 32, पीसीयू-27, यूपीएसएस-17, मंडी परिषद-4, नेफेड-18 और एफसीआई के 2 क्रय केंद्र लगाए गए हैं।

- जिले के 114 क्रय केंद्रों पर 15 जून तक होगी गेहूं की खरीद

> गेहूं खरीद के पहले दिन किसान जिले भर में किसी भी क्रय केंद्र पर गेहूं लेकर नहीं पहुंचे हैं। गेहूं की कटाई शुरू हो गई है इसके बाद किसान अपना गेहूं लेकर क्रय केंद्रों पर पहुंचेंगे।
> – **प्रिंस चौधरी,** जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

# जिले भर में कई स्कूलों में वितरित किया गया परीक्षाफल

- एमएलसी ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

संवाददाता स्वार

**अमृत विचारः** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमनगर रामपुर एवं डॉ. दीपचंद मौर्य सरस्वती शिशु मंदिर गांव रुस्तमनगर में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। बरेली मुरादाबाद स्नातक खंड से सदस्य विधान परिषद डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

उन्होंने चैत्र मास शुक्ल पक्ष द्वादशी पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माता सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय के प्रबंधक ख्याली राम लोधी के निर्देशन में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा व आचार्य परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया। मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज लोधी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर बहादुर सक्सेना व संचालन आचार्य ब्रजकिशोर मौर्य ने किया। अंत में प्रधानाचार्य पं. विनोद कुमार मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नरोत्तम सिंह मौर्य, उमेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गौरव सिंह, अनिल कुमार, प्रकाश बाबू, नीरज सिंह, दिलीप कुमार, संजय सिंह, राधा शर्मा, अंजली मौर्य, सुनीता रानी, पूजा टैगोर, शिवानी पाल, ऋषिपाल सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


स्वार में कार्यक्रम को संबोधित करते एमएलसी जयपाल व्यस्त। ● अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय लोहा-द्वितीय में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ। शुभारंभ एआरपी जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, सचिन कुमार पांडेय एवं सुशील कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिक्षा व पर्यावरण' थीम पर बच्चों ने कविता, नाटक एवं नृत्य की प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। इसके बाद परीक्षाफल वितरण किया गया। संचालन प्रधानाध्यापिका हिमानी गुप्ता ने किया। वहीं सहायक अध्यापक विजेंद्र पाल सिंह और आशीष सक्सेना ने कविताएं सुनाई। इस दौरान मिलक ब्लॉक के एआरपी, शिक्षक हिमानी गुप्ता, रश्मि सागर, विजेंद्र पाल सिंह, प्रीति भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।


स्कूल में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# विदाई समारोह में मेधावियों को किया गया सम्मानित


सोहना विद्यालय में शिक्षिका को चित्र देते अतिथि। ● अमृत विचार

**शाहबाद, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय सोहना में मंगलवार को उत्कृष्ट उपलब्धि सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ अशोक कुमार ने फीता काटकर किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमपाल सिंह, शिक्षिका ऋचा शर्मा ने मुख्य अतिथि का बुके भेंटकर और बैज लगाकर स्वागत किया। समारोह में राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका ऋचा शर्मा को खंड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया गया। इस दौरान एआरपी आलोक मिश्रा, जगदीश पटेल, संकुल प्रभारी ज्ञानेश्वर समेत विद्यालय स्टाफ के सदस्य संजय कुमार, अमित सक्सेना, सुषमा सिंह, लाल सिंह, प्रदीप कुमार, पृथी सिंह व नीलम शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वसीम अहमद ने किया।

### स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली

**रामपुर, अमृत विचारः** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं विद्यालय के समस्त शिक्षक आंगनबाड़ी का स्टाफ तथा ग्रामीण वासियों ने प्रतिभाग किया। रैली की खास बात यह थी कि विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के हाथ में एक-एक टीएलएम था, जिससे कि गांव वालों को खेल-खेल में शिक्षा के बारे में भी जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह व अन्य स्टाफ ज्योति विक्रम कुमार लखविंदर कौर निदा खान नीरज गुड्डी आदि मौजूद रहे।



रैली निकालते छात्र। ● अमृत विचार

# चौपाल में शिक्षा की गुणवत्ता और महत्व पर किया मंथन


कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचारः** शाहबाद के ढकिया स्थित कंपॉजिट विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति और विद्यालयी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य डॉ मनोज कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक पाण्डेय ने किया। इस दौरान शिक्षक जयपाल सिंह का कार्यकाल पूर्ण होने पर बीईओ द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर मुनीश चंद्र, शिशुपाल सिंह, ओमेंद्र शर्मा, धर्मपाल सिंह, महावीर सिंह, हिमांशु, ज्योति, महिमा, अश्विनी कुमार, सुधांशु सैनी, अतर सिंह, आलोक मिश्रा मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### सर्व वैश्य एकता महासभा की जिलाध्यक्ष बनीं राधिका



**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की पूर्व नगर उपाध्यक्ष बिना माहेश्वरी के शिवी टॉकीज समीप स्थित निवास पर बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से नवीन महिला कार्यकारिणी का चयन कर जिम्मेदारी सौंपी गई। महासभा की मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने पारूल अग्रवाल को मंडल महामंत्री (महिला) मुरादाबाद घोषित किया। वहीं महासभा की महिला विंग की रामपुर जिलाध्यक्ष राधिका अग्रवाल को नियुक्त किया। जिला महामंत्री शिवांगी अग्रवाल को मनोनीत किया। नगर अध्यक्ष राधा गुप्ता तथा नगर महामंत्री कोमल मित्तल चुनी गई। जिला कोषाध्यक्ष प्रीति गुप्ता को बनाया गया तथा जिला संरक्षक सीमा अग्रवाल तथा नगर संरक्षक बिना महेश्वरी नियुक्त हुई। इस मौके पर जिला महामंत्री शिवांगी अग्रवाल ने सभी को साथ लेकर चलने का संकल्प लिया, नगर अध्यक्ष राधा गुप्ता ने शीघ्र कार्यकारिणी का विस्तार कर संगठन में नई ऊर्जा भरने का काम करेंगी।



### डीएम ने दिव्यांग को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दी

**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनता से की समस्याओं को सुना। तहसील स्वार के ग्राम मुडैया मुरसेना निवासी दिव्यांग अशोक ने बताया कि शारीरिक अपंगता के कारण दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने पर अशोक ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।



### सींगनखेड़ा कंपोजिट विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय सींगनखेड़ा कंपोजिट में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाध्यापक हरिराम दिवाकर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि किसान सेवा सहकारी समिति सभापति महेंद्र सिंह मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा ओम प्रकाश लोधी, पूर्व प्रधान जगत सिंह, ग्राम प्रधान रूपाली एवं एसएमसी अध्यक्ष माया देवी रहीं। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के महनाज़ शकील, गौरव गुप्ता, आलिया बी, समना जुबैर, बबीता चौधरी, जितेन्द्र वीर विक्रम, हुकुम सिंह, प्रतिभा, विकास गुप्ता, नीरज, नीता, तरन्नुम आदि मौजूद रहे।

### चौपाल से होगा का शिक्षा का प्रचार पंकज सैनी

**स्वार, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव धनौरी संकुल के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मधुपुरा में सोमवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। भाजपा जिला मंत्री पंकज कुमार, एआरपी राकेश कुमार, शिक्षक प्रेम बाबू और नोडल संकुल शिक्षक फरजंद अली ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सभासद नौबत राम, संजय सिंह, विक्की, सुनीता, राम स्वरूप, स्वरूप सिंह, नीलाधर, जसवंत सिंह, कामना, राजवती, रामवती, रामचंद्र, तेजराम, वीर सिंह, प्रदीप सिंह, मोती लाल, पंकज, शिखा, मीनाक्षी, जाकिर अली, खलील अहमद, असद अली, दिनेश सिंह और असलम हुसैन आदि मौजूद रहें।



## न्यूज ब्रीफ

### छुट्टा पशु के हमले में किसान की मौत

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव में खेत पर छुट्टा पशुओं को भगाने गए किसान को छुट्टा पशु ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी इकबाल सिंह पुत्र मलखान सिंह सोमवार की दोपहर लगभग दो बजे वह अपने घर पर थे तभी उन्हें किसी ने बताया कि खेत पर छुट्टा पशु घुस गए हैं, जिस पर इकबाल खेत खेत पर पहुंचकर छुट्टा पशुओं को भगाने लगे इसी बीच एक छुट्टा सांड ने उन पर हमला कर दिया जिससे इकबाल की मौत हो गई।

### वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण

**अमरोहा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव एवं न्यायाधीश अभिषेक कुमार व्यास ने जिले के वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों से कार्यप्रणाली व लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, चिकित्सीय सुविधा और अस्थायी आश्रय की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

### धूमधाम से मनेगा परशुराम प्रकटोत्सव

**हसनपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष पंडित विनय कुमार शर्मा ने कहा कि भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। 19 अप्रैल की सुबह 9 बजे ब्राह्मण धर्मशाला के प्रांगण में हवन का आयोजन किया जाएगा और 26 अप्रैल को नगर में भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### कक्षा पांच की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**बिजनौर।** एक 11 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान हकीमपुर नारायण निवासी गोविंद की 11 वर्षीय पुत्री लतिका के रूप में हुई है। वह भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थी और कक्षा पांच की छात्रा थी। पिता गोविंद शुगर मिल में मजदूरी करने गए थे। घर में अन्य बच्चे भी थे, जो खेलने बाहर चले गए थे। शाम को जब पिता घर लौटे तो बेटी को फंदे पर लटका पाया।

# प्रेम संबंध में बाधा बन रहा था, पत्नी ने ही की हत्या

## हत्या में शामिल था प्रेमी और उसका दोस्त, हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मेहराज हत्याकांड**

संवाददाता, हसनपुर



हत्याकांड का खुलासा करते प्रभारी निरीक्षक व पीछे खड़े आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पिपलौती कला में राजमिस्त्री की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी पत्नी के बाद उसके प्रेमी व दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोमवार को कोतवाली पुलिस द्वारा घटनाक्रम का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। रविवार सुबह यूपी 112 व कोतवाली पुलिस को खबर लगी कि पिपलौती कला निवासी 28 वर्षीय मेहराज पुत्र मोमीन की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंच गई। मेहराज का शव बीच गांव स्थित घर के बरामदे में चारपाई पर पड़ा हुआ था। चारपाई के नीचे बिखरा खून सूख चुका था। शव के हाथ-पैर बंधे थे। गले के संग पेट, हाथ व टांगों पर छुरे जैसे धारदार हथियार से काटने के निशान थे। कुछ दूरी पर अलग घर में रहने वाले पिता मोमीन ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब 7 बजे वह मेहराज के घर पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। हैरत की बात यह रही कि मेहराज की पत्नी रूही उस वक्त भी बगल की चारपाई पर चार व दो वर्ष के बेटे के संग आराम से सो रही थी। मोमीन ने चीख पुकार मचाई तो रूही उठी। परिवार व गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। मोमीन ने मेहराज की पत्नी रूही पर हत्या कराने का शक जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रूही को कोतवाली लाकर पूछताछ की तो उसने हत्या का राज उगल दिया। बताया कि अपने प्रेमी एवं रिश्ते के देवर फरमान पुत्र शौकीन व उसके दोस्त अदनान के संग मिलकर मेहराज की हत्या की है। पुलिस ने घटना के बाद रूही को गिरफ्तार कर लिया था। रविवार की रात पुलिस ने उसके आशिक व दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा हत्या में प्रयोग किए गए दो चाकू एवं दो मोबाइल फोन भी आरोपियों की निशानदेही पर बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि प्रेम संबंध में बाधा बन रहे है पति को उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी व उसके दोस्त की मदद से मौत की नींद सुला दिया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### रिश्तों के कत्ल में फिर बदनाम हुआ हसनपुर

हसनपुर तहसील क्षेत्र एक बार फिर रिश्तों के कत्ल को लेकर सुर्खियों में आया है, रिश्ते इस कदर बदनाम हो चुके हैं कि कब कौन किसकी जान ले ले यह कहा नहीं जा सकता। सबसे पहले तहसील क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी का नाम आता है, जहां 14 अप्रैल 2008 को शबनम ने अपने प्रेमी सलीम के साथ मिलकर माता-पिता सहित परिवार के साथ लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी थी। नगर के मोहल्ला हिरनवाले में भी कई वर्ष पूर्व बेटे ने पिता एवं बहन की गला रेतकर हत्या कर दी थी। ऐसे ही तहसील क्षेत्र के कई गांव हैं जहां रिश्तों का कत्ल हो चुका है, सूत्रों की मानें तो हसनपुर तहसील में इस तरीके के करीब 50 मामले हैं जिसमें अपनों ने ही अपनों का कत्ल कर रिश्तों को शर्मशार किया है।

### शादी से पहले से रूही का रिश्ते में देवर फरमान से थे प्रेम संबंध

मृतक मेहराज की पत्नी रूही का उसके रिश्ते के देवर फरमान के साथ शादी से पहले से प्रेम संबंध चल रहे थे। लेकिन परिजनों ने उसकी शादी मेहराज के साथ कर दी लेकिन शादी के बाद भी दोनों का प्यार काम नहीं हुआ। इस बात को लेकर रूही एवं मृतक मेहराज में अक्सर झगड़ा भी होता था। आरोपी फरमान रूही की बहन का देवर भी है।

### आत्महत्या : वृद्धा की नहीं हो सकी शिनाख्त

**गजरौला :** क्षेत्र में ब्रजघाट रेलवे पुल पर बीते सोमवार शाम ट्रेन के सामने कूदकर जान देने वाली वृद्धा की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने वृद्धा के शव का अंतिम संस्कार करा दिया है। जानकारी के अनुसार बृजघाट रेलवे पुल पर सोमवार शाम एक वृद्धा अपने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पहुंची आरपीएफ टीम ने शव को रेलवे ट्रैक से हटवाया था। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। आरपीएफ ने शव का शिनाख्त करवाने की काफी कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी थी।

### अमित कुमार आनंद का तबादला, लाखन सिंह यादव नए एसपी

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद का तबादला कर उन्हें लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। उनके स्थान पर लाखन सिंह यादव को अमरोहा का नया एसपी नियुक्त किया गया है। लाखन सिंह यादव वर्तमान में 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ में सेनानायक के पद पर तैनात थे। वह वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और अब अमरोहा जिले की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, स्थानांतरित हुए अमित कुमार आनंद का कार्यकाल अमरोहा में काफी प्रभावशाली रहा। उनके कार्यकाल के दौरान पुलिसिंग में कई सुधारात्मक पहल की गईं। खासतौर पर ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत कर कार्यालयीन कार्यों को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।



लाखन सिंह यादव।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण को समन्वय से काम करें विभाग : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



बैठक में निर्देश देतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

● **1 से 30 अप्रैल तक जिले में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय अंतर विभागीय बैठक आयोजित की गई। डीएम ने सभी विभागों को शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को नोडल बनाते हुए सभी विभागों को अपने-अपने माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करने को कहा गया है।

सोमवार को आयोजित बैठक में डीएम को अवगत कराया गया कि सभी विभागों से माइक्रो प्लान प्राप्त हो चुके हैं और करीब 95 प्रतिशत कर्मियों व वार्ड सदस्यों का संवेदीकरण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने आगामी हीट वेव को देखते हुए क्या करें और क्या न करें संबंधी पंपलेट आमजन में वितरित करने के निर्देश दिए। डीएम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने, एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही लोगों को डेंगू सहित अन्य संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सफाई कर्मियों से मारपीट, जेसीबी में की तोड़फोड़

**सैदनगली।** नगर पंचायत में सफाई कार्य के दौरान दबंगई का मामला सामने आया है। रविवार की देर रात वार्ड 3 और 4 के बीच हाईवे पर सफाई कर रहे कर्मचारियों के साथ दुकानदार ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जेसीबी चालक मोनू और सफाई कर्मी विकास ने थाने में तहरीर दी कि जब वे नगर पंचायत में राजपाल सैनी की दुकान के पास सड़क किनारे से अतिक्रमण हटा रहे थे, तो आरोपी ने उन्हें रोक दिया। जातिसूचक शब्द कहे। आरोपी ने जेसीबी का शीशा तोड़ दिया और साथी कर्मचारियों अर्जुन व संजीव के साथ भी मारपीट की। जाते समय आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। कर्मचारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला मारपीट का है तहरीर प्राप्त हुई है।

# सीडीओ बोले-स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ाने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधान व अधिकारी। ● अमृत विचार

● **उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में संचालित खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकास खंडों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने जनपद के सभी छह विकास खंडों से चयनित ग्राम प्रधानों को खादी निर्मित अंगवस्त्र एवं 2000 रुपये की प्रोत्साहन धनराशि देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विकासखंड अमरोहा से ग्राम पृथ्वीपुर खुर्द के प्रधान रविशंकर तथा ग्राम याहियापुर के प्रधान लखपत, विकासखंड हसनपुर से ग्राम ताहरपुर के प्रधान संदीप कुमार एवं ग्राम सोहत के प्रधान देशराज को सम्मानित किया गया। वहीं विकासखंड धनौरा से ग्राम लीसड़ी खुर्द की प्रधान करेशना और ग्राम चकनवाला मुस्तकम की प्रधान लज्जा देवी को सम्मान मिला। जोया से ग्राम पतई खालसा की प्रधान माया तथा ग्राम नारंगपुर की प्रधान रेखा, विकासखंड गजरौला से ग्राम भगवानपुर भूड़ उर्फ रहीमपुर के प्रधान कदीर अहमद एवं ग्राम मोहम्मदाबाद मुस्तकम के प्रधान रियासत अली को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने सभी ग्राम प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने-अपने गांवों में स्वच्छता, शिक्षा और रोजगार सृजन के क्षेत्र में इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहें। उन्होंने ग्रामोद्योग के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने उपस्थित ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे भविष्य में भी अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना के लिए बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रेरित करें, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

## न्यूज डायरी



### किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक सोच विकसित करें छात्र : आंजनेय

**सैदनगली।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं नवनिर्मित परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यालय में नवनिर्मित केशव सभागार, स्मार्ट बोर्ड, शीतल प्याऊ व टाइल्स बिछावन का लोकार्पण किया। समारोह को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि वास्तविक स्मार्टनेस वेशभूषा में नहीं, बल्कि ज्ञान और व्यवहार में होती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश निरीक्षक हेमराज सिंह ने विद्यार्थियों को वर्तमान चुनौतियों को समझकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने सत्र 2025-26 का परीक्षाफल घोषित किया।



### मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा...भजन से माहौल भक्तिमय बना

**मंडी धनौरा।** नगर के टीचर कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव मंदिर परिसर में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की कामदा एकादशी के पावन अवसर पर लखदातार श्याम सरकार का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा 334वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित की गई। भजन संध्या में विभिन्न भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन गायक दीपक शर्मा ने खाटू की चौखट पे जो माथा रख देता है... भजन प्रस्तुत किया। वहीं मीनू शर्मा ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है...भजन से माहौल को भक्तिमय बना दिया। अर्पित कौशिक, देव शर्मा, शौर्य मित्तल, लक्की अग्रवाल और कृष वर्मा ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी।



### पेयजल संकट पर बिफरे किसान

**अमरोहा, अमृत विचार :** गजरौला क्षेत्र में दूषित पेयजल की समस्या को लेकर किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि 5 अप्रैल तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान आत्मदाह जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे। नाईपुरा शाहबाजपुर डोर में चल रहे धरने को 100 दिन पूरे होने पर नरेश चौधरी ने बताया कि क्षेत्र का पानी जहरीला हो चुका है और पीने योग्य नहीं है। कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद न तो जूबिलेंट फैक्ट्री के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई और न ही किसानों के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गई। इससे किसानों का प्रशासन पर से भरोसा उठ चुका है। नरेश चौधरी ने बताया कि किसानों ने 5 अप्रैल को महापंचायत बुलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव दलजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



### मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

**संवाददाता हसनपुर, अमृत विचार :** सोमवार को नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एचएसएस पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव द्वारा मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को उनकी कक्षा बार प्रगति रिपोर्ट प्रदान की गई, साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक राजीव अग्रवाल द्वारा सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की गई एवं कहा कि इस उम्र में शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि को बढ़ाना है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# टीईटी : दिल्ली में आवाज बुलंद करेंगे शिक्षक



टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ हुई बैठक में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● **राजधानी में 4 अप्रैल को महारैली के लिए शिक्षकों ने बनाई रणनीति**

**अमृत विचार :** टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के तत्वावधान में 4 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली को सफल बनाने के लिए जिले में शिक्षकों ने रणनीति तैयार कर ली है। इस संबंध में संस्कार वाटिका, अतरासी में जिला मंत्री मुकेश चौधरी के आवास के निकट विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मांडलिक मंत्री सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा कि यह लड़ाई केवल टीईटी की अनिवार्यता की नहीं, बल्कि शिक्षकों के मान-सम्मान की है। उन्होंने आह्वान किया कि शिक्षक भारी संख्या में बसों के माध्यम से दिल्ली पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करें। प्रांतीय निर्देशों के अनुसार प्रत्येक ब्लॉक से कम से कम चार बसें ले जाने पर सहमति बनी है। टीएफआई के राष्ट्रीय सचिव यशपाल सिंह ने कहा कि जनपद के सभी शिक्षक संगठन एकजुट होकर 4 अप्रैल की सुबह दिल्ली कूच करेंगे। अमरोहा से हजारों की संख्या में शिक्षक महारैली में शामिल होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रास्ते में कहीं भी पुलिस द्वारा बसों को रोका गया तो शिक्षक वहीं धरना-प्रदर्शन शुरू कर देंगे और आंदोलन जारी रहेगा।

# नव दुर्गा मंदिर में बने शिव मंदिर को लेकर बढ़ा विवाद

संवाददाता, मंडी धनौरा

● **अवैध कब्जे का आरोप, पितरों की मूर्तियां हटाने की मांग**

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला महादेव स्थित प्राचीन नव दुर्गा मंदिर परिसर में बनाए गए नवनिर्मित शिव मंदिर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सोमवार को स्थानीय निवासियों ने तहसीलदार मूसा राम थारू को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

लोगों ने आरोप लगाया कि एक प्रभावशाली परिवार सार्वजनिक मंदिर परिसर को निजी पितृ स्थल में बदलने का प्रयास कर रहा है। रामलीला मैदान के सामने स्थित इस प्राचीन मंदिर परिसर में दिल्ली निवासी एक परिवार द्वारा नए शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। उक्त परिवार ने मंदिर का नाम अपने स्वर्गीय माता-पिता शारदा और विनोद के नाम पर शार-विनोद रख दिया है। मंदिर के अंदर देवी-देवताओं के साथ अपने माता-पिता की मूर्तियां भी स्थापित कर दी गई हैं, जिनका उद्घाटन 2 अप्रैल को प्रस्तावित है। स्थानीय निवासी मुकेश शर्मा ठेकेदार और पूर्व सभासद डब्बू फौजी का कहना है कि किसी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर पितरों की मूर्तियां स्थापित करना न तो शास्त्र सम्मत है और न ही सामाजिक रूप से स्वीकार्य। उन्होंने इसे मंदिर पर कब्जा करने की मंशा करार दिया। शहरवासियों ने स्पष्ट किया कि मंदिर का नाम प्राचीन देवी मंदिर ही बना रहना चाहिए और किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर इसका नामकरण उन्हें स्वीकार नहीं है।

### नलकूप के हौज में गिरकर छह वर्ष के बच्चे की गई जान

**सैदनगली, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घर के बाहर खेल रहे छह वर्षीय मासूम की नलकूप के पानी से भरे हौज में गिरकर मौत हो गई। इकलौते बेटे की असमय मृत्यु से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, गांव ककरौआ निवासी किसान सोविंद्र सिंह का छह वर्षीय बेटा सोमवार शाम करीब पांच बजे घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह पास ही स्थित नलकूप के हौज तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि हौज में पानी भरा हुआ था, इसी दौरान वह उसमें गिर गया। काफी देर तक बच्चे के नजर नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान मासूम का शव हौज में मिला।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र और स्मार्टफोन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



स्मार्टफोन के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

● **11 आंगनबाड़ी केंद्रों और दो बाल विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण**

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तहत आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र और स्मार्ट फोन दिया गया। कार्यक्रम में लखनऊ स्थित लोक भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने 298 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और 10 कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिए। 123 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। 11 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण तथा दो बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास भी किया गया। डीएम निधि गुप्ता ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी बच्चों के पोषण, शिक्षा और समग्र विकास से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से सुपोषण, साक्षरता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि सरकार द्वारा हजारों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। साथ ही स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं।

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 05 नियम 01 व 05)**
**न्यायालय श्रीमान वाणिज्यिक न्यायालय महोदय, मुरादाबाद**
**पीठासीन न्यायाधीश - ममता गुप्ता कचहरी कम्पाउण्ड**
**कक्ष सं.-28 इजराय सं.-16/2025**
**कोटक महिन्द्रा बैंक लि. बनाम राशिद हुसैन आदि**
**नोटिस**
1. राशिद हुसैन पुत्र साजिद हुसैन निवासी 33 पंजू सराय तहसील व जिला सम्भल। 244302 2. नूर जहाँ पत्नी साजिद हुसैन निवासी 161 पंजू सराय तहसील व जिला सम्भल। 244302 3. रवि कुमार सिंह निवासी ग्राम नौसाना तहसील मीरगंज जिला बरेली। 243504 चूंकि उपरिनामांकित कोटक महिन्द्रा बैंक लि. द्वारा डिप्टी मैनेजर एवं अधिकृत हस्ताक्षरी की ओर से इस न्यायालय में 11,67,380.16/- रूपये वसूली हेतु वाद दर्ज कराया गया है। आप उक्त वाद में जवाबदेही करने के लिए दिनांक 15.04.2026 को प्रात: 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से सुनी जायेगी।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 26.03.2026 को जारी किया गया।
**अहल्मद-वाणिज्यिक न्यायालय, मुरादाबाद।**

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**(आर्डर 05 नियम 01 व 05)**
**न्यायालय श्रीमान वाणिज्यिक न्यायालय महोदय, मुरादाबाद**
**पीठासीन न्यायाधीश-ममता गुप्ता**
**कचहरी कम्पाउण्ड कक्ष सं.-28 इजराय सं.-12/2025**
**कोटक महिन्द्रा बैंक लि. बनाम शाहरूख खान आदि**
**नोटिस**
1. शाहरूख खान पुत्र सिराजुल निवासी सराय खजूर मुरादाबाद-244504 उत्तर प्रदेश। चूंकि उपरिनामंकित कोटक मन्द्रिा बैंक लि. द्वारा डिप्टी मैनेजर एवं अधिकृत हस्ताक्षरी की ओर से इस न्यायालय में 7,39,162.51/- रूपये वसूली हेतु वाद दर्ज कराया गया है। आप उक्त वाद में जवाबदेही करने के लिए दिनांक 09.04.2026 को प्रात: 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से सुनी जायेगी।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 13.03.2026 को जारी किया गया।
**अहल्मद-वाणिज्यिक न्यायालय, मुरादाबाद**

अमृत विचार

मुरादाबाद, मंगलवार,31 मार्च 2026



# किसानों ने घेरा थाना, वकीलों ने किया प्रदर्शन

## उड़ीसा में राकेश टिकैत की गिरफ्तारी से नाराज किसानों ने थाना किया घेराव, वकीलों ने अधिकारियों पर लगाए आरोप

- चंदौसी में अधिकारियों की कार्यशैली से आक्रोशित वकीलों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा में हिरासत में लिए जाने की खबर से चंदौसी व आसपास के क्षेत्रों में भाकियू कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।कार्यकर्ताओं ने विभिन्न थानों का घेराव कर उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। वहीं चंदौसी में वकीलों ने अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज होकर विरोध प्रदर्शन किया।

राकेश टिकैत सोमवार को उड़ीसा के भुवनेश्वर में चल रहे किसान आंदोलन में भाग लेने जा रहे थे। इसी दौरान उड़ीसा पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। जैसे ही इस घटना की जानकारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मिली, उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बहजोई में पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना बहजोई का घेराव किया गया। वहीं भाकियू नेता रामवीर सिंह यादव ने थाना कुढ़ फतेहगढ़ पर प्रदर्शन किया। इसके अलावा चंदौसी कोतवाली में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी पहुंचे और घेराव कर राकेश टिकैत की तत्काल रिहाई की मांग उठाई। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द रिहाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया।



चंदौसी में थाना का घेराव करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्य प्रणाली को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** तहसील चंदौसी में अधिवक्ताओं ने सोमवार को अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के विरोध में प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एकत्र होकर अपनी समस्याओं को लेकर रोष जताया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी को दिए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील में प्रशासनिक व न्यायिक कार्यों के निस्तारण में गंभीर गतिरोध उत्पन्न हो रहा है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि न्यायिक कर्मचारियों की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है,जिससे मामलों के निस्तारण में अनावश्यक देरी हो रही है ।इसके अलावा लेखपालों द्वारा धारा 34/35 व धारा 116 के मामलों में समय से रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जा रही है। कानूनगो द्वारा ठियाबंदी की रिपोर्ट समय पर नहीं दी जा रही है। वहीं वादकारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है ।अधिवक्ताओं ने जनहित व न्यायहित में तहसील की प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है। प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर, सचिव दिलीप कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आंबेडकर जयंती की अनुमति को लेकर संगठन में रोष

- दूसरे पक्ष को प्रशासन ने दे दी थी अनुमति

**संभल/ चंदौसी, अमृत विचार:** तहसील चंदौसी के गांव कैथल में आंबेडकर जयंती की शोभायात्रा की अनुमति दूसरे पक्ष को दिए जाने पर अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ ने कड़ा रोष जताया है।

संगठन ने पूर्व में दी गई अनुमति को बहाल किए जाने की मांग की है। सोमवार संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि 17 मार्च को आयोजित बैठक में अमरपाल सिंह को जयंती का अध्यक्ष चुना गया था। इसके बावजूद कुछ लोग स्वयं को अध्यक्ष बताकर नियम विरुद्ध शोभायात्रा की अनुमति लेने का प्रयास कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हर वर्ष आंबेडकर जयंती की शोभायात्रा अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के बैनर तले निकाली जाती है और प्रत्येक बार नए अध्यक्ष का चयन किया जाता है। इस परंपरा का पालन न होने से संगठन में असंतोष व्याप्त है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि पूर्व अनुमति बहाल नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में विनोद कुमार,प्रताप सिंह,विजेंद्र सिंह,अमरपाल सिंह,हुकुम सिंह,कपिलदेव,विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से कमरे में लगी आग

**संभल, अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के रझेड़ा सलेमपुर गांव में रविवार देर रात शॉर्ट सर्किट से एक कमरे में आग लग गई, जिससे हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सोमवार को गृह स्वामी कासिम अली ने बताया कि घटना के समय वह अपने दोस्त श्रीपाल के साथ कमरे में ऑनलाइन क्लास पढ़ रहा था। इसी दौरान अचानक हाई वोल्टेज करंट आने से कमरे में आग लग गई। आग लगने से कमरे में खड़ी दो बाइक भी आग की चपेट में आ गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रंप की नीतियों को गलत मान रही अमेरिका की जनता

**संभल, अमृत विचार :** अमेरिका के करीब 50 शहरों में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर संभल से सांसद जियाउर्रहमान वर्क तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका की जनता खुद अपनी नीतियों को गलत मानने लगी है। सोमवार को संभल से सांसद जियाउर्रहमान बर्क एसडीएम कोर्ट के बाहर प्रत्रकारों से वार्ता की। सांसद ने अपने बयान में कहा कि लंबे समय से अमेरिका की नीतियों पर सवाल उठते रहे हैं। जबरन युद्ध और अन्य देशों के आंतरिक मामलों में दखल को लेकर उनका कहना है कि अब वहां के नागरिक भी यह समझने लगे हैं कि ऐसी नीतियां न केवल अन्य देशों के लिए हानिकारक हैं, बल्कि अमेरिका के लिए भी नुकसानदेह साबित हो रही हैं।


सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

### खाना बनाने को लेकर दो भिड़े, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/बबराला, अमृत विचार :** सोमवार को मुनीम कॉलोनी निवासी अमित वर्मा ने थाना बबराला में दी गई तहरीर में बताया कि 28 मार्च को उसके बड़े भाई अंकित वर्मा ने घर में खाना बनाने को लेकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अंकित ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके कंधे पर चोट लगी है। आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने छोटे भाई की तहरीर के आधार पर बड़े भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एक दिवसीय एनएसएस शिविर किया गया आयोजित

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम पीजी कॉलेज संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया ।जिसे जल जीवन मिशन के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की बात पर जोर दिया गया। सोमवार को प्रथम सत्र में विशेषज्ञों ने विचार रखते महाविद्यालय प्राचार्य प्रो .योगेंद्र सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य देश के हर नागरिक को नल से शुद्ध पानी पहुंचाना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ .नेमपाल सिंह ने मध्य गंगा नहर व प्राकृतिक पर्यावरण पर प्रकाश डाला।

# अनियंत्रित होकर गिरी बाइक बेटे की मौत, पिता गंभीर घायल

- पिता के साथ संभल जा रहा था जगदेव, तभी हुआ हादसा
- विचेटा मार्ग के पास हुआ दूसरा हादसा

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां पिता-पुत्र की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।

सोमवार को अमरोहा जनपद के आदमपुर थाना क्षेत्र के भूपुरा निवासी जगदेव अपने गांव से पिता रामगोपाल के साथ बाइक से संभल की ओर जा रहे था। जैसे ही वे आदमपुर रोड सौंधन स्थित बूढ़े बाबा मंदिर के सामने पहुंचे ही थे तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में जगदेव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता रामगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल संभल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने जगदेव को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोग घायल

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** विचेटा मार्ग स्थित गांव बेरनी के पास दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार दो युवक घायल हो गए। सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद एक युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना कुढ़ फतेहगढ क्षेत्र के गांव शहवाजपुर निवासी नीरज पुत्र राजेंद्र सिंह सोमवार की दोपहर एक बजे गांव कुढ़ फतेहगढ़ से अपने गांव जा रहा था। जब वह गांव बेरनी के निकट पहुंचा तो बेरनी गांव से आ रही बाइक से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई ।जिससे बाइक सवार युवक नीरज व दूसरी बाइक पर सवार कालीचरन पुत्र गंगाराम निवासी बेरनी घायल हो गए ।दोनों को एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल लाया गया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद कालीचरण को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

# परीक्षाफल पाकर खुश हुए बच्चे

**संभल, अमृत विचार:** ओ पी एल पब्लिक स्कूल हयातनगर में वर्ष 2025-26 के परीक्षा परिणाम भव्य समारोह सोमवार को आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में देहरादून से आए मोहित खंडूरी व प्रणव नौटियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। 10 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष समारोह में केक काटकर शुभकामनाएं दी गईं। प्रबंधक नीलांशु वार्ष्णेय,कोषाध्यक्ष रेखा वार्ष्णेय,प्रधानाचार्य शिवानी गुप्ता,श्रेयश वार्ष्णेय,जयप्रकाश गुप्ता,तरुण कुमार,कृपाराम गुप्ता,मास्टर ललित कुमार,दयानंद वार्ष्णेय,विशाल सराफ,जय गोपाल,मास्टर योगेंद्र कुमार,राहुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

**अमृत विचार :** गणेश कॉलोनी में सोमवार को श्रीमदभागवत कथा से पूर्व धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया और महिलाओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की।

सोमवार को शोभायात्रा के दौरान वृंदावन के कथा व्यास ओमप्रकाश महाराज का कमेटी के लोगों ने फूल मालाओं व पटका पहनाकर अभिनंदन किया। उसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। भारी संख्या में कॉलोनी की महिलाओं ने कलश सजा कर विधि विधान से पूजन किया और कलश यात्रा में शामिल हुईं। वहीं अन्य श्रद्धालु शोभायात्र में भक्ति झूमते दिखाई दिए। कलश यात्रा कॉलोनी की भिन्न गलियों में भ्रमण करते हुए गली नंबर 10 से होकर सीता आश्रम शिव मंदिर से होती हुई कथा पंडाल में जाकर सम्पन्न हुई। कथा का आयोजन दिनांक 30 मार्च से पांच अप्रैल तक शाम तीन बजे से सात बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम दौरान नरेश प्रताप सिंह,मुकेश राठौर,डॉ विजय शँखधार,मनोज कुमार तोमर,अरविंद गुप्ता,राकेश कुमार शर्मा एडवोकेट ज्ञानचंद गुप्ता,नेत्रपाल पाल सिंह,ओमवीर सिंह,लक्ष्मण प्रसाद मौर्य,सुभाष गुप्ता,उमेश चौहान,बबलू शर्मा,संजीव शर्मा,राजू चौहान,अनुराग वार्ष्णेय, ह्रदेश यादव,डॉ अतुल शंखधार,सुखलेश सिंह,मुकेश कुमार,ओमेंद्र शर्मा,योगेन्द्र चौधरी आदि लोग शामिल हुए।


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- जयकारों से भक्तिमय हो गया माहौल, जगह-जगह हुआ स्वागत

# भारतीय किसान यूनियन ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

- छुट्टा गायों से फसल नुकसान,आलू का घटता भाव व योजनाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ रोष

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** तहसील संभल क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को संगठन के तहसील अध्यक्ष विजय सिंह यादव ने बताया कि ग्राम कैली पतरासी में कुछ लोग छुट्टा गायों का दूध निकालकर गाँव के खेतों में छोड़ देते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि ऐसी गायों को गौशाला भेजा जाए या दोषियों के घर बाँधा जाए। ज्ञापन के अन्य बिंदुओं में आलू किसानों की दुर्दशा प्रमुख है। बाजार में आलू का भाव 400-500 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया है, जबकि कोल्ड स्टोर का किराया 150 रुपये प्रति कट्टा पहुँच गया। यूनियन ने न्यूनतम 2000-2500 रुपये प्रति क्विंटल भाव व 100 रुपये प्रति कट्टा किराया तय करने की मांग की। इसके अलावा, गंगा एक्सप्रेसवे के औद्योगिक गलियारे के लिए भूमि अधिग्रहण बाजार भाव पर हो, लेखपालों की अवैध वसूली रोकी जाए तथा प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा जैसी योजनाओं में ग्राम प्रधानों की धांधली पर अंकुश लगाया जाए। यादव ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# छुट्टा पशुओं ने किया हमला, कई घायल

कार्यालय संवाददाता संभल

**अमृत विचार :** गांव अझरा के ग्रामीणों ने गांव में छुट्टा पशुओं को छोड़ने को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ग्रामीणों ने गांव के ही कुछ लोगों पर अपने पशुओं को रात में छोड़ने का आरोप लगाया है। इसके अलावा ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं के हमले से कई किसानों को घायल होने की बात कहते हुए पशु पालकों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

सोमवार को अझरा गांव के रामनाथ, भगवानदास, प्रमोद कुमार आदि किसान एकत्र होकर तहसील पहुंचे और नायब तहसीलदार को छुट्टा पशुओं से हो रही परेशानियों के निस्तारण को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें छुट्टा पशुओं द्वारा किसानों की फसल खराब किए जाने की बात कही। उन्होंने कैली अतरासी गांव के राकेश , तोताराम प्रधान उर्फ काले भाय सिह, मुरारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोग दिन में छुट्टा पशु गाय (सांड) की तारबंदी कर दिन भर उसमें रखते हैं और आधी रात के बाद अझरा के खेतों की तरफ छोड़ने का आरोप लगाया है। जिससे हमारी फसलों में भारी नुकसान होता है। 28 मार्च को रात्री दो बजे अझरा गांव निवासी सुमित का पालतू सांड लोगों पर हमलावर हो गया। जिससे कई लोगों के गंभीर चोट आईं है। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर छुट्टा पशुओं को गौ आश्रय स्थल भेजे जाने और पशुओं को रात में छोड़ने वाले लोगों पर ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामनाथ, भगवानदास, प्रमोद कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


छुट्टा पशुओ के द्वारा फसल के नुकसान के विरोध में ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण।

- ज्ञापन देकर पशुओं को छोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की
- गांव के लोगों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# राइजिंग स्टार व गुरु ब्रिगेड के बीच मुकाबला

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार:** क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड सीता आश्रम पर हो रहे टीचर्स प्रीमियर लीग का दूसरा मैच राईजिंग स्टार और गुरू बिग्रेड के बीच खेला गया। जिसमें गुरु ब्रिगेड ने राइजिंग स्टार को सात रन से हरा दिया। सोमवार को राइजिंग स्टार ने टॉस जीतकर फील्डिंग का निर्णय किया। गुरू बिग्रेड ने पहले खेलते हुए निर्धारित ओवर में 172 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए राइजिंग स्टार की टीम 19.3 ओवर में 165 पर ऑल आउट गई। धीरज मैन ऑफ द मैच रहे। मैच के अंपायर कुश रावत व माथुर रहे ।स्कोरिंग अभिषेक राठौर ने की। मैच के आयोजन में क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष अनिल कपूर, महामंत्री डॉ.गौरव मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# पशुओं को पानी पिलाने के विवाद में हुआ पथराव

- मारपीट में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लठीरा में पशुओं को पानी पिलाने को लेकर परिवार के ही चचेरे-तहेरे भाइयों के बीच विवाद हो गया। मामूली कहासुनी के बाद बात बढ़कर गाली-गलौज,लाठी-डंडों से मारपीट और पथराव तक पहुंच गई। जिसमें दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

रविवार को हुए पथराव में कृष्णा देवी और बबीता गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें पुलिस ने संभल के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले को लेकर गांव निवासी उदयवीर सिंह ने दी तहरीर में बताया है कि उनकी पत्नी और पुत्रवधू पशुओं को पानी पिला रही थीं। इसी दौरान परिवार की अन्य महिलाओं और लोगों से कहासुनी हो गई,जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। आरोप है कि विरोध करने पर दूसरे पक्ष के लोग घर में घुस आए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया,जिससे उनकी पत्नी और पुत्रवधू गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं दूसरे पक्ष के राजेश ने आरोप लगाया कि पशुओं को पानी पिलाने को लेकर उनके परिवार के लोगों से बेवजह गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर उन पर ही लाठी-डंडों से हमला किया गया ।पुलिस मामले की जांच में जुटी है, हालांकि दूसरे पक्ष की ओर से अभी तक तहरीर नहीं दी गई है।

# आजाद अधिकार सेना ने दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** आजाद अधिकार सेना पार्टी के प्रदेश महासचिव खिजर गौस ने उपजिलाधिकारी संभल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्रीय बजट 2026-27 में पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि संभल घनी आबादी वाला जिला है, जहां उच्च स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। निवासियों को दिल्ली, लखनऊ या मेरठ जैसे दूसरे शहरों में जाना पड़ता है, जिससे समय, धन और जीवन का नुकसान होता है। संभल की केंद्रीय स्थिति के कारण यह मुरादाबाद, बदायूं, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर आदि जिलों की बड़ी आबादी को सेवा दे सकता है। जिले में अधिक जनसंख्या, आर्थिक कमजोरी, ऊंची मातृ-शिशु मृत्यु दर एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का अभाव है। खिजर गौस ने मांग की कि बजट में नया एम्स स्वीकृत हो, जिसकी स्थापना संभल में की जाए तथा भूमि आवंटन प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो। पार्टी ने कहा कि यह निर्णय करोड़ों लोगों के जीवन को बचाएगा। उधर, हाल ही राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा था कि एम्स की मांग पर सरकार संतुलित फैसला लेगी। ज्ञापन पर उपजिलाधिकारी ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया है।


अजाद अधिकार सेना के सदस्य नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते। ● अमृत विचार

- केंद्रीय बजट 2026 में एम्स स्थापना की मांग

# संभल-मुरादाबाद रोड पर डग्गामार वाहनों की भरमार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जनपद संभल में डग्गामार वाहनों का बोलबाला जारी है। क्षमता से अधिक सवारियां भरकर ये वाहन हाइवे पर फर्राटा भर रहे हैं,जिससे यात्रियों की जान को खतरा बढ़ गया है। यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के कार्रवाई के दावों पर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं।

वाहनों के दरवाजे-खिड़कियां तक लटक कर सवारियां यात्रा कर रही हैं। संभल-मुरादाबाद मार्ग पर डग्गामार वाहनों की भरमार है। चंदौसी चौराहा, चौधरी सराय व बहजोई जैसे क्षेत्रों में मैजिक व टेंपो का जमावड़ा आम हो गया है। डग्गामार वाहनों का किराया कम होने के कारण लोग रोडवेज बसों से सफर करने में संकोच करते हैं। इससे रोडवेज बसों के राजस्व पर फर्क पड़ रहा है। जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने पहले टीम गठित की गई थी, लेकिन सिंडिकेट इतना मजबूत है कि कार्रवाई टिक नहीं पाती। जिले में 80-100 मैजिक अनियमित रूप से दौड़ रही हैं।


नियम विरुद्ध सवारियां ढो रहा डग्गामार।

- अनाधिकृत रूप से ढो रहे सवारियां

> नियमों का उल्लंघन करने वालों वाहनों पर बराबर कार्रवाई की जा रही है। परिवहन विभाग के साथ मिलकर कार्रवाई की जा रही है।
>
> – **दुष्यंत बालियान**, यातायात प्रभारी संभल

# वर्षों से खस्ताहाल सड़क, लोगों में रोष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संभल-आदमपुर मार्ग सौंधन में सड़क की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। सड़क पर पानी बहने से कई स्थानों पर सड़क टूट चुकी है, ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पिछले दो वर्ष से खस्ता हालत है। जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की दूसरी ओर नाले का निर्माण न होने के कारण बारिश व घरो का गंदा पानी सीधे सड़क पर आ जाता है, जिससे सड़क जल्दी क्षतिग्रस्त हो जाती है। यदि दूसरी साइड में नाला बना दिया जाए तो सड़क टूटने की समस्या से निजात मिल सकती है। सड़क की बदहाल स्थिति के चलते स्कूली बच्चों को विशेष परेशानी उठानी पड़ रही है। बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ रहा है। वहीं भारी वाहनों के निकलने के दौरान कई बार वाहन असंतुलित होकर पलटने से बाल-बाल बच चुके हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विभागीय उदासीनता के चलते सड़क की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क के दूसरी ओर नाले का निर्माण कराया जाए और क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।


संभल से आदमपुर जाने वाले मुख्य मार्ग का खस्ता हाल। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी

> संभल से आदमपुर जाने वाले का मार्ग के निर्माण के प्रस्ताव पास हो गया है। कार्यदायी संस्था को पहली किस्त भी मिल गई है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।
>
> –**एसपी सिंह**, अधीक्षण अभियंता मुरादाबाद मंडल।

## न्यूज ब्रीफ

### लेखा परीक्षा विभाग में पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त (लेखा-परीक्षा) विभाग ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग में 4 वरिष्ठ लेखा परीक्षकों को पदोन्नत किया है। इनमें नीरज कुमार सिंह, पुष्पनारायण सिंह, मनोज कुमार अग्रहरि और अरुण कुमार सिंह (दिव्यांग) शामिल हैं। ये सभी अब सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी (लेवल-8) पद पर कार्य करेंगे। तैनाती के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को विशेष सचिव जयशंकर दूबे ने दी। जारी आदेश में कहा गया है कि पदोन्नति विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर दी गई है। यह पहली अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। तैनाती आदेश अलग से जारी होंगे। वेतनमान लेवल-8 (ग्रेड पे 4800) लागू किया गया है।

### एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच औद्योगिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से 31 मार्च 2026 को वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान को औपचारिक आमंत्रण भेजा है। भोपाल से जारी पत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि यह सम्मेलन वाराणसी के रमाडा होटल में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच व्यापार, शिल्प, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, पर्यटन तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

### पदाधिकारियों संग आज बैठक करेंगी मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम उप्र. में भाजपा और सपा के चुनावी शंखनाद के बाद बसपा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को लखनऊ स्थित कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है, बैठक में आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के जरिए संगठन विस्तार के अलावा चुनावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। बैठक में बसपा प्रमुख द्वारा आगामी विधानसभा चुनावी तैयारियों के अलावा संगठन की जमीनी मजबूती, आर्थिक स्थिति और सर्व समाज में पार्टी का जनाधार बढ़ाने पर चर्चा किए जाने की संभावना है।

### युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को सेवामित्र योजना के तहत संचालित कॉल सेंटर (टोल फ्री 155330) का निरीक्षण किया और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने की दिशा में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया। इस दौरान उप्र. रोजगार मिशन के तहत युवाओं को देश-विदेश में रोजगार दिलाने के उद्देश्य से ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और एएफसी इंडिया लि. के साथ एमओयू किया गया। इसके जरिए युवाओं को अंग्रेजी, जर्मन, जापानी, अरबी और फ्रेंच भाषाओं का प्रशिक्षण देकर उन्हें वैश्विक रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम में 'स्किल ब्रिज' पहल के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। मंत्री ने कहा कि जापान, जर्मनी और यूरोपीय देशों में कुशल श्रमिकों की मांग को देखते हुए प्रदेश के युवाओं को तैयार किया जा रहा है।

### गोबरधन योजना से पंचायतों की बढ़ी आय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गोबरधन योजना के जरिए गांवों में स्वच्छता के साथ आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल विकसित हो रहा है। गोबर और जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन से जहां स्वच्छ वातावरण बन रहा है, वहीं ऊर्जा और जैविक खाद उत्पादन के माध्यम से ग्राम पंचायतों की आय भी बढ़ रही है। फरवरी 2026 तक पंचायतों ने जैविक खाद और अन्य उत्पादों की बिक्री से 28 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित की है। आय के मामले में ललितपुर जिला सबसे आगे है, जहां 3.37 लाख रुपये से अधिक की कमाई हुई है। इसके बाद श्रावस्ती और रामपुर का स्थान है। प्रदेश के 74 जिलों में 116 बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें गोबर, रसोई कचरा और कृषि अवशेषों से स्वच्छ ऊर्जा और जैविक खाद तैयार की जा रही है। कई संयंत्र गौशालाओं में भी लगाए गए हैं। बायोगैस ऊर्जा का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय सुविधाओं के लिए किया जा रहा है।

# पीसीएस-2024 : यूपी की परीक्षा प्रणाली बनी राष्ट्रीय भरोसे का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**10** राज्यों के अभ्यर्थियों को मिली परीक्षा में सफलता

- योगी मॉडल से पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन को मजबूती

**अमृत विचार:** उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस-2024 परीक्षा का परिणाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मजबूत संकेत बनकर उभरा है। इस बार चयन सूची में यूपी के साथ 10 अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की सफलता ने साबित किया है कि यूपी की परीक्षा प्रणाली अब राष्ट्रीय स्तर पर भरोसे का प्रतीक बन चुकी है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यूपी मॉडल ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता को नई पहचान दी है। योग्यता आधारित चयन और तकनीकी निगरानी के चलते अब यूपी की परीक्षाएं देशभर के अभ्यर्थियों के लिए विश्वसनीय मंच बन गई हैं। इस बार कुल 932 चयनित अभ्यर्थियों में 864 (92.7%) उत्तर प्रदेश से हैं, जबकि 68 (7.3%) अभ्यर्थी अन्य राज्यों से सफल हुए हैं।

**सभी राज्यों को समान अवसर:** राज्यवार आंकड़ों में मध्य प्रदेश से 20, हरियाणा से 18, बिहार से 12 और दिल्ली से 9 अभ्यर्थियों की सफलता दर्ज हुई है। यह दर्शाता है कि प्रदेश की परीक्षा प्रणाली में सभी को समान अवसर मिल रहा है और बाहरी राज्यों के अभ्यर्थी भी बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

**अभ्युदय योजना का असर, 43 अभ्यर्थी सफल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभ्युदय कोचिंग योजना का प्रभाव भी इस परिणाम में स्पष्ट दिखा। इस योजना से जुड़े 43 अभ्यर्थियों ने पीसीएस-2024 में सफलता हासिल की है। निःशुल्क कोचिंग, मेंटरशिप और बेहतर मार्गदर्शन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। यह परिणाम योगी मॉडल की उस सोच को मजबूत करता है, जिसमें हर प्रतिभा को समान अवसर देने पर जोर है।

### हर जिले से उभर रही प्रतिभाएं

जिला-वार विश्लेषण में 75 में से 74 जिलों के अभ्यर्थियों का चयन होना इस बात का प्रमाण है कि अब प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, आगरा और अयोध्या जैसे जिलों के साथ संभल, कन्नौज, कासगंज, महोबा और फतेहगढ़ जैसे छोटे जनपदों से भी अभ्यर्थियों की सफलता समावेशी विकास को दर्शाती है।

### संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व

वर्गवार चयन में सामान्य वर्ग से 357, ओबीसी से 270, एससी से 186, ईडब्ल्यूएस से 97 और एसटी से 22 अभ्यर्थियों की सफलता संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व को दिखाती है। टॉप 20 में ओबीसी वर्ग के 8 अभ्यर्थियों की मौजूदगी समान अवसर का मजबूत संकेत है। वहीं टॉप-5 में 80% महिला अभ्यर्थियों की सफलता महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संकेत है।

### सफल अभ्यर्थियों को सीएम योगी ने दी बधाई



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 के परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफल अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ संपन्न कराया गया, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवाओं का विश्वास और मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनसेवा को अपने आचरण का आधार बनाएं और 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं।

## अग्निवीर भर्ती रैली आगरा में कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय सेना पहली अप्रैल से मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, आगरा कैंट में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित करेगी। इसमें उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 19 हजार चयनित अभ्यर्थी शामिल होंगे। चयनित अभ्यर्थी ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब शारीरिक, चिकित्सीय एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। सेना के साथ जिला प्रशासन ने रैली के सफल संचालन की व्यवस्थाएं की है। सेना ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने प्रवेश पत्र के अनुसार, निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएंगे।

# समाजवाद के नाम पर 'परिवारवादी' खा जाते थे गरीबों का हक : मुख्यमंत्री योगी

## 27,99,982 विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को छात्रवृत्ति का वितरण करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

- गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों की जगह जेल, बाप-दादा की कमाई गरीबों में बांटेंगे: योगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवाद के नाम पर परिवारवादियों ने गरीबों का हक खा लिया था, लेकिन अब यह खेल बंद हो चुका है। चेतावनी दी कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को अब मालूम है कि उनकी जगह जेल है। जरूरत पड़ी तो उनकी बाप-दादा की कमाई भी जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कक्षा 9-10 और दशमोत्तर के 27,99,982 विद्यार्थियों के खातों में 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का अंतरण किया। उन्होंने गरीब परिवारों के मुख्य अर्जक की मृत्यु होने पर राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 33,334 आश्रित परिवारों को भी 100 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी सीधे खातों में भेजी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को जमकर आड़े हाथ लिया। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके समय में दिव्यांगों को 300 रुपये पेंशन भी समय पर नहीं मिलती थी, वे आज सवाल उठा रहे हैं। छह महीने में 1800 रुपये जाते थे, लेकिन गरीब को आधे ही मिलते थे, बाकी सपा के गुंडे और बाबू हड़प जाते थे।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 2016-17 में अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति तक नहीं दी गई, क्योंकि खजाना खाली कर दिया गया था और केंद्र की राशि भी डायवर्ट कर दी गई थी। उनकी सरकार को आने के बाद दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ देनी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एक क्लिक पर हजारों करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में योगी सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, असीम अरुण, नरेंद्र कश्यप, दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, यूपी सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### सपा शासन में गुंडे चलाते थे समानांतर सरकार

सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि सपा के शासन में गुंडे समानांतर सरकार चलाते थे, दलितों और वंचितों की कोई सुनवाई नहीं होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि महापुरुषों के स्मारकों के नाम तक बदल दिए गए और समाज को जाति के आधार पर बांटने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आज का प्रदेश पारदर्शिता, विकास और सुशासन का मॉडल बन चुका है।

# हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण अनिवार्य : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर प्रार्थना पत्र का समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी को भी भटकना नहीं पड़ेगा।

जनता दर्शन में मंदिर कब्जा, फसल नुकसान, सड़क और जमीन विवाद समेत कई मामले सामने आए। उन्नाव के बांगरमऊ से आई ममता तिवारी की मंदिर कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। बदायूं के किसान द्वारा फसल नष्ट किए जाने की शिकायत पर उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बलरामपुर के एक फरियादी द्वारा खराब सड़क की समस्या उठाने पर अधिकारियों को मौके पर जाकर निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया।

### जमीन के विवादों में कार्रवाई के निर्देश

जनता दर्शन में जमीन कब्जा, पारिवारिक विवाद और अवैध कॉलोनियों से जुड़े कई मामले भी आए। लखनऊ के एक मामले में आवास आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जबकि सरोजिनी नगर के जमीन विवाद पर एसडीएम को तत्काल निस्तारण का आदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि हर मामले में पीड़ित की संतुष्टि सर्वोपरि है और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जन समस्याओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट कहा है कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है और इसके लिए पारदर्शी व जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों फरियादियों की शिकायतें सुनीं और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में जिम्मेदारी तय की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

## बीज-उर्वरक की कमी पर दी चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश में बीज और उर्वरकों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और उन्नत बीज उपलब्ध हैं, इसलिए किसानों को वितरण में परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वितरण में लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बजट खर्च में लापरवाही पर वेतन से होगी भरपाई : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय योजनाओं में बजट खर्च को लेकर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बजट व्यय में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी और आवश्यकता पड़ने पर उनके वेतन से भरपाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री सोमवार को कृषि भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई समीक्षा बैठक कर रहे थे। वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि कुल 8620.65 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष अब तक 6432.67 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जो 74.62 प्रतिशत है।

# बरेली-मुरादाबाद में 95 करोड़ से मजबूत होगा वैज्ञानिक ढांचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों जिलों में साइंस पार्क स्थापना को वित्तीय स्वीकृति
- पहले चरण में करोड़ों की धनराशि जारी, 18 माह में पूरा होगा निर्माण

**अमृत विचार:** प्रदेश में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मुरादाबाद और बरेली में साइंस पार्क की स्थापना को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। दोनों परियोजनाओं के लिए करीब 95 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मंजूर की गई है और 18 माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार मुरादाबाद में साइंस पार्क के लिए 47.99 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें प्रथम चरण में 705.12 लाख रुपये निर्माण कार्य और 10 करोड़ रुपये मशीनरी व उपकरणों के लिए जारी होंगे। वहीं बरेली में 47.97 करोड़ रुपये की परियोजना के तहत 700 लाख रुपये निर्माण और 10 करोड़ रुपये उपकरणों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

इन साइंस पार्कों में डिजिटल प्लेनेटेरियम, आधुनिक साइंस गैलरी, इंटरैक्टिव प्रदर्शनी और विज्ञान आधारित शिक्षण संसाधन विकसित किए जाएंगे। 'फन विद साइंस', 'एंशिएंट इंडियन साइंस', 'स्पेस साइंस' और 'इवोल्यूशन ऑफ लाइफ' जैसी थीम आधारित गैलरी के माध्यम से छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर रहेगा।

शासन ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट, तकनीकी परीक्षण और पर्यावरणीय मानकों के पालन को अनिवार्य किया है।

## अवैध बूचड़खानों पर रोक से प्राकृतिक खेती को मिला बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में गो तस्करी की घटनाएं आम थीं, लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद अवैध बूचड़खानों पर सख्त कार्रवाई कर इस पर प्रभावी रोक लगाई गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में लगभग 12,58,000 गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि 7,716 स्थानों पर गो संरक्षण का कार्य संचालित है। 'गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन' के तहत करीब 94,000 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# लखनऊ-कानपुर के 11 ब्लड सेंटरों पर कार्रवाई, संचालन पर तत्काल रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएसडीए की जांच में अनियमितताएं मिलीं, अन्य केंद्रों को नोटिस जारी

**अमृत विचार :** बदलते मौसम और संक्रामक बीमारियों के खतरे को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की जांच में अनियमितताएं मिलने पर लखनऊ और कानपुर के 11 ब्लड सेंटरों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

एफएसडीए की टीमों ने लखनऊ के 25 और कानपुर के 13 रक्त केंद्रों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अभिलेखों और रक्त संचालन से जुड़ी प्रक्रियाओं में गड़बड़ियां सामने आईं। इसके आधार पर लखनऊ के सात और कानपुर के चार रक्त केंद्रों पर सभी गतिविधियां तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गईं। विभाग ने अन्य रक्त केंद्रों में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। साथ ही स्थानीय औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा में अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। एफएसडीए का कहना है कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रक्त उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसलिए मानकों से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

### कार्रवाई की जद में आए ये संस्थान

लखनऊ में जिन केंद्रों पर कार्रवाई हुई उनमें नोबेल चैरिटेबल ब्लड सेंटर, श्री साई ब्लड बैंक एंड कंपोनेंट सेंटर, अवध चैरिटेबल ब्लड बैंक, लिटिल स्टार चैरिटेबल ब्लड सेंटर, केएचएस चैरिटेबल ब्लड सेंटर, बॉम्बे चैरिटेबल ब्लड सेंटर और लखनऊ चैरिटेबल ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर शामिल हैं। वहीं कानपुर में वादा, मयांजलि, पुष्पांजलि और स्वास्तिक चैरिटेबल ब्लड सेंटर पर रोक लगाई गई है।

**पहल** | यूपीएसआईएफएस को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी

# फॉरेंसिक के छात्रों को 'धुरंधर' बनाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिग्गज संस्थानों से होंगे एमओयू बढ़ेगा प्रैक्टिकल प्रशिक्षण
- जेल, मेडिकल कॉलेज और टेक्निकल संस्थानों से जुड़कर सीखेंगे अपराध की बारीकियां



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी की गई है। इसके तहत यूपीएसआईएफएस चार प्रतिष्ठित संस्थानों महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करने जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य फॉरेंसिक शिक्षा को केवल सैद्धांतिक न रखकर छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपराध जांच के क्षेत्र में दक्ष विशेषज्ञ बन सकें। यूपीएसआईएफएस के निदेशक जीके गोस्वामी के अनुसार मुख्यमंत्री का विशेष जोर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर है। केजीएमयू के साथ होने वाले एमओयू के तहत छात्र फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम तक की पूरी प्रक्रिया को करीब से समझेंगे। इससे उन्हें मौत की परिस्थितियों और वैज्ञानिक विश्लेषण की गहरी जानकारी मिलेगी।

वहीं, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के साथ समझौते के तहत छात्र जेलों में जाकर बंदियों के केस स्टडी करेंगे। इससे वे अपराध के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों को समझ सकेंगे। डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी के अनुसार, यह अनुभव छात्रों को अपराध की जड़ों तक पहुंचने में मदद करेगा।

महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर के साथ सहयोग से छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे और दोनों संस्थान मिलकर अत्याधुनिक तकनीक से लैस फॉरेंसिक लैब स्थापित करेंगे। इससे अनुसंधान और परीक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर के साथ छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम चलाए जाएंगे। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान और तकनीकी अनुभव का आदान-प्रदान होगा। इस पहल की एक खास विशेषता यह भी है कि फैकल्टी मेंबर्स भी एक-दूसरे के संस्थानों में जाकर लेक्चर देंगे, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता बेहतर होगी।

सरकार का मानना है कि डिजिटल क्राइम, साइबर फ्रॉड और जटिल आपराधिक मामलों में वैज्ञानिक जांच ही सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने का सबसे विश्वसनीय माध्यम है। ऐसे में यह पहल न केवल छात्रों को दक्ष बनाएगी, बल्कि प्रदेश में फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत करेगी।

# 38 नए हेलीपैड निर्माण को 29.89 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जिला-तहसील स्तर पर स्वीकृत हैं हेलीपैड

**अमृत विचार:** प्रदेश में हवाई संपर्क और वीआईपी मूवमेंट को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने सोमवार को विभिन्न जनपदों में 38 नए हेलीपैड के निर्माण को मंजूरी संबंधी शासनादेश जारी करते हुए इसके लिए कुल 29 करोड़ 89 लाख 43 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 का है। जिला, तहसील और ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर हेलीपैड निर्माण परियोजना के तहत पहले चरण में 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। इन हेलीपैडों का निर्माण प्रदेश के उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, औरैया, सोनभद्र, झांसी, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज समेत कई जिलों में किया जाएगा। इनका उद्देश्य मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों के दौरे के दौरान सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# अमृत विचार

मंगलवार, 31 मार्च 2026






लोकतंत्र अच्छा है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं, क्योंकि अन्य प्रणालियां इससे बदतर हैं।
–जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री

## घर में घिरे ट्रंप

अमेरिकी जनता में उभरता व्यापक जन-असंतोष मात्र सत्ता से नीतिगत मतभेद ही नहीं, बल्कि शासन-शैली और संस्थागत संतुलन पर गहरे सवालों का संकेत है। अमेरिका में 'नो किंग्स मूवमेंट' के तहत डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के विरुद्ध जिस प्रकार देशव्यापी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि लोकतांत्रिक समाजों में जनता केवल मतदाता नहीं, बल्कि सतत निगरानी करने वाली शक्ति भी है। इन प्रदर्शनों का दायरा केवल युद्ध नीतियों तक सीमित नहीं। संघीय इमिग्रेशन कानूनों की कठोरता, बढ़ती महंगाई और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर जनता की मुखरता ने ट्रंप के लिए नया मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी जनता के एक वर्ग में यह धारणा मजबूत हुई है कि सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ रहा है और कार्यपालिका, विशेषकर राष्ट्रपति, अपनी शक्तियों का विस्तार असाधारण रूप से कर रहे हैं। ट्रंप द्वारा एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का व्यापक उपयोग, राज्यों की आपत्तियों के बावजूद नेशनल गार्ड की तैनाती और कथित राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच या मुकदमे चलाने के संकेत, इन सबने इस असंतोष को हवा दी है। आलोचकों का आरोप है कि यह प्रवृत्ति अमेरिकी लोकतंत्र की संस्थागत परंपराओं के विपरीत है। ट्रंप स्वयं को 'राजा न होने और 'राष्ट्रहित में निर्णायक नेतृत्व' देने की बात भले ही कहते रहें, पर लोकतंत्र में केवल दावों से नहीं, बल्कि संस्थागत आचरण से विश्वास बनता है। व्हाइट हाउस द्वारा इन विरोध प्रदर्शनों को 'ट्रंप डिरेंजमेंट थेरेपी' कहकर खारिज करना भी चिंताजनक है। यह न केवल असहमति का सामान्यीकरण है, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करने वाला दृष्टिकोण भी है। इतिहास बताता है कि जनमत को नज़रअंदाज़ करने की कीमत राजनीतिक रूप से चुकानी पड़ती है, विशेषकर तब, जब मिडटर्म चुनाव नजदीक हों। यदि ये प्रदर्शन व्यापक और लगातार बने रहते हैं, तो ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग पर नकारात्मक असर पड़ना तय है और इससे चुनावी परिणाम भी प्रभावित हो सकते हैं। तमाम शहरों में जनता का सड़कों पर उतरना यह दर्शाता है कि युद्ध की कीमत समाज को भी चुकानी पड़ती है। लंदन सहित यूरोप के अन्य हिस्सों में भी अमेरिका-इजराइल की नीतियों के खिलाफ आवाज उठ रही है, जो वैश्विक जनमत के बदलते स्वरूप का संकेत है। ये विरोध युद्ध को प्रत्यक्ष तो नहीं रोक सकते हैं, परंतु वे राजनीतिक नेतृत्व पर दबाव अवश्य बनाते हैं। लोकतंत्रों में जनमत दीर्घकालिक नीति-निर्माण को प्रभावित करता है और यही इन आंदोलनों की वास्तविक शक्ति है। भारत के लिए इसमें महत्वपूर्ण सीख छिपी है। पहली, लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना उसकी मजबूती का संकेत है, कमजोरी का नहीं। दूसरी, विदेश नीति में संतुलन न तो अंध समर्थन, न ही अनावश्यक विरोध- पारंपरिक 'रणनीतिक स्वायत्तता' का आधार होना चाहिए। तीसरी, आंतरिक रूप से यह सुनिश्चित करना कि विकास, सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संतुलन बना रहे।

अमेरिका में उठती ये आवाजें हमें याद दिलाती हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, जवाबदेही और जनविश्वास से संचालित होता है। भारत को इस वैश्विक परिघटना से सीखते हुए अपने पहले ही सुदृढ़ लोकतांत्रिक मूल्यों को और प्रबलित करना चाहिए।

## ‘नो किंग्स’ से गूंजा लोकतंत्र का वैश्विक संदेश






राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उभरता जनाक्रोश अब केवल राजनीतिक असहमति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत संतुलन और नागरिक चेतना की व्यापक अभिव्यक्ति बन चुका है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के लगभग 50 शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए, वहीं यूरोप और ऑस्ट्रेलिया सहित 12 देशों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद की। 3300 से अधिक स्थानों पर विरोध और 80 से अधिक विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि यह आंदोलन अब वैश्विक स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

इस व्यापक विरोध के केंद्र में केवल ट्रंप की नीतियां ही नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्रीकरण के प्रति बढ़ती चिंता भी है। इसी संदर्भ में नो किंग्स प्रोटेस्ट का उभार विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह आंदोलन इस विचार के खिलाफ है कि कोई भी नेता लोकतांत्रिक ढांचे में निरंकुश या राजा की तरह व्यवहार करे। नो किंग्स का संदेश स्पष्ट है, लोकतंत्र में सर्वोच्च सत्ता जनता के पास होती है, न कि किसी एक व्यक्ति के हाथों में।

ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अपनाई गई नीतियों, जैसे- सख्त आव्रजन नीति, नस्लीय मुद्दों पर विवादित टिप्पणियां और मीडिया व न्यायपालिका के साथ टकराव ने अमेरिकी समाज को गहरे स्तर पर विभाजित किया। उनके समर्थक, जहां उन्हें एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता के रूप में देखते हैं, वहीं आलोचक उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा मानते हैं। यही विभाजन आज सड़कों पर दिखाई दे रहा है। नॉट माई प्रेसिडेंट और नो किंग्स जैसे नारों का उभार यह दर्शाता है कि एक बड़ा वर्ग सत्ता के प्रति असहमति को खुलकर व्यक्त कर रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर यह असहमति की स्वतंत्रता को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह प्रतिनिधित्व के संकट की ओर भी संकेत करती है। जब नागरिक अपने ही निर्वाचित नेता को स्वीकार करने से इंकार करते हैं, तो यह राजनीतिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं। अमेरिका का इतिहास नागरिक अधिकार आंदोलनों, युद्ध विरोधी अभियानों और सामाजिक न्याय के संघर्षों से भरा रहा है। नो किंग्स आंदोलन उसी परंपरा का आधुनिक संस्करण है, जो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सत्ता का दुरुपयोग न हो और लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत बनी रहें। इस आंदोलन में युवाओं और शिक्षित वर्ग की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय परिसरों में हुए प्रदर्शन यह दर्शाते हैं कि नई पीढ़ी राजनीतिक रूप से जागरूक है और वह सत्ता से जवाबदेही की मांग कर रही है। डिजिटल युग ने इस आंदोलन को और गति दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से विचारों का तेजी से प्रसार हो रहा है, जिससे आंदोलन की पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस विरोध के गहरे निहितार्थ हैं। अमेरिका को लंबे समय से लोकतंत्र का आदर्श माना जाता रहा है, ऐसे में वहां इस तरह के व्यापक विरोध-प्रदर्शन यह संकेत देते हैं कि लोकतंत्र एक सतत् प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर सुधार की आवश्यकता होती है।

अब यदि इस पूरे घटनाक्रम को भारत के संदर्भ में देखा जाए, तो कई महत्वपूर्ण समानताएं और सीख सामने आती हैं। भारत भी एक विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र है, जहां समय-समय पर नागरिक अपनी असहमति व्यक्त करते रहे हैं। चाहे वह नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन हों, किसान आंदोलन हो, या अन्य सामाजिक राजनीतिक मुद्दे, भारतीय समाज ने भी लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी आवाज उठाई है।

भारत में भी अक्सर यह बहस होती है कि क्या सत्ता का केंद्रीकरण लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में अमेरिका का नो किंग्स आंदोलन भारतीय संदर्भ में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि लोकतंत्र में संस्थाओं की स्वतंत्रता, मीडिया की निष्पक्षता और न्यायपालिका की स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। यदि ये संतुलन बिगड़ता है, तो नागरिकों का असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

भारत और अमेरिका की परिस्थितियां पूरी तरह समान नहीं हैं। भारत की सामाजिक संरचना, राजनीतिक इतिहास और सांस्कृतिक विविधता अलग है। फिर भी, दोनों देशों में एक समान तत्व यह है कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जब जनता जागरूक होती है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहती है, तभी लोकतंत्र जीवंत बना रहता है। यह भी उल्लेखनीय है कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन की सफलता उसकी प्रकृति पर निर्भर करती है। अमेरिका में हुए अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि नागरिक अपने अधिकारों का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण सीख है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को शांतिपूर्ण और रचनात्मक बनाए रखना आवश्यक है, ताकि वे व्यापक समर्थन प्राप्त कर सकें और सकारात्मक बदलाव ला सकें।

ट्रंप के खिलाफ यह आक्रोश केवल एक व्यक्ति के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारा के खिलाफ है, जो लोकतंत्र को कमजोर कर सकती है। नो किंग्स आंदोलन इस बात का प्रतीक है कि नागरिक किसी भी प्रकार के निरंकुश व्यवहार को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत सहित पूरी दुनिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है। जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरते हैं, तभी लोकतंत्र जीवंत और प्रभावी बना रहता है। यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निष्कर्ष है।

> अमेरिका के दर्जनों शहरों में 'नो किंग्स' आंदोलन हो रहे हैं। यह भारत सहित पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है।

## प्रसंगवश

## भगवान महावीर: सत्य, तप व संयम की शाश्वत संहिता

प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। महावीर जयंती इस वर्ष 31 मार्च को मनाई जा रही है। भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। 'अहिंसा परमो धर्मः' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे, भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

महावीर का जन्म होते ही उनके पिता राजा सिद्धार्थ के राज्य, मान-प्रतिष्ठा और धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी, इसीलिए उनका नाम वर्धमान रखा गया था और चूंकि वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे, इसीलिए उनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है।

भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नर्क व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते, बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है, या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है।

उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान् व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



ममता दीदी हमेशा पीड़ित होने का नाटक करके राजनीति खेलती हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी वो सिर पर पट्टी बांधे नजर आती हैं। कभी-कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और अब वह (चुनाव) आयोग के सामने खुद को असहाय बता रही हैं और उसकी झूठी आलोचना कर रही हैं।
–अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

वे कहते हैं कि मैं चुनाव के समय पट्टी बांधकर घूमती हूं। मैं कई बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं। जाकर डॉक्टर की रिपोर्ट देखिए। क्या आपने साल 2021 के चुनाव में जानबूझकर मेरे पैर को चोट पहुंचाई थी? मैंने व्हीलचेयर पर बैठकर प्रचार किया।
–ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



## उत्तर भारत की जल सुरक्षा पर मंडराता संकट



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कश्मीर की वादियों में मार्च का महीना आमतौर पर बर्फ के पिघलने और नदियों के उफनते वेग का प्रतीक होता है, लेकिन साल 2026 के मार्च का पहला सप्ताह एक ऐसी खामोशी लेकर आया है, जिसने पर्यावरणविदों और नीति-निर्धारकों की नींद उड़ा दी है। झेलम नदी, जो सदियों से सभ्यता और संस्कृति की संवाहिका रही है, उसका प्रवाह अचानक थम सा गया है। श्रीनगर के बीचों-बीच सूखी गाद और उभरते पत्थरों का दृश्य केवल एक स्थानीय भौगोलिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह समूचे उत्तर भारत की जल व्यवस्था के लिए एक खतरे की घंटी है। इस संकट की जड़ें जितनी गहरी हैं, इसके परिणाम उतने ही व्यापक और विनाशकारी हो सकते हैं।

झेलम का उद्गम कश्मीर घाटी के ऊपरी हिस्से में स्थित बेरीनाग से है और यह लीदर घाटी की बर्फ से जल धारा प्राप्त करती है। वूलर झील में मिलने के पूर्व श्रीनगर के बाद इसमें सिंधु नदी मिलती है। बारामूला के नीचे झेलम कश्मीर घाटी को छोड़कर तेज गति से आगे बढ़ती है और गहरी घाटी बनाती हुई पश्चिम की ओर होती हुई मुजफ्फराबाद पहुंचती है, जहां दाईं ओर से आकर किशनगंगा मिलती है। इसके बाद नदी दक्षिण की ओर कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा-रेखा बनाती हुई बहती है और झेलम शहर के उत्तर-पूर्व में पाकिस्तान में प्रवेश करती है। यहां से 322 किमी आगे बहने के बाद तिरमू के पास यह चेनाब में मिल जाती है। स्पष्ट है झेलम पर दोनों देशों के लाखों लोगों की उम्मीदें रहती हैं– खेत के लिए, पेयजल और बिजली परियोजनाओं के लिए। मार्च के तीसरे हफ्ते में कुछ बरसात और बर्फबारी हुई है, लेकिन नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। झेलम सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं। झेलम जैसी नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं और जब पहाड़ों का 'वाटर बैंक' ही खाली हो, तो मैदानों में प्रवाह की उम्मीद बेमानी हो जाती है, लेकिन संकट केवल नदी के सूखने तक सीमित नहीं है; इसका भयावह असर कश्मीर की पहचान मानी जाने वाली डल झील पर भी दिखने लगा है। झेलम में कम होते प्रवाह और पानी की गति थमने के कारण डल झील के बड़े हिस्से अचानक गहरे हरे रंग में तब्दील हो गए हैं। स्थानीय निवासी, जो दशकों से इस झील के किनारे रह रहे हैं, बताते हैं कि उन्होंने अपने जीवन में डल का ऐसा रूप पहले कभी नहीं देखा। विशेषज्ञों के अनुसार, जब नदी का इनफ्लो (आवक) कम हो जाता है और पानी स्थिर रहने लगता है, तो पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) का जमाव बढ़ जाता है, जिससे पानी की सतह पर इस तरह के बदलाव दिखाई देते हैं।

इस सूखे का तात्कालिक कारण सर्दियों के दौरान हिमालयी क्षेत्र में वर्षा और हिमपात की भारी कमी है। कश्मीर की नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं। जब सर्दियों के 'चिल्लई कलां' जैसे कठिन समय में पहाड़ों पर बर्फ की परतें नहीं जमीं, तो बसंत के आगमन पर नदियों को मिलने वाला प्राकृतिक भंडार खाली रह गया। यह 'हिम-ऋण' अब झेलम के सूखे तल के रूप में हमारे सामने है। झेलम का सूखना केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के चरमराने का संकेत है। इसका सबसे पहला और सीधा प्रहार कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। झेलम घाटी के धान के खेत और दक्षिण कश्मीर के विश्व प्रसिद्ध फलों के बागान इसी नदी के जल पर आश्रित हैं। मार्च और अप्रैल का समय बुवाई और सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस समय जल का प्रवाह न्यूनतम रहा, तो इसका असर न केवल उत्पादन पर पड़ेगा, बल्कि भविष्य की फसल सुरक्षा भी अनिश्चित हो जाएगी। कृषि के बाद, ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा संकट हमारे सामने खड़ा है। भारत की कई महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाएं झेलम के बहाव पर टिकी हैं। नदी का स्तर गिरने से बिजली उत्पादन ठप हो सकता है, जिससे पूरे उत्तरी ग्रिड पर दबाव बढ़ेगा और हमें वैकल्पिक, प्रदूषित ऊर्जा स्रोतों की ओर मुड़ने को मजबूर होना पड़ेगा। जल कूटनीति के नजरिए से भी यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत झेलम के पानी का एक बड़ा हिस्सा सीमा पार जाता है, जबकि भारत के पास इसके सीमित उपयोग के अधिकार हैं। जब प्रकृति की ओर से ही पानी की आवक कम होगी, तो दोनों देशों के बीच संसाधनों के बंटवारे को लेकर तनाव बढ़ना लाजिमी है। ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नई चुनौतियां पेश करेंगी। शहरी जल जीवन और जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झेलम का धीमा पड़ता वेग वुलर और डल जैसी विशाल झीलों और आर्द्रभूमियों के अस्तित्व को संकट में डाल रहा है। प्रवासी पक्षियों के आवास और जलीय जीवों का विनाश इस त्रासदी का वह मौन अध्याय है, जिसे अक्सर विकास की फाइलों में जगह नहीं मिलती। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> झेलम नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। इसके सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं।

## सोशल फोरम

## पुरुष का मन

पुरुष के भीतर एक ऐसी जगह होती है, जहां वह खुद भी आसानी से नहीं पहुंच पाता। बाहर की दुनिया में वह चलता-फिरता, बोलता-बतियाता, फैसले लेता हुआ दिखाई देता है, लेकिन भीतर कहीं एक शांत, गोल-सी जगह होती है, जहां उसके अपने नियम चलते हैं। उस जगह में प्रवेश करना ऐसा होता है, जैसे किसी बंद कमरे में कदम रखना, जहां हर हरकत का अपना अर्थ होता है।



आरके आंद रश
कारोबारी

पुरुष का मन अक्सर बाहर से कठोर दिखता है, लेकिन भीतर वह एक अनुशासन चाहता है। यह अनुशासन किसी डर से नहीं बनता, बल्कि इसलिए बनता है कि भीतर की शांति टूट न जाए। जब आदमी अपने भीतर उतरता है, तो उसे महसूस होता है कि वहां हर दिशा, हर कदम का महत्व है। अगर वह जल्दी-जल्दी भागेगा, अगर वह बिना सोचे किसी भी भावना के बीच से गुज़र जाएगा, तो भीतर की व्यवस्था बिगड़ जाती है।

मन के भीतर भी एक 'आग' होती है। यह आग क्रोध की नहीं होती, बल्कि चेतना की होती है। यही वह जगह है, जहां आदमी अपनी बात खुद से कहता है, जहां उसके संदेह, पछतावे, उम्मीदें और प्रार्थनाएं एक साथ बैठती हैं। इस आग के साथ एक रिश्ता बनाना पड़ता है। अगर आदमी इसे अनदेखा करता है, अगर वह इसमें हर तरह का कचरा छोटी-छोटी शिकायतें, दूसरों की नकल, या बेकार की तुलना डालने लगता है, तो धीरे-धीरे यह आग धुंधली पड़ जाती है।

बहुत से पुरुष बाहर की दुनिया में तो मजबूत दिखते हैं, लेकिन जब वे अपने भीतर बैठते हैं तो उन्हें एहसास होता है कि बैठना भी एक अभ्यास है। शरीर की तरह मन को भी एक मुद्रा चाहिए। जब आदमी थोड़ी देर शांत बैठता है, अपनी पीठ सीधी रखता है, अपने विचारों को भागने नहीं देता, तभी भीतर की आवाज़ धीरे-धीरे साफ़ सुनाई देने लगती है। अगर वह बेचैन होकर हर पल उठने-बैठने लगे, तो वह आवाज़ खो जाती है।

पुरुष का मन एक बंद जगह की तरह भी होता है। उसमें हर कोई, हर विचार, हर भावना बिना इजाज़त नहीं आ सकती, लेकिन अक्सर पुरुष खुद ही इस नियम को भूल जाता है। वह हर आलोचना को भीतर आने देता है, हर तुलना को जगह दे देता है, हर डर को अपने कमरे में बैठा लेता है। धीरे-धीरे उसका मन भीड़ से भर जाता है। फिर उसे समझ नहीं आता कि उसकी अपनी आवाज़ कौन-सी है।
–फेसबुक वाल से

## सामयिकी

## बराबरी है तो जमीन पर भी नजर आनी चाहिए

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुंच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएं बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय 'साल्ट' के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयां केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है। एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हैं और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहां कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहां हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएं, संस्कृतियां और स्थानीय आवश्यकताएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए एक 'कॉमन कोर' के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे।

न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुंचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊंची फीस- ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है। यदि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और निःशुल्क बनाया जाए, तो यह लोकतंत्र के वास्तविक अर्थ को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।





# ऋषियों की तपोभूमि चंदौली है प्राचीन काशी

पूर्वी उत्तर प्रदेश की पावन भूमि पर स्थित चंदौली जनपद को सामान्यत: आधुनिक प्रशासनिक इकाई के रूप में देखा जाता है, किंतु इतिहास, पुरातत्व और आध्यात्मिक परंपराओं की दृष्टि से यह क्षेत्र प्राचीन काशी परंपरा का अविभाज्य अंग रहा है। काशी केवल वर्तमान वाराणसी तक सीमित नहीं रही, अपितु प्राचीन काल में इसका सांस्कृतिक-धार्मिक विस्तार चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र और गाजीपुर तक फैला हुआ था। मां गंगा ने संगम नगरी प्रयागराज के पश्चात विन्ध्य पर्वत को छूते हुए वाराणसी के दक्षिण दिशा से बाबा विश्वनाथ मंदिर वाले भाग काशी को अपनी गोद में लिया, तो तपस्थली वाले भाग प्राचीन काशी चंदौली को भी गाजीपुर के पूर्व ही उत्तर दिशा से काशी के दोनों संपूर्ण भाग को सामान्य रूप से गौरवान्वित किया है। प्राचीन काशी चंदौली के भौगोलिक मानचित्र पर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के रसूलपुर से बैराठ तक आज भी विद्यमान है। इसकी महत्ता पौराणिक ग्रंथों में विधिवत वर्णित है। यहां ऋषियों की तपोभूमि, शिव-शक्ति उपासना और वैदिक संस्कृति की सशक्त छाप आज भी विद्यमान है। चंदौली का नाम चंद्रसाह नामक बरहौलिया राजपूत के नाम पर बताया जाता है, जिन्होंने यहां एक किला बनवाया था।



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

## नगर की प्राचीनता

यह पूरा जिला काशी राज्य के अधिकार में था। इस जिले से संबंधित अनेक कथाओं के अतिरिक्त यहां प्राचीनकाल की मूल्यवान धरोहरों के प्रमाण पाए गए हैं। ईंट आदि के अवशेष जहां-तहां बिखरे पड़े हैं, अनेक तालाब और कुंड हैं। एक बहुत प्राचीन क्षेत्र बलुआ है, जो सकलडीहा तहसील से 22 किलोमीटर दक्षिण गंगा नदी के तट पर स्थित है। यहां हिंदुओं का एक धार्मिक मेला हर वर्ष माघ महीने में मौनी अमावस्या के दिन लगता है। यह पश्चिम वाहिनी मेला के नाम से जाना जाता है। सकलडीहा तहसील का गांव एक महान अघोरेश्वर संत कीनाराम की जन्मभूमि है। वे वैष्णव धर्म के अनुयायी थे, इनका शिव और शक्ति में गहरा विश्वास था। हेतमपुर गांव एक प्राचीन स्थान है, यहां एक किला है, जिसे 'हेतमपुर किला' कहा जाता है। कहा जाता है कि इसको 14 वीं-15 वीं शताब्दी के बीच राजा टोडरमल के द्वारा निर्मित कराया गया था,जो शेरशाह सूरी के राज्य में निर्माण पर्यवेक्षक थे। मुगलकाल के बाद जागीरदार हेतमखां ने इस पर कब्जा कर लिया। चंदौली के राजदरी, देवदरी, चन्द्रप्रभा क्षेत्र तथा आसपास की पहाड़ियों में शैलचित्र, पत्थर के औजार और गुफाएं मिली हैं। ये प्रमाण बताते हैं कि यहां आदिम मानव निवास करता था और यह क्षेत्र जीवन, साधना और प्रकृति-पूजा का केंद्र था। चंदौली का चौसठी देवी क्षेत्र, चन्द्रप्रभा वन्य क्षेत्र और आसपास के स्थल बौद्ध काल में भी महत्वपूर्ण रहे। समीप स्थित सारनाथ से इसका सीधा सांस्कृतिक संबंध रहा। बौद्ध भिक्षु ध्यान और साधना हेतु इन वनों में निवास करते थे।





## मोक्षदायिनी नगरी

'काश्यां मरणान्मुक्ति:' काशी की यह आध्यात्मिक ऊर्जा केवल एक नगर तक सीमित नहीं थी। चंदौली उस ऊर्जा का वनांचली और तपस्वी स्वरूप रहा। चंदौली क्षेत्र में शिवलिंगों, देवी मंदिरों और शक्ति स्थलों की प्राचीन परंपरा है। यहां की लोक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काशी क्षेत्र की रक्षा हेतु इन वनों में विचरण किया। चंदौली में स्थित चन्द्रप्रभा नदी और वन क्षेत्र को अत्यंत पवित्र चंद्रप्रभा तीर्थ के माना जाता है। यहां स्थित जलप्रपात और कुंडों को प्राचीन काल में तपस्या और स्नान के लिए श्रेष्ठ माना गया। यह स्थान केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, अपितु आध्यात्मिक शांति का केंद्र रहा है।

## विश्वामित्र की कर्मस्थली

चंदौली भूभाग पर हजारों वर्षों से अब तक ऋषि-महर्षियों के तप करने का प्रमाण उपलब्ध है। गंगा नदी के तटों से लेकर वाणगंगा और चकिया नौगढ़ के जंगलों तक विस्तृत यह क्षेत्र सभी दृष्टिकोण से सुरक्षित और शांतिप्रिय रहा है, जहां सैकड़ों वर्षों तक एक मुद्रा में बैठे ऋषि-मुनियों ने साधना की। प्राचीन काशी में ही महर्षि याज्ञवल्क्य को चकिया के पठारी तथा जंगली क्षेत्र की शांति खींच लाई थी। जहां उन्होंने एक पैर पर खड़े होकर सैकड़ों वर्ष तपस्या किया। भगवान शंकर से नाराज होकर महर्षि वेदव्यास ने प्राचीन काशी (चंदौली) के साहूपुरी (व्यासनगर) में आए, जहां अपना क्रोध - त्याग किया और वहीं साधना करने लगे। महर्षि विश्वामित्र ने अपनी कर्मस्थली और लीलास्थली नौगढ़ क्षेत्र को बनाया, इसका प्रमाण कर्मनाशा के रूप में विस्तृत है। महाराज दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी इसी भूभाग से जुड़ी है, जहां मगरौर में महाराज भरत के जन्म का प्रमाण मिलता है, इनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। विद्वानों का यह भी मानना है कि इस समृद्ध क्षेत्र में कभी है हयवंशी क्षत्रियों के संहार हेतु यमदग्नि-पुत्र परशुराम ने अशांति फैलायी थी, जिसका प्रमाण रायल ताल को माना जाता है।



## लोक आस्थाएं एवं परंपराएं

चंदौली की ग्राम्य संस्कृति में आज भी काशी की परंपराएं जीवित हैं। श्रावण मास की शिव पूजा, कार्तिक स्नान, लोक देवी-देवताओं की आराधना, संस्कारों में वैदिक मंत्रोच्चार यह सब दर्शाता है कि चंदौली केवल भौगोलिक इकाई नहीं, अपितु यहां के लोक जीवन में आध्यात्मिक निरंतरता व्याप्त है। चंदौली की लोक संस्कृति में काशी की छवि स्पष्ट दिखाई देती है। यहां की भोजपुरी-काशी बोली में राम, शिव, गंगा और काशी से जुड़े असंख्य लोकगीत प्रचलित हैं। विवाह, जन्म और पर्वों पर गाए जाने वाले गीतों में काशी को पुण्य स्थल के रूप में स्मरण किया जाता है। यहां के शिवरात्रि मेले,नवरात्र उत्सव, कार्तिक पूर्णिमा आदि आयोजनों में काशी परंपरा की झलक मिलती है।

## वर्तमान स्वरूप

आज का चंदौली जनपद आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक विकास के संतुलन का उदाहरण है। वाराणसी से 20 मई, 1997 में अलग होकर चंदौली जनपद बना। यह उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित है, जो वाराणसी से 30 किलोमीटर दूरी पर है। यह जनपद वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र से घिरा हुआ है, जो इसके ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व को और पुष्ट करता है। चंदौली को उत्तर प्रदेश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है। उपजाऊ भूमि, नहर प्रणाली, कर्मनाशा और चन्द्रप्रभा के जल से परिपूरित यह क्षेत्र कृषि के साथ-साथ अब औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों की ओर भी बढ़ रहा है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य, जलप्रपात, ऐतिहासिक स्थल और अनेक धार्मिक स्थल पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र हैं। यदि इनका समुचित विकास किया जाए, तो चंदौली आध्यात्मिक-पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान प्राप्त कर सकता है। चंदौली और काशी का पुराना अटूट संबंध है। जहां काशी (वाराणसी) ज्ञान, मोक्ष और चेतना का केंद्र रही, वहीं चंदौली उसका वन्य, तपस्वी और प्राकृतिक विस्तार क्षेत्र कहा जा सकता है। चंदौली ने काशी की आत्मा को अपने वनों, नदियों, लोक जीवन और आस्थाओं में सुरक्षित रखा है। आज आवश्यकता है कि इस विरासत को पहचाना जाए, संरक्षित किया जाए और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए। चंदौली केवल एक जनपद नहीं, अपितु यह प्राचीन काशी की जीवित स्मृति है।

---

पौराणिक कथा

# कर्ण और वृषकेतु

वेदव्यास लिखित महाभारत में कर्ण की कथा अत्यंत मार्मिक और रहस्यमयी रूप में वर्णित मिलती है। विवाह से पूर्व ऋषि दुर्वासा के वरदान के प्रभाव से कुंती को एक पुत्र प्राप्त हुआ, जिसे समाज के भय से उन्होंने नदी में बहा दिया। यह बालक सूर्यपुत्र कर्ण था। नदी की धारा में बहते हुए उस शिशु को सारथी अधिरथ और उनकी पत्नी ने अपनाकर उसका पालन-पोषण किया। आगे चलकर हस्तिनापुर के महाराज धृतराष्ट्र के ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन ने कर्ण की प्रतिभा को पहचानते हुए उसे अपना मित्र बनाया और अंग देश का राजा बनाया। कर्ण के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यही रही कि न तो वह स्वयं अपने जन्म का सत्य जान पाया और न ही पांडव और कौरव इस रहस्य से परिचित थे कि वह कुंती का ज्येष्ठ पुत्र है। कर्ण की दो पत्नियां थीं-ऋषाली और सुप्रिया। ऋष्ाली सूत कुल की थीं। उनसे कर्ण को नौ पुत्र प्राप्त हुए। महाभारत युद्ध के दौरान कर्ण के आठ पुत्र- वृषसेन, चित्रसेन, सत्यसेन, सुसेन, शत्रुंजय, प्रसेन, बनसेन और अन्य अर्जुन, भीम तथा सात्यकि जैसे महारथियों के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। केवल सबसे छोटा पुत्र वृषकेतु, जो उस समय अल्पायु था, भीष्म पितामह के आदेश से युद्ध में शामिल नहीं हुआ।



शिवचरण चौहान
लेखक



महाभारत युद्ध के उपरांत कर्ण का अंतिम संस्कार उसके वरदानानुसार श्रीकृष्ण के हाथों संपन्न हुआ। कर्ण की पत्नी ऋषाली पति-वियोग सहन न कर सकीं और सती हो गईं। इधर वृषकेतु ने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लेने का संकल्प लिया, परंतु सम्राट युधिष्ठिर ने सत्य स्वीकार करते हुए कर्ण को अपना बड़ा भाई घोषित किया और वृषकेतु को स्नेहपूर्वक इंद्रप्रस्थ का अधिपति बना दिया। वृषकेतु ने बाद में अर्जुन के साथ कई सैन्य अभियानों में भाग लिया। कुंती द्वारा कर्ण जन्म का रहस्य छिपाए जाने पर धर्मराज युधिष्ठिर ने अपनी माता को श्राप दिया कि भविष्य में कोई भी स्त्री रहस्य नहीं छिपा सकेगी। इसके पश्चात उन्होंने कुंती का त्याग कर दिया। कुंती, धृतराष्ट्र, गांधारी, विदुर और संजय वन को प्रस्थान कर गए। कहा जाता है कि कर्ण को न स्वीकार पाने का पश्चाताप कुंती को जीवनभर व्यथित करता रहा, ऐसे में वृषकेतु ने ही उनका सहारा बनकर सेवा की।

एक दिन जंगल में आग लग गई और आग बहुत तेजी से फैलने लगी। आंखों में पट्टी बांधे गांधारी और धृतराष्ट्र नहीं भाग सके। जंगल की आग में जलने लगे तो उनके साथ कुंती, विदुर और संजय ने साथ नहीं छोड़ा और सभी के सभी जंगल की आग में जलकर मृत्यु को प्राप्त हुए। बाद में जब पांडव हिमालय की ओर प्रस्थान कर गए, तब इंद्रप्रस्थ का शासन वृषकेतु और हस्तिनापुर का राज्य परीक्षित के हाथों में रहा। परीक्षित की मृत्यु तक्षक नाग के दंश से हुई, जिसके पश्चात उनके पुत्र जनमेजय ने नाग यज्ञ का आयोजन किया।

---

# अलखनाथ मंदिर: भाव ही भक्ति



आनंद अखाड़ा के नागा बाबा अलखिया के नाम पर पड़ा अलखनाथ मंदिर नाम किला रोड स्थित 84 बीघे में फैला बेहद प्राचीन है। मुगलों के आक्रमण के समय धर्मरक्षा का केंद्र था यह मंदिर। बताते हैं कि वट वृक्ष के बीचो-बीच शिवलिंग स्वयं प्रकट हुए थे। मुगल शासकों के आक्रमण के समय में मंदिर व धर्म की साख बचाने के लिए आनंद अखाड़ा ने नागा बाबा अलखिया को यहां भेजा था। उन्होंने न सिर्फ मंदिर परिसर मुगल आक्रांताओं से सुरक्षित रखा, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा शुरू कर अलखनाथ मंदिर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर दिया। बाबा अलखिया ने यहां पर रहकर तपस्या की फिर मंदिर की स्थापना भी कराई।

*-फीचर डेस्क*



अलखनाथ मंदिर में वट वृक्ष के बीचो-बीच प्रकट हुए शिवलिंग के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यहां पर भक्त जिस भाव से आते हैं भोलेनाथ भी उसकी इच्छा उसी भाव से पूरी करते हैं। अलखिया बाबा के बाद 1008 सूरज गिरि, नागा बाबा दत्त गिरि और कमल गिरि ने मंदिर की गद्दी संभाली फिर देव गिरि महाराज 24 वर्ष तक गद्दी पर विराजमान रहे। धर्म गिरि और इनके बाद बालक गिरि ने 9 वर्ष की आयु में यहां आकर अपना पूरा जीवन लगा दिया। अब उनके शिष्य कालू गिरि महाराज 2016 से मंदिर की व्यवस्था देख रहे हैं। मंदिर परिसर में ही मंदिर की गद्दी संभालने वाले महंतों की समाधियां भी बनी हैं।

पुजारी सलोने श्याम के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मंदिर का विकास तेजी से हुआ है। वर्ष 2022 में नाथ मंदिरों में शामिल किए जाने के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त की गई है। मंदिर परिसर में राम-सीता का दरबार, शनि मंदिर, शिव विवाह की झांकी, विष्णु दरबार की झांकियां बनी हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान की 51 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर परिसर में सावन, शिवरात्रि आदि त्योहारों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में करीब 25 संत-महंत रहते हैं।

### भक्तों के लिए सीधे-सच्चे हैं बाबा अलखनाथ

पिछले 40 साल से मंदिर आने वाली 60 वर्षीय सुमन ने बताया कि बाबा अलखनाथ बहुत सच्चे हैं। जीवन में जो मांगा आज तक सब कुछ मिला है। इस उम्र में भी यहां रोजाना आती हूं। रमेश ने बताया ठेले पर सामान बेचता था, कभी उन्नति नहीं हुई। पांच साल से बाबा के दर्शन के बाद ही काम पर जाता हूं, अब अपनी कमाई से संतुष्ट हूं। बाबा पर पूरा भरोसा है। मंदिर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है। अलखनाथ मंदिर के बाहर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित लिखा है। हालांकि मंदिर के पुजारी सलोने श्याम के अनुसार ये बोर्ड तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए लगाया गया था। वर्तमान में मंदिर में केवल असामाजिक तत्वों का आना मना है।





---

# किसे कहा जा सकता है गुरु

गुरु मूल रूप से वह शिक्षक नहीं है, जैसा कि हम आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग करते हैं-यानी वह व्यक्ति जो अपने मन से ज्ञान को आप तक पहुंचाता है। ज्ञान पुस्तकों में मिल सकता है। अवधारणाएं एक ही दोपहर में समझी जा सकती हैं। गुरु के पास जो ज्ञान है, उसे न तो समझाया जा सकता है, न ही सिखाया जा सकता है। यह केवल संचारित होता है, ठीक वैसे ही जैसे एक लौ बुझी हुई मोमबत्ती को अग्नि प्रदान करती है। मोमबत्ती लौ नहीं बन जाती, बल्कि वह स्वयं ही उसी अग्नि से भीतर से प्रज्वलित हो जाती है। यही शक्तिपात है।



शिवानंद मिश्रा
आध्यात्मिक लेखक

गुरु उपायः- गुरु ही साधन हैं। एक विशेष प्रकार का अंधकार होता है, जो प्रकाश की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि प्रकाश के अस्तित्व को ही भूल जाना है। आप इसमें वर्षों, दशकों तक भी रह सकते हैं-संसार में कुशलतापूर्वक, बुद्धिमानी से, यहां तक कि कुछ क्षणों के लिए प्रसन्नतापूर्वक भी आगे बढ़ सकते हैं-फिर भी भीतर ही भीतर एक शांत, अनकहा दर्द लिए रहते हैं। एक अनुभूति कि कुछ आवश्यक चीज़ गायब है। कि आप अपने आप की सतही अवस्था में जी रहे हैं। कि आपके भीतर की गहराई को कभी छुआ ही नहीं गया है। यदि आप भाग्यशाली हैं, यदि ब्रह्मांड में कोई असाधारण कृपा से आपकी ओर मुड़ता है, तो एक व्यक्ति प्रकट होता है। सहमेशा वस्त्रों में नहीं। हमेशा औपचारिकता के साथ नहीं। कभी-कभी सबसे साधारण परिस्थितियों में-एक आकस्मिक मुलाकात में, सही समय पर बोले गए एक वाक्य में, किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आपके हाथों में रखी गई पुस्तक में, जिसने बस इतना कहा हो-इसे पढ़ो। लेकिन उस मुलाकात में कुछ ऐसा होता है, जो आपकी अब तक की सभी मुलाकातों से अलग होता है।



उसमें कुछ ऐसा होता है, जो आपको केवल जानकारी नहीं देता, आपका मनोरंजन नहीं करता या आपको सांत्वना नहीं देता-वह आपको बदल देता है। वही व्यक्ति गुरु है। और यह सूत्र-मात्र दो शब्द-'गुरु उपायः', उस बात की घोषणा करता है जिसे तर्कसंगत मन गंभीरता से लेने के लिए लगभग बहुत सरल पाता है-गुरु साधन हैं। केवल साधन नहीं। आध्यात्मिक उपकरणों के अनेक साधनों में से एक नहीं-साधन। वह स्वयं साधन। वह माध्यम, जिसके द्वारा सोई हुई आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को जागृत करती है। गुरु की आवश्यकता क्यों है? आपमें ऐसी कई बातें हैं, जिन्हें आप स्वयं नहीं देख सकते, लेकिन दूसरे उन्हें स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। आंख स्वयं को नहीं देख सकती। मन अपनी कमियों को पूरी तरह से नहीं देख सकता। चेतना में एक विशेष प्रकार की गांठ होती है-वह है अपने आप को केंद्रीय मानने वाली छोटी-सी 'स्व' की गांठ, जिसे उसी हाथ से खोलना असंभव है जिसने उसे बांधा है। आपको एक दूसरे हाथ की आवश्यकता है। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको नियंत्रित करे। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको छोटा करे। बल्कि एक ऐसा हाथ, जो आपके विस्मृति के अंधकार में इतनी स्थिरता, इतने प्रेम और सत्य में इतनी अटूट दृढ़ता के साथ पहुंचे कि उनकी उपस्थिति में वह गांठ स्वतः ही खुलने लगे। वही हाथ गुरु है।

---

बोधकथा

# दीपक और हवा

एक गांव में अर्जुन नाम का एक युवक रहता था। वह बहुत महत्वाकांक्षी था और जीवन में बड़ा नाम कमाना चाहता था, लेकिन हर बार जब वह कोई नया काम शुरू करता, तो थोड़ी सी कठिनाई आते ही हिम्मत हार बैठता। असफलताओं से परेशान होकर एक दिन वह गांव के एक वृद्ध गुरु के पास पहुंचा। अर्जुन ने कहा, "गुरुदेव, मैं मेहनत तो करता हूं, लेकिन बार-बार असफल हो जाता हूं। समझ नहीं आता कि मेरी मेहनत में कमी है या किस्मत साथ नहीं दे रही।" गुरु ने कुछ देर सोचा और उसे रात को अपने साथ बैठने को कहा। जब अंधेरा हुआ, तो गुरु एक छोटा सा दीपक जलाकर अर्जुन के सामने रख दिया। फिर उन्होंने खिड़की खोल दी, जिससे तेज हवा अंदर आने लगी। हवा के झोंकों से दीपक की लौ बार-बार डगमगाने लगी और कुछ ही क्षणों में बुझ गई। गुरु ने फिर दीपक जलाया, इस बार खिड़की बंद कर दी। अब दीपक की लौ स्थिर और शांत जलने लगी। गुरु मुस्कुराते हुए बोले, "अर्जुन, क्या तुमने कुछ समझा?" अर्जुन ने कहा, "जी गुरुदेव, जब हवा तेज थी तो दीपक बुझ गया और जब हवा बंद कर दी तो वह स्थिर जलने लगा।" गुरु ने समझाया, "यह दीपक तुम्हारी मेहनत है और हवा तुम्हारी कमजोरियां-जैसे अधैर्य, डर और जल्दी हार मान लेना। जब तक तुम इन कमजोरियों को अपने ऊपर हावी होने दोगे, तुम्हारी मेहनत का दीपक बार-बार बुझता रहेगा।" अर्जुन ध्यान से सुन रहा था। गुरु ने आगे कहा, "सफलता के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी जरूरी है। जब तुम अपने मन को स्थिर कर लोगे, तब कोई भी कठिनाई तुम्हें रोक नहीं पाएगी।" अर्जुन को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने निश्चय किया कि अब वह हर कठिनाई का सामना धैर्य से करेगा और जल्दी हार नहीं मानेगा। कुछ समय बाद वही अर्जुन अपने काम में सफल होने लगा। अब वह हर परिस्थिति में शांत और दृढ़ बना रहता था। इस कथा से सीख मिलती है केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी हैं।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,947.55 | 22,331 |
| गिरावट | 1635.67 | 488.20 |
| प्रतिशत में | 2.22 | 2.14 |

सोना 1,51,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,37,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 31 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### बीएचईएल को मिला 13,500 करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को तेलंगाना में 2,400 मेगावाट की 'चरण-दो' ताप बिजली परियोजना के मुख्य संयंत्र पैकेज के निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी से 13,500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। बीएचईएल ने सोमवार को यह जानकारी दी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, बीएचईएल अक्टूबर, 2024 में इस परियोजना के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी। इसके बाद 29 मार्च, 2026 को एनटीपीसी ने बीएचईएल को 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों वाली इस परियोजना के मुख्य संयंत्र कार्य के लिए आधिकारिक आवंटन पत्र जारी किया।

### प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का आईपीओ 10 को खुलेगा

**नयी दिल्ली।** देश के पहले पंजीकृत लघु और मझोले रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (एसएम रीट), प्रॉपर्टी शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने सोमवार को घोषणा की कि प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का 244.65 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 10 अप्रैल को खुलेगा। एसएम रीट एक ऐसा निवेश माध्यम है जो छोटे और मध्यम स्तर के निवेशकों को बड़े व्यावसायिक भवनों या संपत्तियों में हिस्सेदारी खरीदने और उससे किराया कमाने का मौका देता है। एक बयान के अनुसार, यह आईपीओ 16 अप्रैल को बंद होगा। इसके लिए प्रति यूनिट 10 लाख से 10.50 लाख रुपये का मूल्य दायरा तय किया गया है।

### वोल्टास को 23.52 करोड़ रुपये का नोटिस

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड को आयातित वस्तुओं के कथित गलत वर्गीकरण के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों से 23.52 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। इसमें शुल्क और जुर्माना दोनों शामिल हैं। वोल्टास ने कहा कि वह इस आदेश का विश्लेषण कर रही है और इस मामले में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सेसटैट) के समक्ष अपील दायर करने सहित उचित कानूनी कदम उठाएगी। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी।

### सीएमपीडीआईएल का शेयर पहले दिन ही टूटा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की इकाई सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) का शेयर सोमवार को 172 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर का कारोबार 162.80 रुपये पर शुरू हुआ, जो निर्गम मूल्य से 5.34 प्रतिशत कम था। कारोबार के दौरान, इसमें 11.45 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 152.30 रुपये पर आ गया। बाद में गिरावट के साथ 154.05 रुपये पर बंद हुआ।

# पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा हर जिले में 2 पंपों पर होगी सुविधा

## केंद्र का फैसला: पीडीएस के तहत 60 दिन के लिए केरोसिन के वितरण की अनुमति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी से दबाव कम करने के लिए सरकार ने पीडीएस के तहत 60 दिनों के लिए कैरोसिन यानी मिट्टी के तेल के वितरण की अनुमति दी है। इसके तहत अब पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन मिलेगा। प्रशासन जिले में सरकारी कंपनियों के अधिकतम दो पेट्रोल पंप इस सुविधा के लिए चुन सकेगा। इनमें से प्रत्येक पंप पर 5,000 लीटर तक केरोसिन स्टोर किया जा सकेगा।

केंद्र सरकार का यह आदेश 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगा, जो राज्य पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। यह 60 दिन की आपातकालीन व्यवस्था रसोई गैस (एलपीजी) पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए की गई है। यह निर्णय पश्चिम एशिया में पिछले एक माह से जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति, विशेषकर रसोई गैस (एलपीजी) में बाधा आने के बाद लिया गया है। भारत अपनी रसोई गैस की लगभग



60 प्रतिशत जरूरत को आयात के जरिये पूरा करता है, जिनमें से 85-90 प्रतिशत गैस खाड़ी देशों से आती है।

युद्ध के कारण इसकी आपूर्ति में रुकावट आई है, जिससे होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 29 मार्च की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत अस्थायी छूट प्रदान की है ताकि 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत केरोसिन का वितरण सुचारू रूप से किया जा सके।

अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में अधिकतम दो नामित सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी (ओएमसी) के पेट्रोल पंप को 5,000 लीटर तक केरोसिन रखने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इन पेट्रोल पंप पर केरोसिन भरने के लिए एजेंट और डीलर को लाइसेंस लेने से छूट दी गई है, जबकि पहले से लाइसेंसधारी टैंकर वाहनों को भी इसके लिए अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। ये छूट कड़ाई से सुरक्षा मानकों और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा जारी संचालन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने के शर्त पर दी गई है।

- **एलपीजी पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उठाया कदम**

केरोसिन के भंडारण, भराई और वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए और इसे जिला प्रशासन तथा पीईएसओ द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

यह आदेश तुरंत प्रभावी होगा और 60 दिन तक या अगले आदेश तक वैध रहेगा। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केरोसिन का उपयोग खाना पकाने और रोशनी के लिए किया जाएगा।

इसे उन 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अस्थायी रूप से फिर से उपलब्ध कराया जाएगा, जिन्हें पहले 'पीडीएस एसकेओ (केरोसिन-मुक्त)' घोषित किया गया था। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गोवा, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

# आईटी मंत्री की चेतावनी: प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड

## गुणवत्ता मानक पूरे नहीं करने वाली कंपनी होगी योजना से बाहर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ किया है कि भारत में प्रोडक्ट डिजाइन और क्वालिटी पर निवेश नहीं करने वाली कंपनियों को ईसीएमएस स्कीम का सरकारी फंड नहीं मिलेगा। साथ ही सिक्स सिग्मा मानक पूरे नहीं करने पर उन्हें योजना से ही बाहर किया जा सकता है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को ईसीएमएस के तहत 7,104 करोड़ रुपये के नए निवेश से जुड़े 29 प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद आगाह किया कि जो लाभार्थी उत्पाद डिजाइन प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं करेंगे, उन्हें योजना से बाहर किया जा सकता है। वैष्णव ने कहा कि यदि उद्योग की ओर से अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाते हैं तो मैं आगे किसी भी भुगतान या नई मंजूरी को रोकने के लिए तैयार हूं।

मंत्री ने मंत्रालय द्वारा निर्धारित एकीकृत दृष्टिकोण का पालन नहीं करने पर उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और उसकी सदस्य कंपनियों की आलोचना भी की। कहा कि मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं क्योंकि यह हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' में विश्वास करते हैं। वैष्णव ने कहा कि देश को इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, कलपुर्जा डिजाइन और मशीन डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है।

मंत्री ने उद्योग को 15 दिन की समय सीमा दी है, जिसके भीतर कंपनियों को यह बताना होगा कि उन्होंने उत्पाद डिजाइन, 'सिक्स सिग्मा' मानक, प्रतिभा विकास और स्थानीय आपूर्ति (सोर्सिंग) जैसे प्रमुख मुद्दों पर क्या कदम उठाए हैं। सिक्स सिग्मा एक ऐसी कार्यप्रणाली है जिसका उद्देश्य उत्पादन में त्रुटियों को न्यूनतम करना और लगभग पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।



नई दिल्ली में 'इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' पर आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### तेज हुई डीपफेक हटाने की कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार किए जाने वाले डीपफेक पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों ने भी अपनी ओर से डीपफेक सामग्री को हटाने के प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में डीपफेक को समाज के लिए एक नया खतरा और अभिशाप बताया। डीपफेक वह प्रौद्योगिकी है जिसके जरिये किसी व्यक्ति की फोटो, आवाज या वीडियो को डिजिटल माध्यम से बदलकर बिल्कुल असली जैसा दिखने वाला फर्जी रूप दे दिया जाता है। बताया- सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक सामग्री को हटाने की अपनी कार्रवाई को लगभग दोगुना या तिगुना कर दिया है।

### प्रौद्योगिकी उद्योग पर फिलहाल असर नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग संगठनों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर बातचीत कर रही है। उद्योग निकायों ने अपने संचालन पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना नहीं दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है कि हीलियम की कमी ने वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने यहां मौजूद हर उद्योग संगठन से बात की है और सभी ने कहा है कि अभी तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा है... । इसमें सेमीकंडक्टर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे और हार्डवेयर क्षेत्र शामिल हैं... । हम उद्योग के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

# रुपया 2025-26 में 9.88 प्रतिशत टूटा 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रुपया वित्त वर्ष 2025-26 में डॉलर के मुकाबले 9.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जो 14 साल में डॉलर के मुकाबले सबसे बड़ी गिरावट है। वित्त वर्ष 2011-12 में, घरेलू मुद्रा, डॉलर के मुकाबले 12.4 प्रतिशत कमजोर हुई थी, उस समय चालू खाते का घाटा बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गया था।

मौजूदा वित्त वर्ष में, यह भारी गिरावट लगातार विदेशी कोषों की निकासी, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक स्तर पर डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुई। वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और नकदी की तंगी ने भी 2025-26 में रुपये पर और दबाव डाला। बाजार के जानकारों के अनुसार, एक अप्रैल से अब तक दूसरी एशियाई मुद्राओं में भी डॉलर के मुकाबले भारी गिरावट देखी गई है। जापानी येन छह प्रतिशत, फिलिपीन की मुद्रा पीसो 5.74 प्रतिशत और दक्षिण कोरियाई वॉन 2.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है।



दक्षिण कोरियाई बैंक शिन्हान बैंक के भारत में ट्रेजरी प्रमुख, सुनल सोधानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 बाहरी झटकों, पूंजी के बाहर जाने और ढांचागत कमजोरियों जैसी कई समस्याओं के एक साथ आने की वजह से रुपया कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में असर डालने वाले कारक 2011-12 के कारकों से अलग हैं।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 80.4% पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4% यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21.45 लाख करोड़ का कर राजस्व (शुद्ध) और 5.8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी, 2025-26 के दौरान केंद्र सरकार का कुल व्यय 40.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का 81.5% है।

## विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन 5.2% बढ़ा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश का औद्योगिक उत्पादन विनिर्माण क्षेत्र में सुधार से फरवरी में 5.2 प्रतिशत बढ़ा। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन फरवरी, 2025 में 2.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जनवरी, 2026 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पहले जारी 4.8 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि तेज होकर छह प्रतिशत हो गई जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 2.8 प्रतिशत थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि भी थोड़ा सुधरकर 3.1 प्रतिशत हो गई।

- **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी किये आंकड़े**

## डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क संबंधी रोक बढ़ाने पर नहीं बन सकी सहमति

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया। लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है। बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे।

उन्होंने कहा कि अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के लिए चुनाव अधिसूचना जारी, 6 अप्रैल तक नामांकन

## पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल में 152 सीटों पर होगा मतदान

**कोलकाता, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी कर दी, जिससे दोनों राज्यों में औपचारिक रूप से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतदान 23 अप्रैल को होने वाला है, जो दो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में एक निर्णायक चुनावी प्रक्रिया होगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है, जबकि नामांकनों की जांच 7 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान शेष 142 विधानसभा क्षेत्रों में होगा, जिसके लिए मतदान 29 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके लिए अधिसूचना 2 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तय की गई है। नामांकनों की जांच 10 अप्रैल को होगी, जबकि उम्मीदवार 13 अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इससे राज्य में चुनावी मुकाबले के अंतिम चरण की तैयारी हो जाएगी। विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 मई को होगी तथा पूरी चुनाव प्रक्रिया 6 मई तक पूरी कर ली जाएगी। इस अधिसूचना के साथ ही मतदान वाले क्षेत्रों में आचार संहिता (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट) लागू हो गई है, जो प्रचार गतिविधियों को नियंत्रित करेगी और सभी उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेगी। निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की जाएगी।

### स्टालिन ने कोलाथुर विस सीट पर्चा भरा

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई के कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र से 13 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद स्टालिन ने विश्वास जताया कि कोलाथुर क्षेत्र की जनता उन्हें लगातार चौथी बार शानदार जीत दिलाएगी। स्टालिन 2011, 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र से विजयी रहे हैं। नामांकन के तुरंत बाद उन्होंने रोड शो किया और लोगों का अभिवादन कर समर्थन मांगा। इस दौरान द्रमुक अध्यक्ष ने कोलाथुर क्षेत्र में अपने कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।



### शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम से पर्चा दाखिल किया

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत दर्ज करेगी। अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एसडीओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। अधिकारी के साथ जिले से भाजपा के दो और प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त अधिकारी कहा कि इस बार मतदाताओं में भाजपा की मांग कहीं अधिक है। भाजपा पश्चिम बंगाल में स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त, विकासोन्मुखी और नैतिक सरकार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी शबरिमला पर मौन, उन्हें धर्म की परवाह नहीं: राहुल

**पत्तनमथिट्टा (केरल), एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि वह केरल दौरे के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप रहे, जो साफ संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) साथ काम कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि नौ अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। कहा कि हम एलडीएफ के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिसे भाजपा का पूरा समर्थन प्राप्त है। एक तरफ संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) है और दूसरी तरफ माकपा-भाजपा का गठजोड़ है। गांधी ने कहा कि भाजपा यहां यूडीएफ को नहीं चाहती क्योंकि वे जानते हैं कि देश में उसे चुनौती देने वाली एकमात्र ताकत कांग्रेस है।

## देश लूटने को समाज के सभी वर्गों में झगड़ा पैदा कर रही भाजपा: ममता



**बेल्दा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा कराने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह इस स्थिति का फायदा उठाकर देश लूटना चाहती है।

- **कहा-आरोप पर उन पर जारी हो जो दंगे भड़का कर जीत चुनाव**

मुख्यमंत्री ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल सरकार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सियासी 'आरोपपत्र' पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा कि पहला आरोपपत्र उनके (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह) खिलाफ दाखिल किया जाना चाहिए, जिन्होंने दंगे भड़काकर सत्ता हासिल की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज के सभी वर्गों में झगड़ा करा रही है। वह ऐसी स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। उन्होंने भाजपा पर प्रशासनिक व पुलिस सेवाओं तक सभी मामलों में हिंदू और मुसलमानों को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## भाजपा ने ममता और तृणमूल नेताओं पर लगाया मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग का रुख कर आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को भाजपा को वोट देने से रोकने के लिए डरा-धमका रहे हैं। इस संबंध में एक अर्जी सौंपते हुए, भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से ममता बनर्जी को चुनाव प्रचार में भाग लेने से रोकने और तृणमूल नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की।

- **चुनाव आयोग से शिकायत, प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग**

निर्वाचन आयोग कार्यालय में अधिकारियों से मिलने गए भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, पीयूष गोयल और सुकांत मजूमदार तथा भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी और राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह शामिल थे। भाजपा ने संवेदनशील और असुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाने की भी मांग की। कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस अप्रभावी हो गई है। भाजपा ने अर्जी में कहा कि राज्य प्रशासन और पुलिस द्वारा हिंसा या धमकी के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई के लिए निर्वाचन पर्यवेक्षकों के रूप में अधिक आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया जाए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दक्षिण सूडान में बंदूकधारियों ने 70 लोगों की हत्या की

**जुबा।** अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में सोने की खदान को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बंदूकधारियों ने 70 से अधिक लोगों की हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घटना का वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें एक खुले मैदान में दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि माना जा रहा है कि कई अन्य पीड़ित झाड़ियों में भाग गए हैं। सूडान के राज्य जेबेल इराक में स्थित सोने की खदान को लेकर पूर्व में भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं। पुलिस प्रवक्ता क्वासीजवोक डोमिनिक अमोण्डोक ने बताया कि जैसे ही उन्हें हमले के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी, वह उसे साझा करेंगे।

### शंघाई-कोलकाता के लिए इंडिगो ने सीधी उड़ान सेवा शुरू की

**बीजिंग।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को शंघाई और कोलकाता के बीच अपनी दैनिक उड़ान सेवा शुरू की, जिससे भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती मिलेगी। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने 'इंडिगो6ई' उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी दी कि इंडिगो के प्रबंधन से मुलाकात में माथुर ने कहा कि यह नई उड़ान सेवा भारत और क्षेत्र के बीच हवाई संपर्क बढ़ने और आर्थिक संबंधों में सकारात्मक संकेत है। इंडिगो और एयर इंडिया जैसी भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने शंघाई को नयी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों से जोड़ना शुरू कर दिया है।

### ब्रिटेन का राजनयिक को जासूसी के आरोप में रूस से निष्कासित

**मास्को।** रूस ने ब्रिटेन के एक राजनयिक को जासूसी के आरोप में सोमवार को निष्कासित कर दिया और उसे दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। एफएसबी (सोवियत काल में केजीबी के नाम से मशहूर) ने कहा, ब्रिटेन के राजनयिक जेन्स वान रेंसबर्ग की राजनयिक मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को रूस में ब्रिटेन की कार्यवाहक राजदूत डैनी ढोलकिया को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। यह कार्रवाई उस खुलासे के बाद की गई, जिसमें कहा गया है कि ब्रिटिश दूतावास के एक राजनयिक ने देश में प्रवेश करते समय अपने बारे में जानबूझकर गलत जानकारी दी थी।

# न्यूजीलैंड में इंदिरा गांधी के हत्यारे के भतीजे की पहचान उजागर

वेलिंगटन, एजेंसी



- पहचान उजागर न करने की अदालत में लड़ रहा था लड़ाई

इंदिरा गांधी के हत्यारों में से एक के भतीजे की पहचान न्यूजीलैंड की अदालत में पहचान गुप्त रखने का मुकदमा हारने के बाद जाहिर कर दी गई है। उसे मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में दोषी करार दिया गया था।

न्यूजीलैंड के वेब पोर्टल ''स्टफ'' ने शनिवार को खबर दी कि बलतेज सिंह को 700 किलोग्राम से अधिक मेथमफेटामाइन आयात करने के आरोप में 22 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। यह न्यूजीलैंड के अधिकारियों द्वारा जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। वह स्थायी रूप से अपना नाम गुप्त रखने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा था। इससे पहले, 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके अंगरक्षकों में से एक सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह के नाम को स्थायी रूप से सार्वजनिक नहीं करने का आदेश यहां के उच्च न्यायालय ने दिया था। अदालत ने यह आदेश बलतेज की इस दलील को स्वीकार करते हुए सुनाया था कि यदि उसकी पहचान उजागर हो जाती है तो उसे और उसके परिवार को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

## कितनी उपयोगी कितनी दिलचस्प

भारत में जनगणना का इतिहास काफी पुराना है। यह जनसंख्या की गिनती ही नहीं, देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को समझने का जरिया भी है। भारत में जनगणना की जड़ें वैसे तो कौटिल्य के अर्थशास्त्र से जुड़ी हैं, लेकिन आधुनिक पद्धति की शुरुआत ब्रिटिश काल में हुई। पहली गैर तुल्यकालिक जनगणना सन् 1872 में हुई थी, लेकिन यह जनगणना पूरे देश में एक साथ नहीं की गई थी। पहली पूर्ण जनगणना सन् 1881 में लॉर्ड रिपन के समय में पूरे देश में एक साथ हुई। तभी से हर 10 साल में एक बार जनगणना कराने की परंपरा शुरू हुई। वर्ष 2011 तक भारत में 15 बार जनगणना हो चुकी है। स्वतंत्रता के बाद अब तक सात और ब्रिटिश काल में आठ बार जनगणना हुई जिसमें 1921 को महान विभाजक वर्ष कहा जाता है क्योंकि तब जनसंख्या वृद्धि दर ऋणात्मक थी। वर्ष 2021 की जनगणना कोविड-19 के कारण टल गई थी।

# भारत में जनगणना



### जनगणना के नियम और कानूनी ढांचा

- जनगणना अधिनियम 1948 मुख्य कानून है, इसे तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने पेश किया था।
- संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ सूची का विषय है। यानी इसे केंद्र सरकार ही करा सकती है।
- गृह मंत्रालय के अधीन महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त इस प्रक्रिया का संचालन करने के जिम्मेदार होते हैं।
- जनगणना के दौरान ली गई जानकारी बेहद गोपनीय होती है, इसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकते।
- हर नागरिक के लिए सवालों का सही जवाब देना कानून के तहत अनिवार्य, गलत जानकारी देने पर दंड का प्रावधान।

### जनगणना के दो चरण

- **मकान सूचीकरण** : इसमें घरों की स्थिति और उनमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली जाती है।
- **जनसंख्या गणना** : लोगों की उम्र, लिंग, साक्षरता, व्यवसाय व धर्म जैसी जानकारी जुटाई जाती है।

### वर्ष 2011 की जनगणना

- इसमें भारत की आबादी लगभग 121.08 करोड़ दर्ज की गई थी।
- उस समय भारत दुनिया की कुल आबादी का 17.5% हिस्सा था।
- 2001 से 2011 के बीच देश की जनसंख्या 17.7% की दर से बढ़ी।
- औसत साक्षरता 2001 में 64.8% थी जो 74.04% हो गई थी थी।

**ये थे खास तथ्य**

- वर्ष 2011 की जनगणना में पहली बार ट्रांसजेंडर को अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया गया था।
- उत्तर प्रदेश की आबादी 20 करोड़ थी, यह दुनिया के 5वें सर्वाधिक आबादी वाले देश के बराबर है।

### लिंगानुपात

वर्ष 2001 में प्रति 1,000 पुरुषों पर 933 महिलाएं थीं जो 2011 में 943 हो गईं। सबसे अच्छा लिंगानुपात केरल में 1084 और सबसे कम 879 का हरियाणा में था। 2011 में शून्य से 6 वर्ष का बाल लिंगानुपात चिंताजनक ढंग से गिरकर 919 पर आ गया था।

### इस बार जनगणना में क्या खास

- नागरिकों के पास इस बार मोबाइल एप या वेब पोर्टल पर अपना विवरण खुद भरने का विकल्प होगा।
- जो सरकारी कर्मचारी घर-घर आएंगे, वे फॉर्म के बजाय स्मार्टफोन और टैबलेट पर डेटा दर्ज करेंगे।
- सरकार का लक्ष्य जनगणना के डेटा को जन्म-मृत्यु पंजीकरण और चुनावी रोल के साथ जोड़ने का है।
- कोई व्यक्ति 18 वर्ष का होगा, तो उसका नाम स्वतः मतदाता सूची में जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
- मृत्यु होने पर डेटाबेस से नाम हटाना आसान होगा, सरकारी योजना का लाभ सही आदमी तक पहुंचेगा।
- अब तक एससी-एसटी का डेटा ही अलग से लिया जाता था, इस बार ओबीसी का भी डेटा अलग होगा।

# ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में

## सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने की कानून बनाने के लिए विधेयक लाने की घोषणा

- परमाणु रुख को कड़ा कर अप्रसार संधि से हटने का भी दिया संकेत

तेहरान, एजेंसी

ईरान सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर कड़ा नियंत्रण करने की तैयारी में है। ईरानी सांसद एक ऐसा विधेयक लाने की कोशिश कर रहे हैं जो पारगमन शुल्क (ट्रांजिट टोल) और गुजरने वाले जहाजों के लिए अनिवार्य मंजूरी सहित एक नई नियामक प्रणाली पेश करेगा। वरिष्ठ ईरानी सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने कहा कि इस कानून को ईरानी संसद (मजलिस) की ओर से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और यह कानून लागू होने के बाद ईरान की अनुमति के बिना किसी भी जहाज को इस जलमार्ग से गुजरने नहीं दिया जाएगा।

प्रस्तावित कानून के तहत, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा और संबंधित सेवाओं के बदले शुल्क देना होगा। एसएनएन टीवी चैनल ने बोरुजेर्दी के हवाले से कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य पर हमारा पूर्ण नियंत्रण है। मजलिस द्वारा विधेयक अपनाए जाने के बाद जल्द एक नई प्रणाली इस जलमार्ग को नियंत्रित करेगी। यह कदम ईरानी संसद की नागरिक मामलों की समिति के अध्यक्ष मोहम्मद रजा रजाई कूची की पिछली टिप्पणियों के बाद आया है, जिन्होंने पुष्टि की थी कि पारगमन शुल्क लगाने का कानून प्रक्रिया में है।

बोरुजेर्दी ने ईरान के परमाणु रुख को कड़ा करने का भी संकेत दिया और कहा कि ईरान के लिए परमाणु अप्रसार संधि से हटने का समय आ गया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हाल के हमलों के बाद यह समझौता अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। होर्मुज पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह खर्ग द्वीप पर कब्जा करना पसंद करेंगे जहां से ईरान का 90 प्रतिशत तेल गुजरता है।



इजराइल के शेफाराम शहर में ईरान के मिसाइल हमले के बाद क्षतिग्रस्त एक घर।

### आर्थिक आतंकवाद शुरू कर रहा है ईरान : यूएई

होर्मुज से संबंधित इस प्रस्तावित कानून की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अहमद अल जाबेर ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को हथियार बनाने का कोई भी प्रयास आर्थिक आतंकवाद के समान होगा, जिसके वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा, जब ईरान होर्मुज पर नियंत्रण स्थापित करेगा तो हर देश को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान ने यह भी कहा कि मौजूदा संघर्ष ने उसकी सांस्कृतिक विरासत को नुकसान पहुंचाया है। इस युद्ध के दौरान लगभग 131 ऐतिहासिक स्थल और 64 पर्यटन स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी में आग लगी

**दुबई।** ईरान के मिसाइल हमले के बाद उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में बाजार तेल रिफाइनरी में सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल के वीडियो में बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे बाद में इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने बुझा दिया। हमले में एक औद्योगिक भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइल के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकलकर्मी आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के साथ संभावित रूप से फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं।

### स्पेन: अमेरिकी विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद

**मैड्रिड।** रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। रोबल्स ने कहा, यह बात शुरू से ही स्पष्ट कर दी गई थी। इसलिए ईरान युद्ध से संबंधित किसी भी कार्रवाई के लिए स्पेन के हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन सरकार पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली सैन्य कार्रवाई की सबसे मुखर आलोचक रही है।

# हम खुश, ईरान और अमेरिका ने मध्यस्थता के लिए हमें चुना

- पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा- जल्द होगी शांति समझौते के लिए वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।



ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान में से किसी ने तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। डार ने कहा, पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भरोसा जताया है। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे।

### लेबनान : तीन हफ्ते में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख लोगों ने घर छोड़ा

**यूनिसेफ की रिपोर्ट**

बेरूत। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है। प्रभावित लोगों में 3,70,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं।

यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19,000 बच्चे घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है, मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजराइल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले गाजा मॉडल को दोहराने के प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। कई तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं।

### इजराइल की संसद में बजट पारित, कार्यकाल पूरा कर सकेंगे नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से उबर नहीं पाया है।

# लिव इन में रहने वालों को माना जाएगा वैवाहिक दंपती के समान

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनगणना के पहले चरण के लिए 33 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी

भारत में जनगणना के सिलसिले में स्वगणना पोर्टल पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में कहा गया है कि अगर सहजीवन यानी लिव इन में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपती के समान माना जाए।

जनगणना के दौरान स्वगणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची दी गई है ताकि लोग देश की 16वीं जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवालों का आसानी से उत्तर दे सकें। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा, यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए।

सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। पहले चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों में घर के फर्श और छत में इस्तेमाल सामग्री, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, परिवार के मुखिया का लिंग, उपभोग किए जाने वाले अनाज का प्रकार, बुनियादी और आधुनिक आवश्यकताओं तक पहुंच और स्वामित्व वाले वाहनों के प्रकार शामिल होंगे।

### ऐसे होगी प्रश्नों की शुरुआत

प्रश्नों की शुरुआत भवन संख्या (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकरण या जनगणना संख्या), जनगणना मकान संख्या, और घर के फर्श, दीवार और छत में उपयोग की गई प्रमुख सामग्री पूछने से होगी। इसके बाद गणनाकर्ता घर के उपयोग, उसकी स्थिति, और उसमें सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के बारे में पूछेंगे। अधिकारी परिवार के मुखिया के बारे में नाम और लैंगिक पहचान की जानकारी भी एकत्र करेंगे।

# पटरी पर गिरा यात्री, दिल्ली में डेढ़ घंटे थमी रही मेट्रो सेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर गिर जाने के कारण मेट्रो सेवाएं करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रहीं। इस बीच मेट्रो का इंतजार कर रहे यात्रियों की प्लेटफॉर्मों पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई गई।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर होने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं के संचालन में देरी हुई। डीएमआरसी ने कहा कि घटना के बाद सुरक्षा कारणों से येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं को नियंत्रित किया गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में इस कॉरिडोर के कई स्टेशन पर मेट्रो के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ गया और भीड़ एकत्रित हो गई।



- मेट्रो के इंतजार में प्लेटफॉर्मों पर इकट्ठी हुई यात्रियों की भारी भीड़

डीएमआरसी के अनुसार, करीब डेढ़ घंटे बाद येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल कर दी गईं। दिल्ली पुलिस की मेट्रो इकाई ने एक बयान में कहा कि विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर 52 वर्षीय एक व्यक्ति पटरी पर गिरने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी स्टेशन नियंत्रक से मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मेट्रो कर्मियों द्वारा घायल को हिंदू राव अस्पताल भेजा जा चुका था। घायल की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो करावल नगर के निवासी हैं। अस्पताल में उन्होंने पुलिस को बताया कि प्लेटफॉर्म के किनारे खड़े रहने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गए।

## बडगाम : बीएसएफ जवान के घर में मिले नशीले पदार्थ, अफसरों ने शुरू की जांच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल के खिलाफ उसके आवास से संदिग्ध नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद मामला दर्ज किया है।

प्राथमिकी रविवार को बडगाम थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज की गई। यह कार्रवाई बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर मुख्यालय, हुमहामा की ओर से शिकायत पर की गई। उन्होंने बताया 28 मार्च की शाम बीएसएफ अधिकारियों ने 112 बटालियन के एक कांस्टेबल के हुमहामा स्थित आवास पर तलाशी ली जिसमें 2.3 किलो गांजा और एक सिम कार्ड सहित एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## वानूआतू के समीप आया 7.3 तीव्रता का भूकंप

**वेलिंगटन।** दक्षिण प्रशांत महासागर में वानूआतू के समीप सोमवार को जबर्दस्त भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किमी की गहराई पर था। कम गहराई पर आने वाले भूकंप सतह पर अधिक तीव्रता से महसूस किए जाते हैं। यह भूकंप वानूआतू के लुगानविले से लगभग 35 किमी उत्तर-पूर्व में आया। हालांकि भूकंप के कारण किसी प्रकार की क्षति या सुनामी लहरों की कोई खबर नहीं है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों के प्रति समर्पित रहेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**वृष** — आज सरकारी नियमों के पालन में सावधानी रखें। अनावश्यक यात्राओं से बचें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन** — आज आय के साथ आपके खर्च अचानक बढ़ सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में सावधानी बरतनी अत्यन्त आवश्यक है।

**कर्क** — आज नए कार्यों को आरंभ करना उचित नहीं है। पैरों में चोट लग सकती है। कार्यक्षेत्र में ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। बच्चों से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा।

**कन्या** — आज कानूनी मामलों में समझौता हो सकता है। अटकी हुई परियोजनाएं पुनः प्रारम्भ हो सकती हैं। अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ेगा।

**तुला** — आज आप एक साथ अनेक कार्य करना पसंद करेंगे। पिछले काफी समय से उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — आज आकस्मिक खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। लोग आपको स्वार्थी समझ सकते हैं। कब्ज और गैस के कारण आपकी दिनचर्या खराब हो सकती है।

**धनु** — आज जीवनसाथी के साथ रिश्तों को लेकर प्रेम भाव बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**मकर** — आज अपनी जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा।

**कुंभ** — आज प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यन्त उत्तम है।

**मीन** — आज नए निवेश करने में सावधानी रखने की आवश्यकता है। नजदीकी लोग आपसे शत्रुवत व्यवहार रख सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 31 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 06.55 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 03.20 तक तत्पश्चात उत्तरफाल्गुनी।

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

### सुडोकू -105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

## नेपाल में ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। इस बीच, प्राधिकारियों ने धन शोधन को लेकर तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और उसके सहयोगी संगठनों एवं छात्र इकाइयों के सैकड़ों कार्यकर्ता सोमवार सुबह नया बनेश्वर क्षेत्र में इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं।

**रक्षा उपलब्धि** | सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने निर्मित किए हैं तीनों जहाज

# भारतीय नौसेना को मिले तीन जहाज, बढ़ेगी सामरिक ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना को सोमवार को सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) की ओर से निर्मित तीन नए जहाज प्राप्त हुए। दूनागिरि, संशोधक और अग्रय नाम के इन जहाजों से नौसेना की समग्र युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

दूनागिरि, प्रोजेक्ट 17ए के तहत नीलगिरी श्रेणी का पांचवां जहाज है और इस श्रेणी का दूसरा पोत भी है। प्रोजेक्ट 17ए के अंतर्गत बनाए गए ये जहाज बहुउद्देश्यीय प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस जहाज का नाम पुराने आईएनएस दूनागिरि से लिया गया है, जो एक लीएंडर श्रेणी का फ्रिगेट था और 1977 से 2010 तक भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहा।

इस पोत में ब्रह्मोस मिसाइल, रॉकेट और टॉरपीडो जैसे शक्तिशाली हथियारों का समावेश किया गया है। संशोधक एक सर्वेक्षण पोत है जो यह बंदरगाहों के तटीय और गहरे समुद्री क्षेत्रों का पूर्ण स्तर पर हाइड्रोग्राफिक सर्वे करने में सक्षम है। 110 मीटर लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरण हैं। इसी श्रेणी के अन्य जहाज़ आईएनएस संधायक, आईएनएस निर्देशक और आईएनएस इक्षाक को क्रमशः फरवरी 2024, दिसंबर 2024 और नवंबर 2025 में सेवा में शामिल किया गया था।



### क्रूज मिसाइलों व उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस है दूनागिरि

नौसेना ने एक बयान में कहा कि पोत विध्वंसक ब्रह्मोस और जमीन पर हमला करने वाली क्रूज़ मिसाइलों के साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस दूनागिरि नौसेना की मारक और रक्षा क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण प्रतिबिंब है। बयान के अनुसार, जीआरएसई द्वारा निर्मित चार बड़े सर्वेक्षण पोतों में से अंतिम 'संशोधक' नौसेना की सर्वेक्षण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का परिचायक है। जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी जलयानों में से एक 'अग्रय' को तटीय जलक्षेत्र में अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है।



श्रेयस अय्यर के लिए आईपीएल की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं अधिक है जिससे वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। मैं उनकी आंखों में उनके जुनून को देख सकता हूं।
–रिकी पोंटिंग, मुख्य कोच, पंजाब किंग्स


# स्टेडियम

मुरादाबाद, मंगलवार, 31 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

पंजाब किंग्स
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

**औरेंज कैप**



रियन रिकलटन
मुंबई 81 रन
ईशान किशन
हैदराबाद 80 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 78 रन

**पर्पल कैप**



जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट
शार्दुल ठाकुर
मुंबई 3 विकेट
रोमारियो शैफर्ड
आरसीबी 3 विकेट

**हाईलाइट**

## यानिक सिनर ने लेहेका को हराकर जीती मियामी ओपन



**मियामी गार्डन्स।** यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया। सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था। पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

## फखर जमां, अफरीदी और रजा ने आरोपों को खारिज किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। 35 वर्ष के फखर को मैच रैफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आचार संहिता की धारा 2.14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था। जमां को पीएसएल के अनुच्छेद 41.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद गेंद की स्थिति को बदलने वाली किसी भी हरकत पर रोक लगाता है।

## मिहिका और अर्जुन अमेरिकी ओपन के लिए पिकलबॉल टीम में

**मुंबई।** मिहिका यादव और अर्जुन सिंह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें नौ से 18 अप्रैल तक फ्लोरिडा के नेपल्स में होने वाले अमेरिकी ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। टीम के अन्य सदस्यों में पूर्वांश पटेल (ओपन), आदित्य सिंह (ओपन), नागा मोक्षा (लड़कियां अंडर-18), जीत सूद (अंडर-16) और युवराज सिंह (अंडर-16) शामिल हैं। भारतीय पिकलबॉल संघ ने सोमवार को विज्ञप्ति में बताया कि इसमें सब-जूनियर वर्ग में पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ के अलावा सूर्यवीर सिंह भुल्लर (पुरुषों के 50 से ज्यादा उम्र के युगल और मिश्रित युगल) भी शामिल हैं। टीम को धीरेन पटेल कोचिंग देंगे जो 40 से ज्यादा उम्र के पुरुषों के प्रो एकल में भी हिस्सा लेंगे। भारतीय संघ और अमेरिकी ओपन के बीच साझेदारी की वजह से भारतीय खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिल जाएगा।

# वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा

### आईपीएल-2026 : बारिश के कारण पिच में आए बदलाव का रॉयल्स के तेज गेंदबाजों ने उठाया लाभ




वैभव सूर्यवंशी।

गुवाहाटी, एजेंसी

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वैभव सूर्यवंशी (52) और यशस्वी जायसवाल (नाबाद ) की पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सोमवार को इंआईपीएल के तीसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 47 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की।

वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने 128 रनों के छोटे से लक्ष्य को अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से उड़ाते हुए महज 6.2 ओवरों में 75 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें अंशुल काम्बोज ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 17 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर काम्बोज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। ध्रुव जुरेल ने नौ गेंदों में चार चौकों की मदद से 18 रन बनाये। इसके बाद आरआर ने 12.1 ओवरों में दो विकेट पर 128 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने 36 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली और रियान पराग ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद

**15 गेंदों पर वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतक पूरा किया**

14 रन बनाये। इससे पहले आज यहां आरआर के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 19.4 ओवरों में 127 रन पर समेट दिया था। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। संजू सैमसन और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ छह-छह रन बनाकर आउट हुये। आयुष म्हात्रे अपना खाता भी नहीं खोल पाये। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट पांच रन बनाकर आउट हुये। सरफराज खान और कार्तिक शर्मा ने पारी को संभाले का प्रयास किया। लेकिन रवींद्र जडेजा और बृजेश शर्मा ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। सफराज खान ने 17 और कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाये। शिवम दुबे (छह) का रवींद्र जडेजा ने शिकार किया। नूर अहमद एक रन बनाकर आठवें विकेट के रूप में आउट हुये। मैट हेनरी पांच रन बनाकर आउट हुये। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर जेमी ओवर्टन के रनआउट होने के साथ चेन्नई सुपर किंग्स की पारी 127 रन के स्कोर पर सिमट गई। जेमी ओवर्टन और अंशुल काम्बोज ने 10वें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। जेमी ओवर्टन ने 36 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 43 रनों की पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिये। बृजेश शर्मा और कार्तिक शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

**127/10** (19.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो बर्गर | 06 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो आर्चर | 06 |
| आयुष महात्रे स्टं. जुरेल बो बर्गर | 00 |
| मैथ्यू शॉर्ट का जायसवाल बो संदीप | 02 |
| सरफराज खान पगबाधा जडेजा | 17 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बृजेश | 18 |
| शिवम दूबे का बिश्नोई बो जडेजा | 06 |
| जैमी ओवरटन रन आउट | 43 |
| नूर अहमद का जुरेल बो आर्चर | 01 |
| मैट हेनरी का एवं बो बिश्नोई | 05 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-19-2, बर्गर 4-0-26-2, बृजेश 3-0-17-1, संदीप 2.4-0-22-1, बिश्नोई 3-0-16-1, जडेजा 3-0-18-2

**राजस्थान रॉयल्स**

**128/2** (12.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 38 |
| सूर्यवंशी का सरफराज बो कंबोज | 52 |
| ध्रुव जुरेल बो कंबोज | 18 |
| रियान पराग नाबाद | 14 |

गेंदबाजी : हेनरी 3-0-40-0, खलील 3-0-17-0, कंबोज 3-0-27-2, नूर 2-0-24-0, ओवरटन 1-0-14-0, शॉर्ट 0.1-0-1-0

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 4. सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 5. चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 6. दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 7. गुजरात टाइटंस | - | - | - | - | - | - |
| 8. लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |
| 9. पंजाब किंग्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. राजस्थान रॉयल्स | - | - | - | - | - | - |

## रोहित शर्मा 2.0 अपना दबदबा बनाने के लिए तैयार : कुंबले

**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में रोहित शर्मा के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि रोहित का '2.0 अवतार' पूरे टूर्नामेंट में विरोधी टीमों के लिये चिंता का सबब रहेगा। 38 वर्ष के रोहित ने 38 गेंद में 78 रन बनाये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। कुंबले ने स्टार स्पोर्टस' से कहा लगता है कि रोहित शर्मा अपने 2 .0 अवतार में आ गए हैं । उनकी पारी से साबित हो गया है कि वह फिर से अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे उनके कैरियर के शीर्ष दिनों की याद आ गई। उन्होंने कहा वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे



गेंदबाजों को छक्के लगाना आसान नहीं है लेकिन उसने इसे आसान बना दिया। उसने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और ब्रेक के बाद लौटने पर लय और टाइमिंग हासिल करने में पांच से सात दिन लगते हैं। कुंबले ने कहा वह शानदार पारी थी। छक्के आसानी से लग रहे थे । इस पारी ने साबित कर दिया कि रोहित का यह अवतार आईपीएल की बाकी टीमों के लिए चिंता का सबब होगा।

## सूर्या को इंपैक्ट सब के तौर पर एहतियातन इस्तेमाल किया गया : जयवर्धने

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम के पहले आईपीएल मैच में चोट के कारण 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया गया और इसमें कोई गैर जरूरी कहानी बनाने की जरूरत नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार ने फील्डिंग नहीं की और आठ गेंद में 16 रन बनाए। मुंबई ने केकेआर को छह विकेट से हराया। मैच के बाद जयवर्धने से पूछा गया कि पिछले सत्र में भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बाद क्या अब सूर्यकुमार यादव को 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया जायेगा, इस पर उन्होंने कहा उम्मीद है कि कोई अवांछित कहानी नहीं बनाई जाएगी। टीम खुश है । उसे अतिरिक्त ब्रेक दिया गया था जो वह चाहता था। उन्होंने कहा उसे मामूली सी जकड़न है और वह फील्डिंग वगैरह कर रहा था । मुझे पता है कि अगले मैच में पांच दिन का समय है तो उसे अतिरिक्त समय देना चाहता था। वह तीन चार ओवर फील्डिंग के लिये तत्पर था



लेकिन मैने मना किया। जयवर्धने ने कहा इसलिए प्लीज कोई कहानियां मत बनाइये। मैने कहा कि एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया था । ये काफी अनमोल खिलाड़ी हैं और ये फैसले सोच समझकर लिये जाते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि आखिरकार मुंबई इंडियंस ने पहला मैच हारने का सिलसिला तोड़ा । रोहित (78) और रियान रिकेलटन (81) की पारियों के दम पर मुंबई ने 221 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। कोच ने कहा यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था। मुझे लगा कि 220 रन का स्कोर ज्यादा था और हमने 20 रन फालतू दिये लेकिन जिस तरह से रोहित और रियान ने बल्लेबाजी की, देखकर बहुत अच्छा लगा।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर को पता है कि ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यो नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया कैमरन को कमर में चोट लगी थी जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10 .12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पायेगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है। ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की । उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी । पूरे विश्व कप में वह 19 गेंद ही डाल सके। केकेआर ने 25 .20 करोड़ रुपये में ग्रीन को खरीदा था।

# खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

मुल्लांपुर, एजेंसी

भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा।

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाये हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है । गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जायेगी। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का



शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर।

जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाये थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं पर घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे। पंजाब किंग्स के लिये एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिये आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाये थे।

- **गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला आज**

**टीम**

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार, मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे व विशाल निषाद।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया, राशिद खान।

## भज्जी ने की रहाणे की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा के खिलाफ सुनील नारायण का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे की आलोचना की।

रोहित तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 38 गेंद में 78 रन बनाए और सलामी जोड़ीदार रेयान रिकलटन (81 रन) के साथ 72 गेंद में 148 रन की भागीदारी की। तब रहाणे ने नारायण का इस्तेमाल नहीं किया जबकि मुंबई इंडियंस के इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ इस गेंदबाज का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। सबसे अच्छा मुकाबला यह होता कि पावरप्ले में नारायण से गेंदबाजी कराई जाती, कम से कम एक या दो ओवर तो जरूर ताकि रोहित को शुरुआत में ही निशाना बनाया जा सके। विकेट लेकर मुंबई पर दबाव बनाने का उनके पास यही सबसे अच्छा मौका था। बल्कि नारायण ने अपने कोटे के पूरे ओवर भी नहीं फेंके, जिससे पता चलता है कि कप्तानी उस स्तर की नहीं थी।

# हुनर साबित करने के लिए मैं नहीं खेल रहा : रहाणे

मुंबई, एजेंसी

अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिये क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिये नहीं।

सैंतीस वर्ष के रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। वह भारत के लिए आखिरी बार 2023 में खेले थे।मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में 40 गेंद में 67 रन बनाने वाले रहाणे ने कहा लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए।



वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं। उन्होंने कहा मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं । मैं किसी को यह साबित करने के लिये नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं । लोग देख रहे हैं। उन्हें देखने दीजिये और बोलने दीजिए। उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं कि पिछले दो तीन साल में सफेद गेंद के प्रारूप में मेरा खेल बेहतर हुआ है। एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं।

**एशियाई खेल**

**पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर दे रहीं खास ध्यान**

# तीरंदाज कोमोलिका की निगाहें भारतीय टीम में चयन पर

रायपुर, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं।

विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ में पहुंचने के



बाद कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। वह पुणे में चल रहे शिविर में अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं।

उन्होंने 'साई मीडिया' से कहा, मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां चल रहे पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में तीरंदाजी स्पर्धा की मुख्य आकर्षण हैं।

कोमालिका ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है।

## शॉटगन विश्व कप में वापसी की कोशिश करेंगे ट्रैप निशानेबाज

**टैंगियेर (मोरक्को)।** भारतीय ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के फिर से शुरू होने पर स्कीट निशानेबाजों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। सत्र के पहले शॉटगन विश्व कप में पुरुष और महिला स्कीट टीम का प्रदर्शन फीका रहा था, जहां अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कोई भी भारतीय निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। भवनेश मेंदीरत्ता जैसे खिलाड़ी सत्र की सकारात्मक शुरुआत करने के इरादे से उतरेंगे, क्योंकि इस साल जापान में एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप भी होने हैं।